e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 118

मंगलवार

30.04.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

अच्छे कार्य की शुरुआत करने के लिए किसी मंदिर या मस्जिद में जाने की आवश्यकता नहीं होती है।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ ने 2.2 करोड़ की हेरोइन जब्त की

**नई दिल्ली :** बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमांत ने देश में हो रहे लोकसभा चुनाव के चलते भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर चौकसी बढ़ा दी है। सीमा चौकी डीएमसी, 149वीं वाहिनी ने जिला मुर्शिदाबाद की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी को विफल करते हुए 2.2 किलो हेरोइन जब्त की। तस्कर इसे भारत से बांग्लादेश में तस्करी की करने की फिराक में थे। जब्त हीरोइन का कुल बाजार मूल्य 2.2 करोड़ बताई गई है।

### अरब सागर में 73 किलो नशीला पदार्थ बरामद

**नई दिल्ली :** भारतीय तटरक्षक ने एटीएस गुजरात के साथ मिलकर अरब सागर में एंटी नार्को ऑपरेशन चलाया। इस संयुक्त अभियान में 173 किलो नशीला पदार्थ बरामद किया गया। अधिकारियों ने इस मामले में मछली पकड़ने वाली नाव समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। यह अभियान 28 अप्रैल को एक पाकिस्तान मछली पकड़ने वाली नाव को जब्त करने के बाद चलाया गया था।

### बंगाल में ईडी दफ्तरों की सुरक्षा में लगी सीआईएसएफ

**कोलकाता :** संदेशखाली घटना से सीख लेते हुए ईडी के हर दफ्तर में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल यानी सीआईएसएफ तैनात की जाएगी। हाल ही में केंद्रीय जांच एजेंसी पर हुए हमले के बाद गृह मंत्रालय ने ईडी दफ्तर में सीआईएसएफ तैनात करने का फैसला किया है।प्रवर्तन निदेशालय या ईडी के कुल 40 शहरों में 21 जोनल और 18 सब-जोनल कार्यालय हैं। इसका मुख्यालय दिल्ली में है, जहां सीआईएसएफ पहले से ही तैनात है।सूत्रों के मुताबिक, गृह मंत्रालय ने कोलकाता स्थित ईडी दफ्तरों में सीआईएसएफ जवानों की तैनाती का आदेश दिया है।

### उत्तराखंड के जंगलों में आग का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को दो बड़े मामलों में तत्काल सुनवाई की मांग की गई। इनमें एक मामला उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग से जुड़ा है। दरअसल, कोर्ट में एक याचिका का जिक्र करते हुए जंगल की आग के मुद्दे पर तुरंत सुनवाई का आग्रह किया गया। इस पर कोर्ट ने वकील से एक ईमेल भेजने को कहा और इस पर विचार करने का आश्वासन दिया। इस पर वकील ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में जंगल की आगों को लेकल पिछले चार वर्षों से तीन याचिकाएं लंबित हैं।

### जैक आज जारी करेगा इंटर का रिजल्ट

**रांची:** झारखंड एकेडमिक काउंसिल आज 30 अप्रैल को इंटर के सभी संकाय का रिजल्ट जारी करेगा. जैक सभागार में 11 बजे इंटर कला, वाणिज्य, विज्ञान एवं व्यवसायिक का रिजल्ट जारी होगा. इस वर्ष इंटर साइंस में 94,433, इंटरआर्ट्स में 2,24,502 और इंटर वाणिज्य में 25,907 परीक्षार्थी शामिल हुए थे. पिछले साल साइंस में 81.45 फीसदी छात्र-छात्रा सफल हुए थे. आर्ट्स में सफलता का प्रतिशत 95.97 था, जबकि कॉमर्स में 88.60 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए थे. रिजल्ट जारी करने को लेकर जैक ने तैयारी पूरी कर ली है. बता दें कि 19 अप्रैल को जैक ने मैट्रिक का परीक्षाफल जारी किया था. इसमें 91 प्रतिशत लड़कियों ने बाजी मारी थी, जबकि लड़कों की सफलता का प्रतिशत 89.70 प्रतिशत था.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 40° |
| न्युनतम | 26° |

कल्पना सोरेन के नामांकन में शिबू सोरेन, सीएम चंपाई सोरेन सहित कई दिग्गज हुए शामिल

# झारखंड में आरक्षण समाप्त करना चाहती है भाजपा : कल्पना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया। इससे पूर्व समाहरणालय परिसर स्थित फुटबॉल मैदान में जनसभा का आयोजन किया गया। सभा में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन उपस्थित हुए। गिरिडीह के पपरवाटांड़ फुटबॉल मैदान में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि झारखंड को आगे बढ़ाने का सपना हेमंत सोरेन और उनके सरकार के सहयोगियों ने देखा था। उसे हम सब को पूरा करना है। कहा भाजपा वाले झारखंड की अस्मिता को खत्म करना चाहते हैं। झारखंड को बचाने के लिए आप सभी को इंडिया गठबंधन को मजबूती देना होगा। अपने संबोधन के दौरान कल्पना सोरेन भाजपा पर जमकर हमलावर हुई। उन्होंने कहा कि भाजपा झारखंड में आरक्षण समाप्त करना चाहती है। सीएनटी एसपीटी एक्ट के साथ खिलवाड़ करना चाहती है। अपना हक मांगने पर भाजपा वाले लोगों को जेल में डालने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड का एक लाख छत्तीस हजार करोड़ रुपया जब केंद्र सरकार से मांगा गया तो उन्होंने हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा अपने हक के लिए लड़ाई लड़ना होगा। कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सरकार ने राज्य में जनहित की कई योजनाओं को चलाया है, मगर भाजपा और उनके सहयोगी जनता को गुमराह करने कर उन योजनाओं को अपना बता रहे हैं।

उन्होंने जनता को बहकावे में नहीं आते हुए आगामी लोकसभा और गांडेय विधानसभा के उपचुनाव में जनता के हित में काम करने वाली सरकार के पक्ष में वोट करने की अपील की।

**2014 के चुनाव से लेकर अब तक केंद्र की भाजपा सरकार ने अपना कोई भी वादा पूरा नहीं किया : चंपाई सोरेन**

**सीएनटी एसपीटी एक्ट के साथ खिलवाड़ करना चाहती है : कल्पना सोरेन**



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो भी घोषणाएं की सब जुमला साबित हुआ

**जनता के विकास के लिए कोई काम नहीं किया भाजपा ने : चंपाई**

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि 2014 के चुनाव से लेकर अब तक केंद्र की भाजपा सरकार ने अपना कोई भी वादा पूरा नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो भी घोषणाएं की सब जुमला साबित हुआ है। उन्होंने कहा भाजपा सरकार ने जनता के विकास का कोई काम नहीं किया है।

### इनकी रही उपस्थिति

जनसभा को मंत्री आलमगीर आलम, सत्यानंद भोगता, हफीजुल हसन अंसारी, बादल पत्रलेख, बेबी देवी, बसंत सोरेन, राज्यसभा सांसद डॉक्टर सरफराज अहमद, महुआ मांझी, मिथलेश ठाकुर, राजेश ठाकुर, विधायक नलिनी सोरेन, मथुरा प्रसाद महतो बिनोद सिंह, इरफान अंसारी, सुदीव्य कुमार सोनू, अनूप सिंह आदि ने भी संबोधित करते हुए इंडिया गठबंधन को वोट करने की अपील की है।



## सुप्रीम कोर्ट ने हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर ईडी से मांगा जवाब

**नई दिल्ली :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा अपनी गिफ्तारी को चुनौती देते हुए जमानत की मांग के मामले मे दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई. सुप्रीम कोर्ट ने सोरेन की याचिका पर नोटिस जारी किया है. सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय से जवाब मांगा. अब इस मामले में ईडी को अदालत में जवाब देना है. दरअसल हेमंत सोरेन ने अंतरिम जमानत मांगी है. इस मामले में अब 6 मई को अगली सुनवाई होगी. अगर हाई कोर्ट चाहे तो इस बीच सोरेन की याचिका पर आदेश दे सकता है, जिसमें सोरेन ने गिरफ्तारी को चुनौती दी है. इस मामले की सुनवाई जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच कर रही है. पिछले दिनो सुप्रीम कोर्ट में हेमंत सोरेन की तरफ से वकील कपिल पेश हुए. कपिल सिब्बल ने कहा कि हाई कोर्ट ने हमेंत सोरेन की जमानत पर फैसला सुरक्षित रखा हुआ है. लेकिन फैसला नही सुना रहा है, जिस वजह से हेमंत सोरेन चुनावी प्रचार में हिस्सा नही ले पा रहे हैं. झामुमो नेता का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट की पीठ के समक्ष मामला उठाया था. पीठ ने उन्हें मामले को जल्द से जल्द सूचीबद्ध करने का आश्वासन दिया था.

## पीएम मोदी पर 6 साल बैन की मांग वाली याचिका खारिज



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दिल्ली हाई कोर्ट ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का हवाला देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को छह साल के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी.

याचिकाकर्ता ने पीएम मोदी पर उत्तर प्रदेश में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते समय आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था. एडवोकेट आनंद एस जोंधले द्वारा दायर याचिका में प्रधानमंत्री को छह साल की अवधि के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित करने की मांग की गई थी.

आनंद ने अपनी याचिका में कहा था कि पीएम मोदी ने 6 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के पीलभीत में एक चुनावी रैली के दौरान हिंदू देवताओं और सिख गुरुओं का जिक्र किया था. प्रधानमंत्री मोदी ने पीलभीत से भाजपा उम्मीदवार जितिन प्रसाद के समर्थन में रैली के दौरान कहा था,उन्होंने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को अस्वीकार करके राम लला का अपमान किया.

समारोह में शामिल होने वाले उनकी पार्टी के लोगों को छह साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया गया. इंडिया ब्लॉक में शामिल पार्टियों ने हमेशा अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण से नफरत की है.

### अमित शाह के फेक वीडियो केस मामले में असम से युवक गिरफ्तार, तेलंगाना सीएम को समन

**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के फेक वीडियो के मामले में सोमवार को पहली गिरफ्तारी हुई है. पुलिस ने असम से रीतोम सिंह नाम के एक शख्स को गिरफ्तार कर लिया है. इसकी जानकारी असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने ट्वीट (एक्स) करके दी है. इससे पहले इस मामले में कार्रवाई करते हुए दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को तलब किया है. उनको एक मई को पूछताछ के लिए दिल्ली बुलाया गया है.पुलिस सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को उन सभी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के साथ बुलाया है, जिनका वो इस्तेमाल करते हैं.

## ट्रूडो की मौजूदगी में खालिस्तान समर्थन नारों पर कनाडा के उप उच्चायुक्त तलब




**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारत ने कनाडा में वहां के प्रधानमंत्री और विपक्ष के नेता की मौजूदगी में खालिस्तान समर्थक नारे लगाए जाने पर कड़ा एतराज जाहिर किया है। भारत ने इस मामले में कनाडा के उप उच्चायुक्त को तलब कर इस पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। विदेश मंत्रालय ने इस संबंध में वक्तव्य जारी किया है। मंत्रालय का कहना है कि उप उच्चायुक्त से आयोजन में इस तरह की परेशान करने वाली गतिविधियों पर बिना नियंत्रित जारी रखने की अनुमति देने पर भारत सरकार की ओर से गहरी चिंता और कड़ा विरोध व्यक्त किया गया है। मंत्रालय का कहना है कि कनाडा के प्रधानमंत्री ने व्यक्तिगत रूप से कार्यक्रम को संबोधित किया और उसमें 'खालिस्तान' अलगाववादी नारे लगाए गए। यह एक बार फिर दर्शाता है कि कनाडा की राजनीति में अलगाववाद, उग्रवाद और हिंसा को स्थान दिया जा रहा है। इसमें कहा गया है कि इस तरह से अलगाव संबंधी अभिव्यक्तियां भारत-कनाडा संबंधों को प्रभावित करती ही हैं। साथ ही कनाडा में नागरिकों के लिए हिंसा और आपराधिकता के माहौल को भी बढ़ावा देती हैं। उल्लेखनीय है कि कनाडा में खालसा पंथ के स्थापना पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री और विपक्ष के नेता ने शिरकत की थी। इसमें खालिस्तान समर्थक नारे लगाए गए थे।

कर्नाटक सेक्स स्कैंडल पर भड़कीं प्रियंका गांधी, कहा

## मोदी ने जिसके लिए मांगा वोट वह दुष्कर्म कर भागा विदेश



**एजेंसी**

**बेंगलुरु :** कर्नाटक में हुए कथित सेक्स स्कैंडल को लेकर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक तीर से दो निशाने साधे हैं. सोमवार को उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आजकल महिलाओं के मंगलसूत्र और गहनों की बातें करते हैं. कर्नाटक में पीएम मोदी ने जिसके लिए वोट मांगा, उन्होंने (पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना) हजारों महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया. मैं पूछना चाहती हूं कि हमारे प्रधानमंत्री और गृहमंत्री इस बारे में क्या कहते हैं? पीएम मोदी, देश की करोड़ों महिलाएं जवाब मांग रही हैं. मंगलसूत्र पर बात करने के पहले देश की महिलाओं को जवाब दीजिए. प्रियंका गांधी वाड्रा के मुताबिक,इतना भयावह काम करने वाले के लिए पीएम मोदी ने मंच से वोट मांगा. वह आखिरकार इस पर जवाब क्यों नहीं देते? उनके पास तो हर जानकारी होती है कि कौन कहां जा रहा है? वह मेरे बारे में भी बोलते रहते हैं कि मैं कहां जा रही हूं. एक राक्षस इतना बड़ा दुष्कर्म करके विदेश भाग गया पर इन्हें पता क्यों नहीं चला? पीएम मोदी आएं और मंच पर जवाब दें. वह किसी के मंगलसूत्र पर बात करने लायक नहीं हैं. ऐसा इसलिए क्योंकि हर बार वे महिलाओं पर अत्याचार करने वाले के साथ खड़े दिखते हैं.

## झारखंड की सभी 14 सीटें जीतेगा एनडीए : मुख्यमंत्री मोहन यादव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि राज्य की सभी 14 सीटें एनडीए जीतेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भगवान कृष्ण भी मुस्कुराएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के दृढ़ संकल्प के कारण ही अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर का निर्माण हो पाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में शाहबानो मामले में भी सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया था। कांग्रेस ने इसे लागू करने का बजाये संसद में विधेयक लाकर इससे पलट दिया था। माननीय न्यायालय के फैसले को लागू करने का संकल्प और इच्छाशक्ति सिर्फ भारतीय जनता पार्टी में ही है। मुख्यमंत्री मोहन यादव सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। डॉ यादव ने कहा कि चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी की भूमिका को देश के साथ-साथ पूरी दुनिया देख रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने जीवन का हर क्षण देश के लिए समर्पित कर दिया है। दो बार देश के प्रधानमंत्री रहे लंबे समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री भी रहे। उन्होंने अपना पूरा जीवन निष्कलंक भाव से जिया है। यह हम सबों के लिए प्रेरणादायक है। प्रधानमंत्री मोदी चुनाव लड़ नहीं रहे हैं, उन्हें देश की विकास के लिए चुनाव लड़ाया जा रहा है। डॉ यादव ने कहा कि भगवान श्री राम और भगवान कृष्ण के कारण भारत का नाम पूरी दुनिया में अलग तरह से जाना जाता है। प्रधानमंत्री मोदी के 10 सालों के कार्यकाल का मूल्यांकन करेंगे तो उन्होंने काफी काम किया है।

## देश भर में एक साथ कई हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** सोमवार को देश के दो बड़े हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। एक ई-मेल के जरिए ये दावा किया गया कि जयपुर और गोवा हवाई अड्डे पर बम रखे गए हैं। ये खबर मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 29 अप्रैल 2024 एक ई-मेल मिला, जिसमें यह दावा किया गया कि जयपुर और गोवा समेत कई हवाई अड्डे पर बम रखे गए हैं। जैसे ही इसकी जानकारी मिली तो प्रशासन में हड़कंप मच गया और सुरक्षाबलों को अलर्ट कर दिया गया। सभी हवाई अड्डों की गहन जांच की जा रही है। जयपुर एयरपोर्ट पर अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। जयपुर एयरपोर्ट पर बम की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने सोमवार को संयुक्त रूप से गहन



जांच की। एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन के एसएचओ मोती लाल ने कहा कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा एयरपोर्ट अधिकारियों को बम विस्फोट की धमकी वाला एक ईमेल भेजा गया था। हवाईअड्डे की पूरी जांच की गई लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। उन्होंने कहा कि इसी तरह की धमकी 26 अप्रैल को भी दी गई थी। उन्होंने कहा कि भेजने वाले की पहचान और पता लगाने के लिए जांच चल रही है।एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि दक्षिण गोवा के डाबोलिम हवाई अड्डे पर बम पर बम होने की सूचना मिली। हवाई अड्डे के निदेशक एसवीटी धन्मजय राव ने कहा कि उनके कार्यालय को सुबह हवाई अड्डे पर बम होने के बारे में एक ईमेल मिला। हम अब अतिरिक्त सावधानी बरत रहे हैं। हवाईअड्डे पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बम निरोधक दस्ता भी एयरपोर्ट पर मौजूद है। हम निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार काम कर रहे हैं। हम ईमेल के स्रोत का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं, जो देश के अन्य हवाई अड्डों को भी मिला है। गोवा और गुजरात की तरह कोलकाता एयरपोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है। बीते तीन दिनों के अंदर यह दूसरी बार है जब एक ई-मेल के माध्यम से कोलकाता एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है।

## गढ़वा के कांडी थाना को सील करने का हाईकोर्ट ने दिया आदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुआवजे के मसले पर झारखंड हाईकोर्ट ने एक बड़ा फैसला सुनाया है. गढ़वा के कांडी थाना भवन की जमीन के मुआवजा मामले पर हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार की अदालत ने सुनवाई के बाद थाना भवन को सील करने का आदेश दिया है. अदालत ने कहा है कि जब तक मुआवजे का भुगतान नहीं होता है, तब तक थाना भवन को सील रखा जाए.दरअसल, गढ़वा का कांडी थाना भवन 5 डिसमिल जमीन पर बना है. जमीन को गैर मजरूआ कह कर थाना भवन बनाया गया था. लेकिन प्रार्थी अजय कुमार ने इस जमीन को निजी जमीन मानते हुए निचली अदालत में चुनौती दी थी. निचली अदालत ने इस जमीन को अजय कुमार सिंह की जमीन माना है. अजय कुमार सिंह ने इस जमीन पर टाइटल शूट दायर किया था. निचली अदालत ने अजय कुमार सिंह के पक्ष में फैसला दिया था. उसके बाद उन्होंने उस जमीन पर मुआवजे की मांग को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी.

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद

अब हृदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है

78083 68888 | www.asarfihospital.com

असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

# देसी कट्टा के साथ दो युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**छत्तरपुर :** छतरपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सुल्तानी घाटी से देसी कट्टे के साथ दो युवाओं को गिरफ्तार किया है 28 अप्रैल को छत्तरपुर थाना अंतर्गत सुलतानी घाटी से धोबीडीह जाने वाले रास्ते के पास दो लोग अवैध हथियार के साथ जमा हुए थे और अपराधीक घटना को अंजाम देने के फिराक में थे पुलिस अधीक्षक पलामू के आदेशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, छत्तरपुर के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया छापामारी दल के द्वारा उक्त स्थल पर पहुचने पर देखा गया की सड़क के किनारे एक बाइक के साथ दो व्यक्ति खड़े है। पुलिस बल को आते देख बाइक को छोड़कर दोनों यूवक भागने लगे। पुलिस बल की सहायता से खदेड़ कर दोनों को पकड़ा गया तथा बारी बारी से दोनों का तलाशी लिया गया। तलाशी के क्रम में दोनों के कमर से एक एक देसी कट्टा एवं दोनों के पेंट के पॉकेट से एक एक मोबाईल बरामद हुआ दोनों से पूछने पर अपना नाम सुभाष कुमार यादव उम्र- करीब 22 वर्ष पिता अजय यादव एवं छोटू कुमार यादव उम्र करीब 19 वर्ष पिता संगम यादव दोनों ग्राम गहोरा थाना-पिपरा जिला- पलामू बताया। दोनों के पास से बरामद दो देसी कट्टा, दो मोबाईल और एक मोटरसाइकिल जेएच 03आर /3023 जप्त किया गया इस संबंध में छत्तरपुर थाना कांड स0-71/24, दि0-28.04.2024, धारा- 25 (1-बी)ए/26 आर्म्स ऐक्ट दर्ज किया गया। इस छापामारी दल में नौशाद आलम डीएसपी छत्तरपुर, द्वारिका राम अंचल निरीक्षक , राजेश रंजन थाना प्रभारी छतरपुर, पु0अ0नि राहुल कुमार, सुशील उरांव, निखिल कुमार चौरसिया, घनश्याम मिश्रा, सच्चीदा कुमार पासवान, निरज कुजुर, सुभाष कुमार शामिल थे।

## भागीदारी पार्टी के प्रत्याशी जयपाल मुंडा झापा में शमिल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** खूंटी लोस क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में चुनाव लड़ने के लिए नामांकन करने वाले भागीदारी पार्टी के जयपाल मुंडा झारखंड पार्टी में शामिल हो गए है। सोमवार को अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ जयपाल मुंडा ने झारखंड पार्टी को समर्थन देने की घोषणा करते हुए पार्टी का दामन थामा। पार्टी के प्रधान महासचिव अशोक भगत, प्रत्याशी अर्पणा हंस, मो शमशाद अंसारी, पवन कुमार आदि ने सभी को पार्टी का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। विदित है कि जयपाल मुंडा का नामांकन पत्र स्कुटनी में रद्द कर दिया गया था। जिसके बाद उन्होंने झापा को साथ देने की घोषणा की थी। मौके पर जयपाल मुंडा ने कहा कि राष्ट्रीय पार्टी भाजपा और कांग्रेस लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करते है। उन्होंने कहा कि स्थानीय एवं सर्व सुलभ नेताओं को मौका मिलना चाहिए। **राष्ट्रीय पार्टी से उब चुके लोगों के लिए विकल्प बना है झापा : एनोस** झापा के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टी के सांसद की कार्यशैली से खूंटी लोस क्षेत्र की जनता नाराज है। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी को छह विस के लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। राष्ट्रीय पार्टी से उब चुके लोगों के लिए झापा ही विकल्प बना है। उन्होंने कहा कि धर्म और जाति के नाम पर राजनीति करने वाले राजनीतिक पार्टियों को इस बार कड़ा जवाब मिलेगा।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र के पोखराहा गांव निवासी संतोष कुमार साव के पुत्र छोटू कुमार और उसी गांव के राजनाथ कुमार सोमवार की सुबह सड़क दुर्घटना में गंभीर से से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगो के द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी छोटू कुमार की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वही राजनाथ कुमार को सीने में गंभीर चोट लगी है उसका भी हालत नाजुक है। वही घटना की जानकारी मिलने पर परिजन सदर अस्पताल पहुंच कर अपने देखरेख में दोनों घायलों का इलाज करवा रहे है। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि दोनों युवक सोमवार की सुबह बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहे थे।इसी बीच रास्ते में सड़क निर्माण में लगे पानी का छिड़काव कर रहे ट्रैक्टर ने इन्हे धक्का मार दिया।जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने सदर थाना की पुलिस से सड़क निर्माण में लगे ट्रैक्टर चालक से मुआवजा और कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## लोकसभा संसदीय क्षेत्र से 15 प्रत्याशी भाग लेंगे, प्रत्याशियों के बीच प्रतीक चिन्ह किया गया आवंटित

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा (अ0ज0जा0) लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त नामांकन प्रक्रिया के आज समापन के उपरांत अपराह्न 04ः00 बजे नये समाहरणालय भवन के सभा कक्ष में निर्वाची पदाधिकारी 12-लोहरदगा (अ0ज0जा0) लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र श्री कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में विशेष प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया,जिसमें उन्होंने प्रत्याशियों की अंतिम सूची एवं उन्हें आवंटित प्रतीक चिन्ह से संबंधित जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि इस बार 12 लोहरदगा (अ. ज.जा) लोकसभा संसदीय क्षेत्र से 15 प्रत्याशी भाग लेंगे जिसका प्रतीक चिन्ह भी आवंटित कर दी गई है। निर्वाची पदाधिकारी ने नॉमिटेटेड प्रत्याशियों की अंतिम सूची एवं उन्हें आवंटित प्रतीक चिन्ह की जानकारी दी। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य राजनैतिक दलों के अभियार्थियों एवं प्रतीक चिन्ह की सूची इस प्रकार है। श्री गिरजानंद उरांव (बहुजन समाज पार्टी),प्रतीक चिन्ह हाथी। श्री समीर उरांव (भारतीय जनता पार्टी), प्रतीक चिन्ह कमल। श्री सुखदेव भगत (इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी ),हाथ। राजिस्ट्रिक राजनैतिक दलों के अभियार्थी ( मान्यता प्राप्त और राजनैतिक दलों से भिन्न) एवं प्रतीक चिन्ह की सूची इस प्रकार है। श्री बिहारी भगत (पीपल्स पार्टी ऑफ़ इंडिया), प्रतीक चिन्ह फलों से युक्त टोकरी। श्री मनी मुंडा (भागीदारी पार्टी), एयरकंडीशनर। श्री महेंद्र उरांव (कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया ), प्रतीक चिन्ह बाल एवं हंसिया। श्री रामचंद्र भगत (लोकहित अधिकार पार्टी) प्रतीक चिन्ह सेव। अन्य अभियार्थी एवं उन्हें आवंटित प्रतीक चिन्ह श्री अर्जुन टोप्पो ( निर्दलीय) आवंटित प्रतीक चिन्ह केतली। श्री अर्पण देव भगत (निर्दलीय),आवंटित प्रतीक चिन्ह कैंची। श्री चमरा लिंडा (निर्दलीय),आवंटित प्रतीक चिन्ह बल्लेबाज। श्री पवन तिग्गा (निर्दलीय), आवंटित प्रतीक चिन्ह फूलगोभी। श्री मरियानूस तिग्गा (निर्दलीय),आवंटित प्रतीक चिन्ह हॉकी और बॉल। श्री रंजीत भगत (निर्दलीय), आवंटित प्रतीक चिन्ह फुटबॉल खिलाड़ी। श्री सनिया उरांव (निर्दलीय), आवंटित प्रतीक चिन्ह अलमारी। श्री स्टेफन किंडो (निर्दलीय), आवंटित प्रतीक चिन्ह आरी। प्रेस वार्ता के दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, जिला मीडिया कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अन्य संबंधित कर्मी मौजूद रहें।।

# भाजपा प्रत्यासी के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू) :** युवा भाजपा नेता अजय दुबे के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने विश्रामपुर प्रखंड के लालगढ़,भंडार और गुरी पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान के दौरान भाजपा नेताओं ने पार्टी प्रत्यासी सह निवर्तमान सांसद विष्णु दयाल राम के पक्ष में लोगों से मतदान करने का अपील किया। अजय दुबे ने कहा कि सांसद विष्णु दयाल राम का दस वर्षों का कार्यकाल विकास के नाम समर्पित रहा.पिछले दस वर्षों में पलामू लोक सभा क्षेत्र में कई ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। श्री दुबे ने लोगों को केंद्र के मोदी सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे भी विस्तृत रूप से बताया.कहा कि प्रधानात्री मोदी के नेतृत्व में देश विश्वगुरु बनने की राह पर है। मोदी सरकार ने गरीब कल्याण हेतु कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा प्रत्यासी विष्णु दयाल राम भरी मतों से चुनाव जीतेंगे। मौके पर जिला कार्य समिति सदस्य शंभू शरण सिंह, भाजपा नेता बैजनाथ सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण मुरारी सिंह, अनिल कुमार, अनुज ओझा, गुलाब चौधरी, देवेंद्र चौधरी, शिवनाथ राम, छोटू ठाकुर, रोशन चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

## रेल ट्रैक के समीप मिला युवक का शव, हत्या की आशंका



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहम्मदगंज कोसियारा रेलवे स्टेशन के बीच माली रेलवे क्रॉसिंग के पास रेलवे ट्रैक से 20 फीट की दूरी पर सोमवार की सुबह एक युवक का शव मिला है। इसकी सूचना ग्रामीणों ने मोहम्मदगंज पुलिस को दी। सूचना पाकर थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी के निर्देशानुसार एएसआई बिपिन ठाकुर घटनास्थल पहुँचे। उन्होंने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया है। युवक की पहचान माली गांव निवासी नितेश कुमार उम्र 26 वर्ष, पिता राजेश्वर पासवान के रूप में हुई है। मृत युवक का घर घटना स्थल से महज 150 मीटर की दूरी पर है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। वही स्वजनों ने हत्या की आशंका जताई है। हालांकि घटना किस कारण हुई है, इस पर कोई खुल कर कुछ नही बोल रहा है। मृतक के पिता राजेश्वर पासवान ने बताया कि नितेश कुमार रविवार की रात्रि में 10 बजे खाना खाकर बाहर निकाला था। जिसके कुछ देर बाद उसका फोन ऑफ बताने लगा। रात्रि में एक बजे वह आसपास काफी खोजबीन किए, लेकिन कुछ पता नही चल सका। अहले सुबह करीब 5 बजे रेलवे ट्रैक के पास शव होने की सूचना मिली। जिसे देख कर उनके होश उड़ गए। थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी ने बताया कि घटना संदेहास्पद है। यह हत्या है या दुर्घटना, पुलिस मामले की अग्रेतर करवाई व छानबीन में जुट गई है। जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जायेगा।

## टॉप 10 विद्यार्थियों को 15 मई को किया जाएगा सम्मानित

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चंपी के6 भैया बहनों ने संकुल टॉप टेन में स्थान सुनिश्चित कर कुडू प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चंपी सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में अवस्थित है। विद्या भारती विद्यालय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चंपी टॉप टेन में इस विद्यालय के 6 भैया बहनों ने अपना स्थान सुनिश्चित किया है जिसके सम्मान के लिए विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा मनोहर लाल अग्रवाल इंटर कॉलेज लोहरदगा में 15 मई 2024 को 10:00 बजे से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें बड़की चापि से बहन चंद्रकला कुमारी, बहन श्रुति कुमारी, बहन हेमा कुमारी, भैया पवन कुमार, भैया रचित कुमार और भैया लव प्रजापति टॉप 10 में स्थान सुनिश्चित किया है जिनका सम्मान समारोह उपर्युक्त तिथि को आयोजित है। जिला में टॉप टेन में स्थान बनाकर विद्यालय तथा इस क्षेत्र का नाम रोशन किया है इसके लिए विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भूषण प्रसाद,सचिव यदुनंदन तिवारी, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार अग्रवाल और समस्त समिति के पदाधिकारी प्रधानाचार्य मनोहर मोदी आचार्य दीदी जी अपने भैया बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# दुकान में लगी आग, एक लाख की संपत्ति जलकर खाक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय के बाजार परिसर स्थित एक दुकान में रविवार की देर शाम आग लग गई। जिससे पूरा दुकान और उसमे रखा सामान सहित पांच हजार नकद व कई जरूरी कागजात जलकर खाक हो गया। मिली जानकारी के अनुसार अंदिप कुमार किराना व अंडा दुकान अपने घर में ही चलाता है। रविवार की देर शाम अचानक बिजली के शॉर्ट-सर्किट से एकाएक आग लग गई, और देखते ही देखते आग की लपटें दुकान व घर मे चारो तरफ फैलने लगी। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। अगलगी की इस घटना में घर ब दुकान में रखा सारा सामान, जरूरी कागजात सहित पांच हजार नकद जलकर खाख हो गया। इस संबंध में भुक्तभोगी अंदिप कुमार ने सोमवार को निवर्तमान वार्ड पार्षद पूनम देवी, अंचलं कार्यालय व विश्रामपुर थाना को सूचना दिया। राजस्व कर्मचारी मनोज कुमार अम्बेडकर व समाजसेवी विजय कुमार रवि ने घटनास्थल का जायज़ा लिया और पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया।

## पंचायत समिति सदस्य सह मिशन बदलाव के महिला जिला अध्यक्ष जयंती देवी नें लोगों को मतदान के प्रति किया जागरूक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखंड में पंचायत समिति सदस्यसह मिशन बदलाव के महिला जिला अध्यक्ष जयंती देवी की अध्यक्षता में जलडेगा के बिभिन्न महिलामंडल समूह में जा कर मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें 13 मई को अपने अपने क्षेत्र के बूथ में जाकर सभी ग्रामीणों को मतदान करने के लिए जागरूकता किया तथा ग्रामीणों के बिच 13 मई 2024 को मतदान करने के लिए आमंत्रण किया । मौके परपंचायत समिति सदस्य सह मिशन बदलाव के महिला जिला अध्यक्ष जयंती देवी, प्रभा देवी, पुष्पा देवी के साथ सात्न की दीदियाँ एवं गांव के ग्रामीण आदि उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सामान्य प्रेक्षक ने की बैठक, चुनाव संबंधी कई बिंदुओं पर हुई चर्चा



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू लोकसभा चुनाव के लिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक रेम्या मोहन ने सोमवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन,पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी व सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी संग बैठक की। सर्वप्रथम बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने सामान्य प्रेक्षक को सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों से परिचय करवाया व इसके बाद पीपीटी के माध्यम से जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर किये जा रहे तैयारियों से अवगत कराया जिसमें कुल वोटर की संख्या,कुल मतदान केंद्रों की संख्या,पुरुष व महिला मतदाताओं की संख्या,दिव्यांग मतदाता,सी विजिल ऐप से प्राप्त शिकायतें, सेक्टर ऑफीसर व माइक्रो आब्जर्वर की संख्या उनको दिए जाने वाला प्रशिक्षण,पोस्टल बैलेट से मतदान की तैयारी,एफएसटी,वीएसटी,मतदान केंद्रों पर सभी मूलभूत सुविधाएं आदि को रेखांकित किया गया।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रेक्षक को बताया कि पिछले लोकसभा चुनावों में विश्रामपुर विधानसभा अंतर्गत कुल्ही के बूथ पर सबसे कम मतदान हुआ था इस बार संबंधित बूथ पर मतदान प्रतिशत बढ़े,इसे लेकर विशेष तैयारी की गयी है इसी के तहत स्वीप कार्यक्रम के जरिये वहां के स्थानीय वोटर से संवाद किया गया है। इसी तरह पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के निमित्त पुलिस के तरफ से की जा रही तैयारियों व कार्रवाईयों के बारे में बताया जिसमें हथियार एवं मादक पदार्थों की धर पकड़,एक्सक्यूशन ऑफ नन बैलेवल वारंट, परमानेंट वारंट, लाइसेंसी एवं गैर-लाइसेंसी हथियारों को जमा कराने व ज़ब्त करने की कार्रवाई शामिल रहा साथ ही मूवमेंट प्लान आफ फोर्सेज़, एकोमोडेशन ऑफ़ सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स, पुलिस स्टेसन एवं ओपी आदि विषय को लेकर भी प्रेक्षक को अवगत कराया गया। **चुनाव संबंधी प्रशिक्षण को औपचारिकता नहीं बल्कि जिम्मेदारी पूर्वक कराने व मौसम के मद्देनजर मुकम्मल तैयारी रखने पर दिया बल :** बैठक में सामान्य प्रेक्षक ने चुनाव संबंधी सभी प्रशिक्षण को औपचारिकता के रूप में नहीं बल्कि जिम्मेदारीपूर्वक पूर्ण करने पर बल दिया।उन्होंने एक साथ ज़्यादा अधिक संख्या में लोगों को ट्रेनिंग से बचने की बात कही साथ ही कहा कि मौसम का तापमान बढ़ा हुआ है ऐसे में लोग खुद को हाइड्रेट रखे इसके लिये कार्य स्थल पर पेयजल के साथ-साथ ओआरएस रखने की भी बात कही मौके पर उपरोक्त के अलावे उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, समेत सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी सहित तीनों एसडीओ उपस्थित रहे।

# सीपीआई के सांसद प्रत्याशी अभय भुइयां ने अपना नाम लीया वापस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** कचहरी प्रांगण में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह, कृष्ण मुरारी दुबे, जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी, राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह, लोकसभा उम्मीदवार अभय कुमार भूइंया, किसान सभा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह चेरो, उपाध्यक्ष आलोक कुमार तिवारी, नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर तिवारी, नसीम राइन ने संयुक्त रूप से ब्यान प्रकाशित कर कहा कि पार्टी ने पार्टी के महासचिव के हस्ताक्षर से पलामू लोकसभा संसदीय क्षेत्र से अभय कुमार को उम्मीदवार बनाया और नामांकन में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव भालचंद्र कांगो एवं राज्य सचिव महेंद्र पाठक भी उपस्थित रहे बाद में चलकर बिहार पार्टी एवं केन्द्र के पदाधिकारियों की बैठक में पलामू संसदीय क्षेत्र से पार्टी का उम्मीदवार वापस लेने का फैसला लेकर पलामू को सूचित किया गया और महासचिव डी राजा के द्वारा पलामू संसदीय क्षेत्र से पार्टी का उम्मीदवार अभय कुमार को अभय कुमार को नामांकन वापस लेने का निर्देश दिया निर्देश के आधार पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार अभय कुमार ने नामांकन वापस लिया। साथ ही पलामू जिला के पदाधिकारी ने लोकसभा चतरा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के पार्टी के उम्मीदवार अर्जुन कुमार को पूरी ताकत से मदद करते हुए उनकी जीत दिलवाने का संकल्प लिया। आम जनता से अनुरोध है कि चतरा लोकसभा संसदीय सीट से भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार अर्जुन कुमार को समर्थन देकर विजई बनावे।

## अतुल मुखर्जी के निधन पर विभिन्न राजनीतिक संगठन एवं प्रबुद्ध लोगों ने किया शोक प्रकट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** लोहरदगा वीर शिवाजी चौक, सिद्धिदात्री दुर्गा मंदिर और थाना टोली दुर्गा पूजा समिति और रामनवमी समिति से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता चेंबर ऑफ़ कॉमर्स के सदस्य व्यवसायी 45 वर्षीय अतुल कुमार मुखर्जी नहीं रहे। लंबी बीमारी के बाद रविवार रात्रि लगभग एक बजे उनका घर में ही निधन हो गया।?वह संतोष मुखर्जी के मंझले पुत्र थे। पत्रकार दीपक मुखर्जी,डॉ प्रसेनजीत मुखर्जी और डबला मुखर्जी के भतीजे और विद्या भारती से जुड़े उत्तम मुखर्जी छोटे भाई व विकास मुखर्जी के भैया थे। अतुल मुखर्जी न केवल व्यवसायी, सामाजिक कार्यकर्ता थे, बल्कि शहर के धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर सहभागिता और सहयोग करते थे। अतुल मुखर्जी कुछ समय तक मीडिया जगत से भी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए थे। अब भी वह अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े थे। संतोष मुखर्जी के वीर शिवाजी चौक स्थित दुबे कॉलोनी आवास से उनका अंतिम यात्रा एवं दाह संस्कार सोमवार को 10 बजे दक्षिण कोयल नदी भसको मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर लोहरदगा जिला के विभिन्न राजनीति संगठन एवं प्रबुद्ध लोगों ने किया शोक प्रकट।

**संक्षिप्त खबरें**

### युवा आजसू ने की शराब दुकानों को बंद करने की मांग, डीसी को सौंपा ज्ञापन

**रांची :** युवा आजसू के एक प्रतिनिधि मंडल ने रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के नामित ज्ञापन सौंप कर मोरहाबादी मैदान के समीप संचालित हो रहे बार व शराब दुकानों को बंद कराने और राजधानी में धार्मिक स्थलों व शैक्षणिक संस्थानों के समीप संचालित हो रहे बार व शराब दुकानों को अविलंब स्थानांतरित करने की मांग की है। युवा मोर्चा के राज्य संयोजक गौतम सिंह के नेतृत्व में युवा आजसू के प्रतिनिधि मंडल ने शराब दुकानों और बार के चलते मोरहाबादी के समीप हुई कई अप्रिय घटनाओं के साथ ही आमजनों और वी.वी.आई.पी आवासीय परिसर में रहने वाले विशिष्ट जनों को होने वाली समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। इस अवसर पर प्रदेश संयोजक गौतम सिंह, रांची जिला सह प्रभारी नीरज वर्मा, नीतीश सिंह, वेदांत कौस्तव, राहुल तिवारी, अभिषेक झा, अंशुतोष कुमार, सुमित प्रसाद आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों में छुट्टी दिया जाए : अजय राय

**रांची।** झारखंड अभिभावक संघ ने राज्य में पड़ रहे भीषण गर्मी को देखते हुए छुट्टी की मांग की । इस संबंध में झारखंड अभिभावक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने ईमेल के माध्यम से एक ज्ञापन राज्य के प्रधान सचिव शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार, रांची। एवं रांची के उपायुक्त को भेजते हुए मांग किया है कि अत्यधिक तापमान में वृद्धि को देखते हुए सभी सरकारी गैर सरकारी स्कूलों में छुट्टी दी जाए। उपर्युक्त विषयक झारखण्ड अभिभावक संघ ने अपने पत्र में कहा है कि राज्य में पड़ रहे भीषण गर्मी की ओर आकृष्ट कराते हुए छात्रों के स्वास्थ के हित में सभी सरकारी एवम गैर सरकारी स्कूलों में तत्काल छुट्टी देने की घोषणा की जाय।

# रांची लोकसभा में 24 लाख 88 हजार 715 मतदाता करेंगे मतदान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण के मतदान के लिए अधिसूचना जारी हो गयी। इसे लेकर 29 अप्रैल 2024 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा रांची संसदीय क्षेत्र के चुनाव कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गयी। कुमार सिन्हा ने बताया कि छठे चरण के लिए अधिसूचना जारी होते ही नामजदगी के पर्चे दाखिल किये जा सकेंगे। अभ्यर्थी 06 मई 2024 तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। अगले दिन 07 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी, इसके 2 दिन बाद यानि 09 मई 2024 तक अभ्यर्थी अपने नामांकन वापस ले सकेंगे। इसके साथ ही योग्य उम्मीदवारों की फाइनल सूची जारी कर दी जाएगी, 25 मई को मतदान होगा और 04 जून पंडरा बाजार समिति प्रांगण में मतगणना होगी।

**कमरा संख्या 312 से मिलेगा नामांकन पत्र:** आगे बताया कि अभ्यर्थी समाहरणालय ब्लॉक-ए के कमरा संख्या 312 से नामांकन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। सुबह 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक नामांकन पत्र प्राप्त किया जा सकेगा। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित कमरा संख्या 202 को निर्वाची पदाधिकारी का कक्ष बनाया गया है। जहां नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष अधिसूचित स्थल पर सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे।

**रांची जिला में कुल 24 लाख 88 हजार 715 मतदाता:** आगे बताया कि इस, बार रांची जिला में मतदाताओं की संख्या 26.04.2024 के अनुसार रांची में कुल मतदाता 24 लाख 88 हजार 715 हैं, जिनमें 12 लाख 55 हजार 479 पुरुष जबकि 12 लाख 33 हजार 168 महिला मतदाता है। थर्ड जेंडर वोटर्स की संख्या 68 है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने एक बार फिर से रांची वासियों से वोट अपील की। उन्होंने कहा कि इलेक्शन मशीनरी द्वारा लोकतंत्र के पर्व में मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की गयी हैं, लोकतंत्र को मजबूत बनाने और देश गढ़ने में 25 मई 2024 को अपने बूथ में जाकर अवश्यक मतदान करें। उन्होंने मीडियाकर्मियों से भी लोगों को मतदान के प्रति जागरुक करने की अपील की।

**किस विधानसभा में कितने मतदाता :** रांची 357982, हटिया 496484, कांके 461710, खिजरी 363687, सिल्ली 221668, तमाड़ 216896, लोहरदगा लोस का मांडर 370288 मतदाताओं के द्वारा मतदान किया जायेगा।

**1754.54 लाख मूल्य के प्रतिबंधित वस्तुओं एवं नकद की जब्त :** आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद 29 अप्रैल 2024 तक कुल 1754.54 लाख मूल्य के प्रतिबंधित वस्तुओं एवं नकद की जब्ती की गयी है। 16 मार्च 2024 से 29 अप्रैल 2024 तक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के 06, जिला बदर से संबंधित 44 एवं निरुद्धादेश से संबंधित 02 मामले दर्ज किये गये।

## वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट में शार्ट फिल्म कैटेगरी में रंजीत को प्रथम पुरस्कार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड वोटर अवेयनेस कॉन्टेस्ट के माध्यम से मतदाताओं तक चुनाव आयोग की पहुंच बड़ी है। कॉन्टेस्ट में रील्स, शार्ट फिल्म, म्यूजिक वीडियो और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाते हुए मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इस मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने कहा कि प्रतिभागियों की रचनात्मक्ता से मतदाताओं में जागरूकता आएगी। साथ ही झारखंड का वोटिंग प्रतिशत भी बढ़ेगा। झारखंड में लगातार चल रहे विभिन्न मतदाता जागरूकता अभियानों से भी लोकसभा चुनाव 2024 में झारखंड का मतदान प्रतिशत बेहतर होने की संभावना है। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा कि झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट में प्रतिभागियों के भाग लेने से मतदान के लिए प्रचार-प्रसार बड़ा है। पुरस्कार वितरण में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार ने विषय प्रवेश कराया। कार्यक्रम का संचालन सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता ने किया। झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट में झारखंड सहित दूसरे राज्यों से भी प्रविष्टियां आई थीं। शार्ट फिल्म, म्यूजिक वीडियो, रील्स एवं पोस्टर मेकिंग कैटेगरी में प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। ।

**चार कैटेगरी में बंटा था झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट:** झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट चार कैटेगरी में बंटा था। इसमें शार्ट फिल्म कैटेगरी में रंजीत कुमार को प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपये नगद के साथ शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं म्यूजिक वीडियो कैटेगरी में सोलोमोन दास को प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपये नगद, रील्स कैटेगरी में प्रथम अजय कुमार को 10 हजार रुपये, पोस्टर कैटेगरी में प्रथम सूरज कुमार को 15 हजार रुपये नगद के साथ शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया। उपरोक्त चार कैटेगरी, अलग-अलग सब कैटेगरी में विभक्त था। इन सभी कैटेगरी के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय के साथ स्पेशल मेंशन के कुल 41 विजयी प्रतिभागियों को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा नगद, शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

## 8 अभ्यर्थियों ने खरीदा नामांकन पर्चा और एक ने नामांकन दाखिल किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण के मतदान के लिए अधिसूचना जारी होते ही रांची संसदीय क्षेत्र से 8 अभ्यर्थियों द्वारा नाम-निर्देशन पत्र खरीदा गया। जिन अभ्यर्थियों ने नाम-निर्देशन पत्र खरीदा उनके नाम निम्न हैं: मनोरंजन भट्टाचार्य, निर्दलीय, संजय सेठ, भारतीय जनता पार्टी, मिंटू पासवान, एसयूसीआई (कम्यूनिस्ट), रामहरि गोप, एपीआई,धर्मेन्द्र तिवारी, भारतीय जनतंत्र मोर्चा, हरिनाथ साहू, लोकहित अधिकार पार्टी (झा), पंकज कुमार रवि, (पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक) मनोज कुमार, निर्दलीय शामिल हैं।

**एक अभ्यर्थी ने दाखिल किया नामांकन:** रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होने के पहले दिन एक अभ्यर्थी ने अपना नामांकन दाखिल किया। सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्यूनिस्ट) के अभ्यर्थी मिंटू पासवान ने समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में नामांकन दाखिल किया। आपको बतायें कि समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित कमरा संख्या-312 से नामांकन पत्र सुबह 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकेगा। जबकि निर्वाची पदाधिकारी के कक्ष (ब्लॉक-ए स्थित कमरा संख्या-202) में रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 तक नामांकन पत्र प्रस्तुत किए जा सकेंगे।

## एकाउंटेंट संजय कुमार हत्याकांड के आरोपित सुशीला कुजूर की जमानत याचिका खारिज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अपर न्यायायुक्त एमसी झा की कोर्ट ने बिल्डर सह जमीन कारोबारी कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या के मामले में मुख्य आरोपित डब्लू कुजूर की पत्नी सुशीला कुजूर की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मामले में सुशीला कुजूर की ओर से 27 अप्रैल को जमानत याचिका दाखिल की गई थी। मामले के आरोपित डब्लू कुजूर, उसका भाई छोटू कुजूर और बेटा राहुल कुजूर की जमानत याचिका अदालत से पूर्व में ही खारिज हो चुकी है। आरोप है कि डब्लू कुजूर और राहुल कुजूर के इशारे पर षड्यंत्र रचकर एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या हुई थी। पांच जुलाई, 2023 को एकाउंटेंट संजय कुमार की ऑफिस से घर लौटने के दौरान शूटरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस हत्या की घटना के बाद एसआईटी गठित की गई थी। मामले में डब्लू कुजूर, उसकी पत्नी सुशीला कुजूर और बेटा राहुल कुजूर सहित 11 आरोपितों के खिलाफ सुखदेव नगर थाना में कांड संख्या 269/2023 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले में सभी आरोपित जेल में हैं।

## गौकशी के नाम पर इलेक्टोरल बांड के माध्यम से 250 करोड़ रुपए चंदा लेने वाली पार्टी है भाजपा : राकेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री को यह बताना चाहिए कि इसे भ्रष्टाचार कहते है या नहीं। कबतक देश के जनता को झूठ, साजिश और षडयंत्र के तहत फंसाते रहोगे। 2 करोड़ हर साल रोजगार देने के मुद्दे को 2024 के चुनाव में एकबार भी नहीं दोहरा रहे है। गाय के नाम पर इस राज्य में दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को पेड़ों से बांधकर जला दिया गया था। बीजेपी की सरकार थी और रघुवर दास सीएम थे। गोकशी के नाम पर पूरे देश में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अभियान चला। लोगों की जानें गई लेकिन उसका फलाफल क्या निकला। गौकशी के नाम पर इलेक्टोरल बांड के माध्यम से 250 करोड़ रुपए चंदा लिया। ये है भारतीय जनता पार्टी का चाल, चरित्र और चेहरा.।और भी कई घोटाले है जिसपर कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जवाब चाहती है।दो से तीन दिनों के अंदर देश के गृहमंत्री का दौरा झारखंड में होने जा रहा है। मैं उनसे भी पूछना चाहूंगा कि घोटालों का जवाब झारखंड में देकर जाने का काम करेंगे। सरना धर्म कोड की बात भी अपने चुनावी भाषण में करें। यह भी बताए कि दस साल तक कैसे आदिवासियों को छलने और ठगने का काम किया है। मणिपुर में आदिवासियों पर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जो बर्बरतापूर्ण कार्रवाई हुई। झारखंड आने से पहले उन्हें आदिवासियों से माफी मांगनी चाहिए।

## प्रचंड गर्मी के कारण कक्षा 1 से 8वीं तक सभी स्कूलों की कक्षाएं स्थगित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में पड़ रही प्रचंड गर्मी को देखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने बड़ा फैसला लिया है. गर्मी की वजह से बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकुल प्रभाव की संभावना को देखते हुए कक्षा एक से 8वीं तक की सभी स्कूलों की कक्षाओं को अगले आदेश तक स्थगित करने का फैसला लिया गया है. यह आदेश सभी सरकारी, गैर सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों पर लागू होगा. स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमा शंकर सिंह ने आदेश जारी कर स्पष्ट किया है कि यह आदेश स्कूलों के शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों पर लागू नहीं होगा. शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों को देय ग्रीष्मावकाश अलग से देय होगा. इस दौरान सभी स्कूली शिक्षक और कर्मी कक्षा 1 से 7 तक की वार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन का परीक्षाफल प्रकाशित करेंगे. साथ ही इस दौरान वे सभी कार्य करेंगे जो उनकी दैनिक दिनचर्या में शामिल होता है. गौरतलब है कि यह आदेश किसी भी आवासीय विद्यालय पर लागू नहीं होगा. आवासीय विद्यालयों में कक्षाएं पूर्व की तरह संचालित होंगी. वहीं कक्षा 9 से ऊपर की कक्षाएं सुबह 7 बजे से 11.30 तक संचालित की जाएंगी. इस अवधि में प्रार्थना सभा या किसी तरह की खेलकूद या आउटडोर प्रतियोगिता नहीं होगी. स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह आदेश 30 अप्रैल से लागू होगी.

# ब्राउन सुगर के साथ दो गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने बताया कि आसन्न लोक सभा चुनाव के मद्देनजर मादक द्रव्यों की बरामदगी एवं कारगर कार्रवाई के दृष्टिकोण से चले रहे लगातार छापामारी के फलस्वरूप मिले गुप्त सूचना के आधार पर नगर पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा ब्राउन सुगर के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। मादक द्रव्य के अवैध कारोबारियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

**गिरफ्तारी:** अंकित लकड़ा करमटोली मोरहाबादी और नितिन खलखो अहीर टोली करम टोली शामिल हैं।

**बरामदगी:** ब्राउन सुगर 06.13 ग्राम

**छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी:** के वी रमन, पुलिस उपाधीक्षक, नगर, राँची, दयानन्द कुमार, पुलिस नि सह थाना प्रभारी, लोअर बाजार।पुअ नि संजीव कुमार, प्रभारी खादगढ़ा टी ओ पी, लोअर बाजार, पी.ओ.एन.सुधीर बड़ा लोअर बाजार सअनि भीम सिंह, खादगढ़ा टी ओ पी, लोअर बाजार शामिल थे।

# संत जेवियर्स कॉलेज में हुआ अंधा युग नाकट का मंचन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** संत जेवियर्स कॉलेज में धर्मवीर भारती के कालजयी नाटक अंधा युग का मंचन किया गया। मौका था कॉलेज के अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय कल्चरल फेस्ट का। इस बहुमुखी कार्यक्रम के अंतर्गत गायन, नृत्य और क्विज का भी आयोजन किया गया । इस दौरान कॉलेज के रेक्टर डॉ फादर एलेक्स एक्का एस जे, उपप्राचार्य डॉ फादर अजय मिंज, रजिस्ट्रार डॉ फादर प्रभात केनेडी सोरेंग, एस जे, परीक्षा नियंत्रक प्रो बी के सिन्हा, फादर संजय केरकेट्टा एस जे और अंग्रेजी की विभागाध्यक्ष डॉ जूही होरो ने विभाग के विभिन्न क्लबों के लोगो का अनावरण किया। उप प्राचार्य डॉ फादर अजय मिंज एस जे ने अंग्रेजी विभाग के द्वारा की गई पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने परीक्षा का दवाब होने के बावजूद लगन और परिश्रम के साथ को प्रयास किया है वह सराहनीय है ।

**अंधा युग नाटक का मंचन:** कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अंधा युग नाटक का मंचन रहा जो आलोक भल्ला द्वारा मूल नाटक के अंग्रेजी अनुवाद पर आधारित था। नाटक का निर्देशन में एमए विभाग की सुमेधा मल्लिक ने किया। नाटक के माध्यम से आधुनिक समाज में फैली विषमताओं, मूल्यों के पतन और पशुतात्मक शक्तियों के प्रभाव को दर्शाया गया। विद्यार्थियों के दमदार अभिनय ने सभी का मन मोह लिया और पूरा ऑडिटोरियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस दौरान डॉ जूही होरो, डॉ अचल सिन्हा, डॉ सुमना घोष, डॉ थॉमस डुंगडुंग, प्रो राम मुर्मू, डॉ अभिजीत डे, प्रो डेनिस टेटे और प्रो आशीष रंजन उपस्थित थे।

### सीआईएसएफ की तैनाती में रहेंगे ईडी के अधिकारी

**रांची।** देशभर के ईडी कार्यालयों में सीआईएसएफ की तैनाती रेगुलर बेसिस पर होने जा रही है। गृह मंत्रालय ने आईबी की थ्रेट रिपोर्ट के आधार पर यह फैसला लिया है। बताया जा रहा है कि पहले फेज में रांची, कोलकाता, रायपुर, मुम्बई, जालंधर, जयपुर और कोच्चि के ऑफिस पर सीआईएसएफ मोर्चा संभालेगे। इसके साथ ही बता दें कि जनवरी को पश्चिम बंगाल में संदेशखाली में भीड़ ने ईडी की टीम पर हमला कर दिया था। इस हामले में प्रवर्तन निदेशालय टीम में शामिल सदस्य घायल हुए थे।

# ज्यादा से ज्यादा मतदान होगा तभी हम इस बड़े लक्ष्य को प्राप्त कर पाएंगे : बाबूलाल मरांडी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची लोकसभा के अंतर्गत रांची विधानसभा के कार्यालय का विधिवत उद्घाटन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर रांची के विधायक सीपी सिंह , पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज , रांची के संयोजक संजीव विजय वर्गीय, सहसंयोजक रमाकांत महतो , पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बाबूलाल ने अपने संबोधन में कहा रांची लोकसभा इस बार सभी रिकॉर्ड को ध्वस्त करेगा और रांची से सांसद संजय सेठ रिकॉर्ड मतों से विजय होंगे । इसके लिए हम सभी कार्यकर्ताओं को लगना होगा । सभी कार्यकर्ता चुनाव के दिन अपने मोहल्ले में लोगों से मिलकर वोट करने के लिए प्रेरित करें, ज्यादा से ज्यादा मतदान हो तभी हम इस बड़े लक्ष्य को प्राप्त कर पाएंगे। नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बन पाएंगे। इस अवसर पर रमेश सिंह ललित ओझा, मंडल के अध्यक्ष वरुण साहू ,रोमित नारायण सिंह, मनोज मिश्रा, राजश्री जयंती , संजय जायसवाल ,रवि मुंडा , रोशनी खलखो ,अनीता वर्मा ,सीमा सिंह, सुनीता सिंह, राजीव रंजन मिश्रा, प्रणव कुमार , बाबू कमाल खान, राम लखन राम, आनंद जायसवाल, राजू सिंह, जितेंद्र वर्मा, बजरंग वर्मा, पवन कुमार पासवान, मंडल अध्यक्ष आनंद वर्मा, सुजीत शर्मा , विनोद महतो, सुभाष अग्रवाल , विकास रवि, सूर्य प्रताप सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर रांची पुलिस अलर्ट, 1200 दागियों से भरवाया बांड



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके संपन्न कराने के लिए रांची पुलिस अलर्ट है। उसने रांची और इसके आसपास के इलाकों से वैसे 1200 लोगों को चिह्नित किया है, जो प्रत्यक्ष या फिर अप्रत्यक्ष रूप से किसी विवाद में शामिल रहे हैं। उन सभी लोगों को पुलिस ने नोटिस भेजकर थानों में बुलाया। चुनाव के दौरान माहौल नहीं बिगाड़ेंगे और न बिगड़ने देने का सभी से बांड भरवाया गया। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने फरवरी माह में ही जिले के सभी थानेदारों को निर्देश दिया था कि माहौल बिगाड़ने वालों वैसे लोग जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल रहते हैं, उन्हें चिन्हित कर उनकी सूची बनाकर गोपनीय शाखा को उपलब्ध कराएं, सभी थानेदारों ने अप्रैल माह में सूची तैयार कर एसएसपी को सौंपी। इसी आधार पर थानेदारों द्वारा भेजे गए नामों की सूची की जांच की गई। इसमें से 1200 लोगों को चिन्हित किया गया। उन सभी को थाना स्तर से पहले नोटिस भेजा गया। उसके बाद उन्हें थाना बुलाकर बांड भरवाया गया है। वहीं दूसरी तरफ लोकसभा चुनाव को लेकर दागी और संदिग्ध चरित्र के लोगों के खिलाफ भी रांची पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसके तहत जिलेभर में 23 सौ लोगों को सीआरपीसी की धारा 107 के तहत नोटिस किया गया है। इसमें अधिकतर संदिग्ध चरित्र के लोग शामिल है। एसएसपी चन्दन सिन्हा रविवार देर रात तक राजधानी रांची के सभी थानेदारों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने बताया कि जिला में होने वाले लोकसभा चुनाव को बिना किसी बाधा के संपन्न कराने के लिए दबंग, दागी तथा संदिग्ध चरित्र के लोगों को चिहित करके उनके खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई शुरू की गई है। बूथवार भी लोगों को चिहिन्त किया जा रहा है, जो पहले हुए चुनाव के दौरान माहौल खराब कर चुके हैं। एसएसपी ने बताया कि बांड भरने के बाद अगर कोई व्यक्ति आशांति फैलाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।ऐसे व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेजा जाएगा।

## पारस हॉस्पिटल ने धूमधाम से मनाई दूसरी वर्षगांठ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** एचइसी स्थित पारस हॉस्पिटल अपनी दूसरी वर्षगांठ मना रहा है। वर्षगांठ समारोह की शुरुआत दीप प्रज्जवल के साथ हुई। इसके बाद अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मचारियों का स्वागत किया गया। ÷जर्नी ऑफ पारस÷ शीर्षक से एक विशेष रूप से तैयार किये गये वीडियो में हॉस्पिटल के उल्लेखनीय विकास, मील के पत्थर और समुदाय पर इसके प्रभाव की एक झलक को दिखाया गया। हॉस्पिटल के मुख्य परिचालन अधिकारी, वित्त निदेशक और निदेशकों सहित अन्य लोगों ने पारस अस्पताल की यात्रा, उपलब्धियों और भविष्य के दृष्टिकोण को दर्शाते अपने विचार रखे। कार्यक्रम में पारस हॉस्पिटल में समर्पण और कड़ी मेहनत करने वाले सभी डॉक्टरों और स्टाफ सदस्यों को असाधारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए उनकी निरंतर प्रतिबद्धता को मान्यता देते हुए मोमेंटो वितरित किए गए। इस अवसर पर पारस हॉस्पिटल निदेशक डॉ नितेश कुमार ने बताया कि पारस हॉस्पिटल ने सफलता के दो साल पूरे कर लिए है। इन दो सालों में हॉस्पिटल ने सैकड़ों मरीजों का इलाज कर उनको मुस्कान दी है। कई वरिष्ठ डॉक्टर, कर्मचारी आदि मौजूद थे।

## आईआईसीसी व आईएनआईएफडी में चला कैंपस ड्राइव

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जैसा की मालूम हो यह संस्थान समय समय पर बड़ी बड़ी कम्पनियो को पदअपजम कर अपने विद्यार्थियों के रोजगार के लिए बुलाती रही है हमें ये बताते हुए बहुत खुशी हो रही है की आईआईसीसी एवं आईएनआईएफडी संस्थान में 2nd मई 2024 को RELIANCE RETAIL कंपनी जो की भारत की बड़ी कंपनियों में से एक है के द्वारा कैंपस ड्राइव होने जा रहा है. इस में इंस्टिट्यूट के फैशन डिजाइनिंग विंग के बैचलर एवं मास्टर डिग्री के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे. कंपनी के द्वारा इनिशियल पैकेज 4 लाख रखा गया है जो की फ्रेशर के लिए एक अच्छी रकम है इसकी जानकारी संस्थान के डायरेक्टर DR. MD. MAHBOOB ALAM के द्वारा दी गयी है और उन्होंने कहा की अगर विद्यार्थी लगन से मेहनत करें तो कैंपस सेलेक्शन में सफलता हासिल कर सकते हैं और साथ ही साथ उन्होंने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए कामना भी की है ।

## 25 वर्षीय युवती ने फंदे से झूलकर की आत्महत्या

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी ओपी क्षेत्र के छोटा मुरी बजार के समीप रहने वाली एक युवती ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मुरी ओपी पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। जानकारी के अनुसार छोटा मुरी निवासी मुकुन्दं शर्मा की पत्नी संध्या देवी उम्र 25 वर्ष सोमवार की दोपहर अपने कमरे को बंद करके पंखे में अपने दुपट्टा के सहारे फंदे से लटक गई। काफी देर होने के बाद जब दरवाजा नहीं खोला गया तो ग्रामीणों की मदद से दरवाजा को तोड़ दिया गया। देखा गया की महिला फंदे से लटक रही है आनन फानन में उसको फंदे से उतार कर सिंगपुर नर्सिंग होम ले जाया गया जहां डॉक्टर ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया।इस घटना की सुचना मुरी ओपी पुलिस को दिया गया। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस से पुछने पर बताया की हत्या है या आत्महत्या रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा।

## अबकी बार का चुनाव खेत-खलियान, जंगल-जमीन और संविधान बचाने के लिये : बंधु तिर्की

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि अबकी बार का लोकसभा चुनाव अपने खेत-खलिहान, जंगल-जमीन, संविधान और प्रकृति-संस्कृति को बचाने वाला चुनाव है. उन्होंने कहा कि अभी थोड़ी-सी भी लापरवाही घातक हो सकती है और यह लड़ाई केवल सुखदेव भगत या कांग्रेस पार्टी की नहीं बल्कि अपने देश को बचाने के लिये लड़ा जा रहा है. आज बेड़ो के महादानी मैदान में आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए श्री तिर्की ने कहा कि लोकसभा का चुनाव आम आदमी की अपनी संविधान के प्रति प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ ही अपनी संस्कृति, आपसी एकजुटता और सद्भाव को बचाने की भी है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस, केवल और केवल मुद्दों पर आगे बढ़ते हुए 30 लाख खाली सरकारी पदों को भरने के अलावा, महालक्ष्मी योजना में प्रत्येक परिवार की महिला को एक लाख रुपये प्रति वर्ष देने, प्रत्येक युवा को अप्रेंटिसशिप के साथ ही एक लाख रुपये प्रति वर्ष देने, स्वास्थ्य बीमा की राशि को बढ़ाकर 25 लाख रुपये तक का इलाज फ्री में करवाने के मुद्दे के साथ लड़ रही है. जबकि भारतीय जनता पार्टी धार्मिक उन्माद भड़काकर और हिंदू-मुस्लिम का अपना पुराना तराना छेड़कर चुनाव जीतना चाहती है लेकिन झारखण्ड के साथ ही देश के लोग भी उसकी मंशा को कभी भी सफल नहीं होने देंगे. श्री तिर्की ने कहा कि मोदी सरकार को हटाना बहुत जरूरी है और लोगों को यह बताने की जरूरत है कि वन संरक्षण, भूमि अधिग्रहण, पेसा कानून, पांचवी अनुसूची, सूचना का अधिकार जैसे लोगों के अधिकारों से जुड़े प्रत्येक कानून को बनाने का श्रेय कांग्रेस पार्टी को ही जाता है. लेकिन भाजपा सरकार वन संरक्षण, वन अधिकार कानून, भूमि अधिग्रहण कानून जैसे कानूनों को कमजोर कर आदिवासियों के हित के साथ खिलवाड़ कर रही है. वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने जोर देकर कहा कि पहले यह सरकार केवल भाजपा और आरएसएस की थी लेकिन अब यह केवल दो लोगों की मर्जी से पूंजीपतियों और उद्योगपतियों के इशारे पर काम कर रही है और इसे कभी भी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता. उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कारण विशेष रूप से आदिवासियों, दलितों, हरिजन, अति पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक को आदि को बहुत अधिक नुकसान उठाना पड़ रहा है. कोई भी खुशहाल नहीं है क्योंकि महँगाई और बेरोजगारी का दंश सभी को झेलना पड़ रहा है. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की कड़ी आलोचना करते हुए श्री तिर्की ने कहा कि अखबारों में छपे उनके बयान जिसमें उन्होंने हेमंत की करनी के कारण उन्हें जेल होने की बात कही है तो फिर उन्हें किस बात की सजा भुगतनी पड़ रही है जिसके कारण उनकी विधानसभा सदस्यता चली गयी?उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी किसी न किसी बहाने आदिवासियों और मूलवासियों के अधिकारों को छीन कर उन्हें जेल में डालना चाहती है. चुनाव सभा में अपने संबोधन में कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव होता रहता है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी निम्न सोच, जातीयता से भरी भावना, संकीर्ण विचार और मर्यादा विहीन व्यवहार का ऐसा प्रदर्शन किया है जो भारतीय लोकतंत्र में अबतक किसी भी प्रधानमंत्री ने नहीं किया था. श्री भगत ने कहा कि महात्मा गांधी के विचारों और संविधान में दिये गये अधिकारों के अनुसार प्रत्येक जाति, धर्म, समुदाय के लिये अधिकारों का प्रावधान किया गया है और यदि भाजपा का वश चले तो आनेवाले दिनों में चुनाव भी नहीं होगा. श्री भगत ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस बात को खुलेआम कहा है कि देश के असली मालिक आदिवासी ही हैं और उनके हित के साथ कभी भी समझौता नहीं किया जा सकता. श्री भगत ने इंडिया गठबंधन की सरकार बनने के बाद सरना धर्म कोड को सबसे पहले लागू करने की बात कही. उन्होंने कहा कि भाजपा और उसके नेताओं के छल का सबसे बड़ा कारण यह है कि वह झारखण्ड के खनिज संसाधनों के साथ ही यहाँ के जंगल और जमीन के को भी लूटना चाहती है. गठबंधन प्रत्याशी ने जोर देकर कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी की गोद में बैठकर आदिवासियों के हित के साथ गद्दारी करनेवालों की कारस्तानियों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता और अपने प्रजातांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए आदिवासियों के साथ ही अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अल्पसंख्यकों के साथ ही सभी लोग अपने अधिकारों के लिये किसी भी सीमा तक जाने को तैयार हैं. इस अवसर पर अपने संबोधन में मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि 2014 में शुरू मोदी जी की तथाकथित लहर अब समाप्ति के कगार पर है. उन्होंने कहा कि 1925 में गठित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने उन सभी लोगों के खिलाफ काम किया जो देश की आजादी के प्रति समर्पित होकर आगे बढ़ रहे थे. उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं की नियत और नीति आज भी बदली नहीं है और वह लोगों को कमजोर कर उनपर शासन करना चाहती है. श्रीमती तिर्की ने कहा कि भाजपा और आरएसएस के लोगों को आज जो घुसपैठिया लगते हैं वह वाकई में उनकी गलत नजर और नजरिया का परिणाम है और वह संविधान की भावना के खिलाफ है.

श्रीमती तिर्की ने कहा कि वन संरक्षण अधिनियम में जो संशोधन किये गये उसके बाद ग्राम सभा की अनुमति की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है जिससे जहाँ जंगल नष्ट होंगे वहीं दूसरी ओर, वन उत्पादों को लूटा जायेगा और इससे आदिवासियों के अधिकारों का बुरी तरीके से अतिक्रमण हो रहा है. उन्होंने जोड़ देकर कहा कि लोकसभा चुनाव बीजेपी-कांग्रेस के बीच की लड़ाई नहीं बल्कि जनता और तानाशाही के बीच की लड़ाई है और इतिहास गवाह है कि ऐसी लड़ाई केवल और केवल जनता ही जीतती है. उन्होंने कहा कि टाना भगत, बिरसा मुंडा और वीर बुधु भगत ने जो लड़ाई शुरू की और लड़ी वह हमेशा जारी रहेगी और सिद्धांतों से कोई भी समझौता नहीं हो सकता.

# जागरूकता रैली व रंगोली के माध्यम से दिया गया मतदाता जागरूकता संदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** प्रखंड विकास पदाधिकारी, कर्रा की उपस्थिति में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कर्रा की छात्राओं के द्वारा जागरूकता रैली निकालकर एवं रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया। लोकतंत्र के इस महापर्व में हर एक मतदाता को उनके दायित्वों की दिशा दिखाने का लगातार प्रयास चल रहा है। लोकतंत्र में चुनाव का महत्व सर्वोपरि है , इसे लोकतान्त्रिक शासन व्यवस्था की रीढ़ कहा गया है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, कर्रा ने मतदाताओं को जागरूक करने के क्रम में बताया गया कि 18 वर्ष से ऊपर सभी अपना पंजीकरण कराएं और जागरूक मतदाता बनें। हम सभी को अपने स्तर से मतदाता जागरूकता के इस महाभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी है। इसके साथ ही मतदाताओं को अपने मताधिकार की महत्ता से अवगत कराने हेतु अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए रंगोली बनाकर इस चुनाव में एक भी मतदाता न छूटे का संदेश प्रेषित किया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में बीएलओ द्वारा आकर्षक रूप में मतदाताओं का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट करते हुए ''13 मई को मतदान करेंगे÷ के जागरूकता सम्बन्धित नारे लगाएं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस महापर्व में सामने आएं ।



# रनिया में इंडिया महागठबंधन के चुनावी कार्यालय का किया गया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** रनिया ब्लॉक चौक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप सोमवार को इंडिया महागठबंधन का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा तोरपा विधानसभा प्रभारी पुनीत हेमरोम आदिवासी कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष विल्सन टोपनो प्रखंड अध्यक्ष जोन कंडुलना ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया मौके पर कार्यालय में उपस्थित कार्यकर्ताओं को जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा की रनिया प्रखंड में कुछ खास होने वाला है ।

यह उत्साह कार्यकर्ताओं में साफ झलक रही है उसके लिए सभी कार्यकर्ता अभी से ही तन मन से अपने पक्ष में मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करें और केंद्र की मोदी सरकार को उखाड़ फेंके कांग्रेस के राहुल गांधी ने अपनी न्याय यात्रा में जो समस्या सामने आया उससे गारंटी कार्ड में समायोजन किया है जो युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय शामिल है यह पांच न्याय कांग्रेस कार्ड की गारंटी है इस बीच तोरपा प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता रनिया जिप सदस्य वीरेन कंडुलना रोशन कंडुलना बालेश्वर नाग इमरान खान पवन कुमार साहू नुमा खान मुर्शिद आलम रामसिंह नायक हीरा सिंह दीपक भुइंया जेम्स कंडुलना सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे

# युवा कांग्रेस की टीम ने गारंटी योजना को घर-घर तक पहुंचाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** युवा कांग्रेस की टीम के द्वारा खूंटी लोकसभा चुनाव को देखते हुए राहुल गांधी की न्याय गारंटी योजना को खूंटी जिला में 1200 से अधिक घरों तक पहुंचाने का कार्य पूरा किया गया। इस प्रोग्राम को लेकर युवा कांग्रेस झारखंड प्रभारी इशिता सेड़ा ने युवा कांग्रेस की टीम की हौसला बढ़ाने के लिए आज उनके साथ जिला के गांव में डो?र टू डोर न्याय गारंटी योजना को घर-घर घूम कर पहुंचाने का कार्य किया। मौके में उन्होंने युवा कांग्रेस की टीम को कहा इस प्रोग्राम को कम से कम 20000 घरों तक जाकर पहुंचाने का कार्य करें जिससे हमारे प्रत्याशी कालीचरण मुंडा की जीत में युवा कांग्रेस अपनी भागीदारी दिखा सके। मौके में जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा ने कहा कि जल्द ही इस लक्ष्य को प्राप्त कर लिया जाएगा और और हमारे प्रत्याशी कालीचरण मुंडा की जीत में हम युवा कांग्रेस की टीम बढ़ चढ़कर अपनी भागीदारी दिखाएंगे। मौके में युवा कांग्रेस खूंटी जिला अध्यक्ष कुणाल कमल , जिला उपाध्यक्ष बहा मुंडा, जया एक्का, खूंटी प्रखंड उपाध्यक्ष दशरथ पाहन, खूंटी प्रखंड उपाध्यक्ष अंजुला हंस, एवं शांतिप्रिया आदि लोग मौजूद थे।

# नामकुम प्रखण्ड राजाउलातु में 22 पंचायत के ग्राम प्रभारी प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** नामकुम प्रखंड में आजसू पार्टी की पंचायत प्रभरी एवं ग्राम प्रभारीयों का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रखण्ड़ अध्यक्ष रतनलाल सिंह होण्डा ने किया। संचालन केन्द्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव जी ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केन्द्रीय मुख्य प्रवक्ता डा देवशरण भगत जी ने अपने संबोधन में कहा आजसू पार्टी की नीति और सिद्धांतों मे जन जन की सेवा दीखता है जो हमारे पंचायत एवं ग्राम प्रभारी में में दिखता है झारखंड जल रहा है जिस सपना के साथ आजसू ने लड़कर अलग राज्य लिया था वो सपना पूरा नही हुवा है इसको पूरा धरातल पर हमारे गाँव प्रभारी करेंगे इसके लिए उनके दायित्व के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी का बोध कराया, विशिष्ट अतिथि के रूप में केन्द्रीय उपाध्यक्ष हसन अन्सारी ने कहा हमारा पिलर मेम्बर ही पार्टी का रीढ़ है जिससे झारखंड में नया बदलाव आजसू पार्टी लेकर आयेगी केन्द्रीय महासचिव राजेन्द्र मेहता,केन्द्रीय महासचिव रामजी यादव,केन्द्रीय प्रवक्ता सुधीर यादव, केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह,केन्द्रीय सचिव सह नामकोम प्रखण्ड प्रभारी रामदूर्भ सिंह मुण्डा,एवं राँची जिला महिला मोर्चा वीणा कुमारी ने भी संबोधन किया।

इस मौके पर राँची जिला उपाध्यक्ष डॉ पार्थ परितोष, जिला प्रवक्ता रोसनलाल मुंडा, कुदरत अंसारी, जगरनाथ महतो,राजू उराँव, गणेश महतो,किरण देवी,उमेश महतो,बीरबल बैठा, सुनीता हंसः,कुसुम बड़ा,मंटू पाहन, सोहन महतो,धीरज नाग, छेदी सिंह बिंझिया,सरस्वती देवी,विवेक गोप,बसन्ती देवी,आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## पिपरवार क्षेत्र में भीषण गर्मी ने मचाई तबाही 40 डिग्री पार पहुंचा कोयलांचल का तापमान



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल में पड़ रही प्रचंड गर्मी से क्षेत्र के लोग काफी परेशान हैं।पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में लगातार गर्मी का तापमान बढ़ता ही जा रहा है।सोमवार को यहां 40 डिग्री तापमान मापा गया।गर्मी ने लोगों को घरों से बाहर निकलना मुश्किल कर दिया है।झारखंड सरकार के द्वारा स्कूलों में परिवर्तन करने के समय का आदेश का भी कोई लाभ स्कूली बच्चो को मिलता दिख नही रहा है,यही कारण है कि अब झारखंड सरकार के आदेश पर स्कूली एवं साक्षरता विभाग द्वारा कक्षा अक तक के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों में पठन-पाठन कार्य बंद करने को लेकर आदेश निकाले जाने की सूचना है।सोमवार को कोयलांचल क्षेत्र के स्कूलों में 11 बजे छुट्टी होने के बावजूद बच्चे कड़ी धूप और लु का सामना कर बच्चे अपने घर तक पहुंचे।इधर भीषण भरी गर्मी से हर कोई परेशान है।सीसीएल के कार्यो पर भी गर्मी का असर देखा जा रहा है।कोयला खदान में काम करने वाले मजदूर उमस भरी गर्मी और लु का सामना कर पूरी सावधानी के साथ कार्य स्थल पहुंच रहे हैं।चौक चौराहा पर पूरी तरह से सन्नाटा पसरा देखा जा रहा है,जिसके कारण व्यवसाय पर बुरा असर पड़ा है।इसके बावजूद भी सार्वजनिक स्थान एवं चौक चौराहों पर पानी पिआऊ केन्द्र नहीं बनाया गया है,जिससे क्षेत्र के स्थानीय राय रेलवे स्टेशन एवं बचरा बस स्टेण्ड से उतरकर अपने गंतव्य की ओर जाने वाले राहगीरों समेत यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।कई लोगो ने पिपरवार क्षेत्र में सीसीएल प्रबंधन,स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि एवं पिपरवार पुलिस प्रशासन से कोयलांचल क्षेत्र मे पियाउ केंद्र की व्यवस्था कराने की मांग की है।मौसम विभाग के द्वारा अगले तीन से चार दिनों तक पूरे राज्य में भीषण गर्मी और लू को लेकर जारी किए गए चेतावनी को देखते हुए लोग अपने-अपने घरों में कैद हो गए हैं।

## रांची-चतरा सीमांत क्षेत्र पर पिपरवार पुलिस ने बनाया चेकनाका



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):**आगामी लोकसभा चुनाव और पर्व त्योहार को लेकर सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में स्थानीय पिपरवार पुलिस पुरी तरह से सर्तक है।पिपरवार के सीमांत क्षेत्रों में पुलिस के द्वारा बैरियर लगाकर व चेकनाका बनाकर वाहनों की जांच और हर आने जाने वालों की तलाशी ली जा रही है।जानकारी के अनुसार चतरा-रांची और चतरा हजारीबाग के सीमांत क्षेत्र पर पिपरवार पुलिस के द्वारा बैरियर लगाकर चैकनाका बनाया गया है,जिसमें प्रत्येक दिन वाहनों की जांच और आने-जाने वाले लोगों की तलाशी ली जा रही है।चतरा पुलिस अधीक्षक विकास पाण्डेय के निर्देश पर पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा के नेतृत्व में यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें दो पहिया वाहनो के साथ चार पहिया वाहनों की तलाशी ली जा रही है,साथ ही वाहनो से संबंधित कागजात की जांच की जा रही है।इस चेकनाका में 24 घंटे पुलिस पदाधिकारी और जवान तैनात देखे जा रहे है।

इस संबंध में पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर पिपरवार पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और सीमांत क्षेत्रों में बैरियर व चेकनाका लगाकर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।अभियान के माध्यम से शरारती तत्व एवं मनचलो पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है।उन्होंने थाना क्षेत्र के सभी लोगों से मोटर वाहन एक्ट का पालन करते हुए वाहन चलाने के वक्त सीट बेल्ट लगाने,दो पहिया वाहन चलाने के दौरान हेलमेन्ट का उपयोग करने, नशा का सेवन नहीं करने, क्षमता से अधिक लोगो के वाहन में नहीं बैठने, नाबालिक से वाहन नहीं चलाने,वाहन से संबंधित दस्तावेज साथ मे रखने की अपील की है।उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।साथ ही कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगी।

# देशभर में रहने वाले किसान हो, महिला हो, युवा हो, चाहे गरीब हो, सबके लिए नीति बनाने का काम हमारी सरकार कर रही : अर्जुन मुंडा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र एनडीए का तूफानी जनसंपर्क अभियान चलाया गया।केंद्रीय मंत्री व खूंटी लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने तमाड़ प्रखंड के नहरी क्षेत्र के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क कर जनता से संवाद किया। ओर क्षेत्र की समस्याओं से रूबरू हुआ। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार के दस साल की उपलब्धियों के बारे में जनता को बताया।अपने संबोधन में कहा कि देशभर में रहने वाले किसान हो, महिला हो, युवा हो, चाहे गरीब हो, सबके लिए नीति बनाने का काम हमारी सरकार कर रही है।

भारत सरकार जनता की भलाई के लिए नीतियां बनाकर राज्य सरकार को पैसा भेजती है। लेकिन राज्य सरकार इन योजनाओं को लागू करने में विफल है। केंद्र सरकार ने नल-जल योजना के लिए पैसा भेजा लेकिन आज उसका बुरा हाल है। केंद्र सरकार गरीबों के लिए मुफ्त अनाज भेज रही है लेकिन उसका भी बंदरबांट यह सरकार कर रही है। मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही सरकार सबके कल्याण के बारे में सोचती है, सब सुखी रहे इसको लेकर कार्य करती है। गरीबों की चिंता करती है। ऐसी सरकार को हमें फिर से लाना है। फिर से हमें मोदी सरकार बनाना है। उन्होंने कहा कि हमारे बच्चे शिक्षित हो, परिवार स्वस्थ्य हो, लोगों को रोजगार मिले,इस तरह के कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है।आज हमारा देश आत्मनिर्भर बन रहा है, विदेशों में बनने वाले समान हमारे देश में बन रहे हैं, वहीं खूंटी वासियों के लिए गर्व करने का पल यह है कि सबसे महंगा बिकने वाला फ़ोन 'आईफोन' यहां की बेटियां बना रही हैं।

रोजगार मेले के माध्यम से हमने खूंटी लोकसभा क्षेत्र की हजारों बेटियों को रोजगार देने का काम किया है। इस मोके पर जिला सांसद प्रतिनिधि कुमार महेन्द्र नाथ शाहदेव,सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा, जिप सदस्य दिलीप सेठ, उमाकांत मानकी, धनंजय स्वांसी, चौधरी महतो, महावीर सोनी, विवेक गुप्ता, समेत सैकड़ों सर्मथक उपस्थित थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# जमशेदपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की अधिसूचना जारी

**-25 मई को 1887 मतदान केन्द्र पर 18.62 लाख मतदाता करेंगे मतदान**
**- लोकसभा निर्वाचन में उम्मीदवार के लिए व्यय की अधिकतम सीमा 95 लाख रू. निर्धारित**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित तिथि के अनुसार 09-जमशेदपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी की गई । इस बाबत समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने लोकसभा निर्वाचन से संबंधी महत्वूर्ण जानकारी प्रेस प्रतिनिधियों को दिया । वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी एवं सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के सहायक निर्वाची पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी मौजूद थे। जारी अधिसूचना के अनुसार 06 मई तक प्रत्याशी नामांकन दाखिल कर सकेंगे, 07 मई को स्क्रूटनी की तिथि निर्धारित की गई है, 09 मई तक उम्मीदवार नामांकन वापस ले सकेंगे। 25 मई को मतदान एवं 04 जून को मतगणना होगी । जिले में चिन्हित कुल 1132 पोलिंग स्टेशन के 1887 बूथ पर 25 मई को 1862364 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे ।

**22 जनवरी से 28 अप्रैल तक 32000 नए मतदाता जुड़े**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 22 जनवरी को अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार जिले में कुल 1830866 मतदाता थे, वहीं 28 अप्रैल तक की अधतन सूची में 32000 नए मतदाता जोड़े गए हैं, इस प्रकार 934251 पुरूष , 927981 महिला तथा 132 ट्रांसजेडर मतदाता कुल 1862364 शामिल हैं । जिले में 15869- पीडब्ल्यूडी, 8456- 85 प्लस आयु वर्ग, 66190 युवा तथा 9324 पीवीटीजी वोटर हैं ।

**कुछ अहम जानकारियां**

- चुनाव आयोग द्वारा 2 व्यय प्रेक्षक, 01 सामान्य प्रेक्षक व 01 पुलिस प्रेक्षक जिले के लिए नामित किए गए हैं।




- 30 पोलिंग स्टेशन महिला मैनेज्ड, 01 दिव्यांग मैनेज्ड तथा 01 युवा मैनेज्ड सहित 02 यूनिक पोलिंग स्टेशन व 01 बूथ को थीम आधारित बनाये जाने हेतु चिन्हित किया गया है ।

- 24 अप्रैल को ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया तथा 10 मई को दूसरा रेंडमाइजेशन किया जाएगा ।

- एलबीएसएम कॉलेज से बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका तथा कॉपरेटिव कॉलेज से जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी व जुगसलाई विधानसभा की पोलिंग पार्टी 24 मई को रवाना किए जाएंगे ।

- कॉपरेटिव कॉलेज, जमशेदपुर को बज्रगृह एवं मतगणना स्थल हेतु चिन्हित किया गया है जहां 04 जून को मतगणना होगी ।

- 952 पोलिंग स्टेशन पर दिव्यांग जनों के लिए विशेष व्यवस्था के तहत व्हील चेयर उपलब्ध होगी । सभी मतदान केन्द्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम मूलभूत सुविधा उपलब्ध रहेगी । गर्मी को देखते हुए शेड और पेयजल, प्राथमिक उपचार की व्यवस्था रहेगी ।

- अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट 12, अंतर्जिला चेकपोस्ट 06 कुल 18 जगहों पर सघन वाहन जांच हेतु चेकनाका स्थापित हैं । 230 सेक्टर पदधिकारी, 18 उड़नदस्ता (FST), 21 स्थैतिक निगरानी दल, 06 वीडियो देखने वाली टीम, 14 वीडिया सर्विलांस टीम आदि सक्रिय हैं ।

- व्यय निगरानी के लिए सभी छह विधानसभावार सहायक व्यय पर्यवेक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है ।

- राजनीतिक विज्ञापनों के प्रमाणीकरण एवं पेड न्यूज की निगरानी के लिए एमसीएमसी गठित है ।

- चेकिंग के दौरान 68 लाख रू. बरामदगी हुई है ।

**पोस्टल बैलेट से मतदान**

- अनिवार्य सेवा के लोग 19 से 22 मई तक आईटीडीए कार्यालय के हॉल में मतदान करेंगे। 14 से 18 मई तक चुनावी ड्यूटी में लगाए गए सेक्टर पदाधिकारी, FST, SST, VVT, कोषांगों के कर्मी, माइक्रो ऑब्जर्वर, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी / विशेष शाखा, SAP, GRP, CTC, JAP-06, IRB-2, ACB एवं अन्य अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम कार्यालय में,

**14 से 18 मई तक मतदान कर्मी एवं बीएलओ तथा**

14 से 19 मई तक होम वोटिंग फॉर एबसेन्टी वोटर का पहला चरण, 21 एवं 22 मई को दूसरा चरण का पोस्टल बैलेट से मतदान कराया जाएगा ।

- जिला नियंत्रण कक्ष 24×7 कार्यरत है जिसकी दूरभाष संख्या 0657-2440111, 0657-2221717, 0657-2221718 एवं 1950 हेल्पलाइन नंबर

- 13 अप्रैल से प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ है जो 01 जून तक चलेगा।

- मतदाता सूची पर्ची का वितरण 11 मई से 18 मई तक किया जाएगा।

वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के मद्देनजर पर्याप्त संख्या में पुलिस व अर्धसैनिक बलों की तैनाती रहेगी । अपराधिक प्रवृत्ति वाले 20 लोगों के विरूद्ध सीसीए के तहत कार्रवाई, 04 निरूद्धादेश, 2500 लोगों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। 1178 आर्म्स थाना में जमा कराये गए हैं, जिन्होने सत्यापन नहीं कराया है उनका आर्म्स लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई जारी है।

## भाजपा प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो आज दाखिल करेंगे नामांकन पत्र



**(प्रभात मंत्र संवाददाता)**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर लोकसभा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में निवर्तमान सांसद बिद्युत बरण महतो मंगलवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। बिद्युत बरण महतो के नामांकन समारोह को भव्य और ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए भाजपा ने व्यापक तैयारी की है। बिद्युत बरण महतो के नामांकन में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत समेत भाजपा के वरीय नेताओं के संग एनडीए के तमाम नेतागण मौजूद रहेंगे। वहीं, नामांकन से पूर्व साकची स्थित बोधि मंदिर मैदान में विशाल जनसभा आयोजित की जाएगी। जिसमें जमशेदपुर लोकसभा के छह विधानसभा अंतर्गत विभिन्न मंडलों से मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में हजारों भाजपा कार्यकर्ता नामांकन सभा में शामिल होंगे।

## पेशेंट सेफ्टी में उत्कृष्टता के लिए ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल हुआ सम्मानित

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, तामोलिया, जमशेदपुर (नारायण हेल्थ की एक इकाई) को झारखंड में पेशेंट सेफ्टी के उच्चतम मानकों को बनाए रखने की अपनी अटूट प्रतिबद्धता के लिए प्रतिष्ठित पेशेंट सेफ्टी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ अस्पताल से सम्मानित किया गया है।




इस संबंध में हॉस्पिटल के फैसिलिटी डायरेक्टर विनीत राज ने कहा कि हम इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को पाकर बेहद सम्मानित महसूस कर रहे हैं, जो पेशेंट सेफ्टी को सबसे ऊपर प्राथमिकता देने की हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इंटीग्रेटेड हेल्थ एंड वेलनेस (आईएचडब्ल्यू) काउंसिल द्वारा आयोजित 9वां आईएचडब्ल्यू शिखर सम्मेलन पुरस्कार 2024 ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, जमशेदपुर की स्वास्थ्य सेवा वितरण में उत्कृष्टता की निरंतर खोज का एक प्रमाण है। यह मान्यता उसकी देखभाल के लिए सौंपे गए प्रत्येक रोगी की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए हॉस्पिटल के समर्पण को रेखांकित करती है।

## बोड़ाम में शॉर्ट सर्किट से पुआल से लदी पिकअप वैन में लगी आग

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को बोड़ाम बाजार स्थित पंचायत मंडप के बगल में दोपहर करीब साढ़े 12 बजे 440 वोल्ट के बिजली तार में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से पुआल से लदी पिकअप वैन में अचानक आग लग गई। इससे घटनास्थल पर अफरा तफरी मच गई और आनन फानन में वैन को लेकर उसके चालक कुछ दूर आगे होंडा शोरूम के पास ले जाकर पलटी करने का प्रयास किया लेकिन एक गड्ढे में जा घुसी। इस दौरान वाहन चालक का एक हाथ जलने से वह घायल हो गया। बताते हैं कि इस घटना में पुआल के अलावा पिक अप वैन का आधा हिस्सा जल गया। सूचना पाकर पहुंची बोड़ाम पुलिस ने आग को बुझाने में सहयोग किया।



## द वारियर्स ऑफ कोल्हांन करेगा पर्यावरणीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व सैनिकों की संस्था द वारियर्स आफ कोल्हान की वार्षिक बैठक संस्था के अध्यक्ष एस. शेखर की अध्यक्षता में गम्हरिया स्थित होटल पर्ल में सम्पन्न हुई। बैठक में बीते वित्तीय वर्ष में आयोजित कार्यक्रमों की चर्चा के साथ आय व्यय को प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर चालू वित्तीय वर्ष में संस्था द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों पर सहमति बनाई गई। इस मौके पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण जागरूकता सह पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बैठक में दो पूर्व सैनिकों जुनियर वारंट आफिसर एसके सिंह एवं सुबेदार विनय कुमार ओझा ने संस्था की सदस्यता ग्रहण की। इस बैठक में महासचिव सुधीर कुमार सिंह, सचिव कैप्टन अनिल कुमार महतो, कोषाध्यक्ष देवशरण सिंह के अलावा कार्यकारिणी सदस्य एसएस बाग, संतोष कुमार शर्मा, नरसिंह दास, एस एस शर्मा, वकील सिंह, अभिजीत दास, राजीव कुमार मिश्रा, नवीन महंतो आदि शामिल थे।



## एआईएफएफ जूनियर लीग के लिए झारखंड अंडर-15 टीम घोषित

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड फुटबॉल की शान जमशेदपुर एफसी ने एआईएफएफ जूनियर लीग 23-24 ग्रुप-जे में भाग लेने के लिए अपनी दमदार अंडर-15 टीम की घोषणा की है. टूर्नामेंट की शुरुआत 30 अप्रैल को उत्तराखंड के रुद्रपुर के एमेनिटी स्पोर्ट्स ग्राउंड में होगी. हेड कोच अरशद हुसैन के नेतृत्व में ये युवा खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार है.गोलकीपिंग की जिम्मेदारी बिनोद हंसदा और पीटी बस्के को सौंपी गई है, जबकि आउटफील्ड खिलाड़ियों की एक मजबूत लाइनअप जिसमें नमन कुमार, जयराम बेसरा, दुमका बस्के, मार्शल हेम्ब्रम, बिकाश टुडू, धनजय टुडू, मोटे देवगम, अमन फिरदोश, दिलशान बेहरा, मनीष बानरा, साजन तियू, आजाद गुईया, कृष्णा पाडेया, विश्वकर्मा महार, रमन मार्डी और जगन्नाथ गोप शामिल हैं. टीम ग्रुप जे में बड़वानी एफसी, केआर लीडर्स एफए, कॉर्बेट एफसी और श्रीनिदी एफसी जैसे मुश्किल प्रतिद्वंद्वियों का सामना करेगी।



## जमशेदपुर की बेटी शेफ काजल चौबे को मिला बेस्ट बेकिंग टीचर का अवॉर्ड



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जुगसलाई, जमशेदपुर की मूल निवासी शेफ काजल चौबे को दिल्ली के हॉलिडे इन होटल में सेलिब्रिटी शेफ संजीव कपूर द्वारा प्रतिष्ठित बेस्ट बेकिंग टीचर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जुगसलाई के बैजनाथ शर्मा की बेटी और चाईबासा के चौबे परिवार की बहू काजल चौबे ने अपनी सफलता की यात्रा में ससुराल वालों के अटूट समर्थन के लिए अपने पति अंकित चौबे और उनके परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। बेंगलुरु में काजल कुकिंग एकेडमी के संस्थापक के रूप में, शेफ काजल कई वर्षो से बेकिंग और कुकिंग कक्षाएं संचालित कर रही हैं।काजल की उपलब्धि कई युवा महिलाओं के लिए प्रेरणा का काम करती है, यह दर्शाती है कि समर्पण और कड़ी मेहनत के साथ, कोई भी व्यक्ति की सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकता है।

## अंतर्राज्यीय व अंतर्रजिला चेकनाका पर स्टेटिक टीम सक्रिय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार 12 अंतर्राज्यीय एवं 6 अंतर्जिला प्रवेश मार्ग एवम जमशेदपुर शहर में चिन्हित स्थानों पर कुल 21 चेकनाका स्थापित कर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा । चेकनाका से गुजरने वाले वाहनों/व्यक्तियों की जांच कर चुनाव में मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिशों को नाकाम करने के लिए निरंतर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। साथ ही वेबकास्टिंग के माध्यम से जिला स्तर पर सभी चेकनाकों की मॉनिटरिंग हो रही है । परेशानी से बचने के लिए आमजन नगद या कोई अन्य कीमती वस्तु से संबंधित वैध दस्तावेज के साथ आवागमन कर सकते हैं।

## उम्मीदवार को अपने आपराधिक रिकॉर्ड सार्वजनिक करनी होगी : अनन्य मित्तल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार को अपने आपराधिक रिकॉर्ड, यदि कोई है तो, उसकी जानकारी भी सार्वजनिक करनी होगी। उम्मीदवार को फॉर्म 26 में एफिडेविट के साथ अपने आपराधिक मामले की पूरी जानकारी देनी होगी तथा वह राजनीतिक पार्टी को भी इस संबंध में अवगत कराएगें। राजनीतिक पार्टी द्वारा ऐसे आपराधिक मामले की जानकारी अपने पार्टी की अधिकारिक वेबसाइट पर डालनी होगी। इतना ही नहीं, नामांकन भरने के उपरांत उम्मीदवार और राजनीतिक पार्टी को समाचार पत्रों तथा टीवी चैनलों में भी कम से कम 3 बार आपराधिक मामले की जानकारी भी सार्वजनिक करनी होगी ताकि मतदाताओं को ऐसे उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि के बारे में जानने के लिए पर्याप्त समय मिल सके।

## बोड़ाम से सटे बंगाल के बराबाजार में टीएमसी नेता प्रतुल महतो की हुई हत्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पूर्वी सिंहभूम जिले के बोड़ाम थाना क्षेत्र से सटे पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिला अंतर्गत बराबाजार थाना क्षेत्र के कांसबहाल में रविवार की शाम करीब साढ़े 5 बजे टीएमसी नेता सह जिला परिषद सदस्य प्रतुल महतो की हत्या कर दी गई। इसकी सूचना मिलते ही घटनास्थल पर बराबाजार थाना पुलिस समेत जिले के वरीय पुलिस अधिकारी एवं टीएमसी के जिलाध्यक्ष सौमेन बेलथरिया समेत काफी संख्या में टीएमसी नेता व कार्यकर्ता घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने छानबीन करते हुए घटना में शामिल 3 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। सूचना मिलते ही पुरुलिया एसपी बराबाजार थाना पहुंचे एवं गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रहे हैं। पुलिस ने तीनों गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया है।लोकसभा चुनाव के पूर्व हुई इस घटना को लेकर लोग अलग-अलग तरीके से अंदाजा लगा रहे हैं। पुलिस इस घटना को लेकर राजनीतिक संबंध होने या नहीं होने के बारे में पता लगा रही है। हालांकि जांच के क्रम में फिलहाल पता चला कि आरोपियों का किसी राजनीतिक दलों से संबंध नहीं है। मृतक बराबाजार थाना क्षेत्र के बेड़ादा गांव निवासी थे।



## काशी साहू कॉलेज सरायकेला में बनाए जा रहे डिस्पैच सेंटर का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारियो के मद्देनजर 10-सिंहभूम तथा 11-खूंटी लोकसभा संसदीय क्षेत्र के लिए काशी साहू कॉलेज सरायकेला में बनाए जा रहे डिस्पैच सेंटर का जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला द्वारा निरीक्षण किया गया। अलग-अलग भवन में दोनों विधानसभा क्षेत्र के लिए पोलिंग पार्टी डिस्पैच सेंटर बनाने, ईवीएम वेयर हाउस में आवागमन के लिए रुट चार्ट निर्धारित करने सहित अन्य दिशा निर्देश दिए।उपायुक्त ने सेंटर में बूथवार मार्किंग, रौशनी, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, सिंगल एक्सेस प्वाइंट, बैरिकेडिंग, पार्किंग, सिटिंग अरेंजमेंट के बारे भी जानकारी ली। साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा के उपायों पर भी उन्होंने चर्चा की। पोलिंग पार्टी, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस ऑफिसर के बैठने तथा मेडिकल टीम के लिए बैठक के इंतजाम को देखा।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बर्दीयार, अपर उपायुक्त संजय कुमार दास सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## स्पार्क करीम सिटी कॉलेज ने आयोजित किया आईना-ए-शब-7.0



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज, जमशेदपुर की साहित्यिक तथा सांस्कृतिक संस्था स्पार्क (सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर) ने विगत संध्या आयोजित किया आइना-ए-शब। यह कार्यक्रम एक अंतरराष्ट्रीय मुशायरा के रूप में गूगल मीट पर ऑनलाइन आयोजित हुआ जिसमें कई देशों के विश्व विख्यात शायर शामिल हुए जिनमें नसरीन सैयद (कनाडा), अता आबदी (पटना,भारत), अम्मार अजीज (लाहौर, पाकिस्तान), रजिया हैदर खान (दिल्ली,भारत) के नाम प्रमुख हैं। मुशायरा मेजबान शायर गौहर अजीज की गजल से शुरू हुआ। उनके बाद तमाम शायरों ने बारी-बारी से अपने चुनिंदा रचनाएं प्रस्तुत कीं। मुशायरे की अध्यक्षता करीम सिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने की। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध कहानीकार खुर्शीद हयात, डॉ जैन रामिश, इजहार अनवर, डॉ फखरुद्दीन अहमद तथा अन्य कई बड़ी हस्तियों के अलावा बड़ी संख्या में विद्यार्थी भी जुड़े और बेहतरीन शायरी का लुत्फ उठाया। मुशायरे का संचालन कार्यक्रम के कन्वीनर डॉ एस एम यहिया इब्राहीम ने स्वयं किया और अंत में अपनी संस्था की तरफ से धन्यवाद ज्ञापन भी किया।

## एक्सएलआरआइ के प्रो डॉ शांतनु सरकार को रिसर्च के लिए एएसीएसबी इंटरनेशनल ने किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआइ के प्रोफेसर डॉ. शांतनु सरकार को एएसीएसबी इंटरनेशनल ने सम्मानित किया गया है. उन्हें रेबल रिलेशन व लेबर बिजनेस एथिक्स के क्षेत्र में शानदार रिसर्च करने के लिए यह सम्मान दिया गया है. डॉ शांतनु सरकार एक्सएलआरआइ में ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट के प्रोफेसर हैं. दुनिया की सबसे बड़ी बिजनेस एजुकेशन संगठन एएसीएसबी इंटरनेशनल ने उन्हें 2024 का इन्फ्लुएंशल लीडर का खिताब दिया है. गौरतलब है कि एएसीएसबी इंटरनेशनल में दुनिया के करीब 1000 से अधिक मान्यता प्राप्त बिजनेस स्कूल एक्रिडेटेड हैं. डॉ शांतनु सरकार द्वारा दर्जनों विषयों पर रिसर्च किये गये हैं. उनके रिसर्च पेपर दुनिया के कई अंतरराष्ट्रीय जनरल में प्रकाशित हो चुके हैं. जिसमें मुख्य रूप से मुख्य रूप से उभरते इकोनॉमी सेक्टर में क्रॉस कल्चरल इश्यू, मजदूर आंदोलन, ट्रेड एंड लेबर पॉलिसी जैसे ज्वलंत मुद्दे शामिल हैं. एएसीएसबी इंटरनेशनल के सीइओ लिली बी ने कहा कि डॉ शांतनु सरकार के रिसर्च वर्क आज के दौर में बिजनेस स्कूल में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के साथ ही सामान्य लोगों के लिए भी काफी महत्वपूर्ण हैं. डॉ शांतनु सरकार ने बताया कि उन्होंने भारत के कॉल सेंटर में कार्य करने वाले युवाओं, माइनिंग सेक्टर में कार्य करने वाले लोग, इम्पलायमेंट प्रोटेक्शन लॉ में कानूनी पक्ष के साथ ही कई अन्य मुद्दों पर रिसर्च किया है. डॉ शांतनु सरकार वर्ल्ड बैंक के साथ भी कार्य कर चुके है।



## जेईई मेन में कोल्हान में द्वितीय स्थान पाने वाले सचिन गुप्ता हुए सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** कांड्रा जैसे ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाला छात्र सचिन कुमार गुप्ता जेईई मेन परीक्षा में कोल्हान में द्वितीय स्थान लाकर पूरे जिले ही नही प्रदेश को भी गौरवान्वित किया है। उंक्त परीक्षा में बेहतर रैंक लाने पर उनके घर जाकर उनके पिता सदन गुप्ता उर्फ मुन्ना गुप्ता और उनकी धर्मपत्नी पूनम देवी समेत उनके पुत्र सचिन कुमार गुप्ता को समाजसेवी संजीव कुमार सिंह उर्फबबुआ सिंह ने अंग वस्त्र व गुलदस्ता प्रदान कर तथा मिठाई खिलाकर बधाई और शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि सचिन कुमार गुप्ता के पिता मुन्ना गुप्ता एक ऑटो चालक हैं और ऑटो चलाकर अपने परिवार की जीविका चलाते हैं। साथ ही, कम आय में भी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। उनके पुत्र की इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और सभी लोग उनको बधाइयां दे रहे हैं। बबुआ सिंह के साथ उनको बधाई देने वालो में ऑटो यूनियन के महासचिव अमरजीत यादव, कांड्रा ऑटो यूनियन के प्रमुख अजय डे भी मौजूद रहे।

### *राजनगर में भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा के समर्थन में जनसभा आयोजित*

## झारखंड के विकास में बाधक है चंपाई सोरेन : बाबूलाल मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** राजनगर में भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा के समर्थन में राजनगर पूर्वी एवं पश्चिमी मंडल अध्यक्ष की अध्यक्षता में चुनावी जनसभा का आयोजन किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। जहाँ भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ बाबूलाल मरांडी का स्वागत सम्मान किया। मौके पर सिंहभूम लोकसभा चुनाव की भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा,गणेश महाली,रमेश हांसदा, जेबी तुबित,अनन्त राम टुडू, बॉबी सिंह,मनोज चौधरी, जिलाध्यक्ष समेत तमाम बड़े नेतागण शामिल हुए। इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन पर तंज कसते हुए उन्हें झारखंड के विकास में बाधक करार दिया। स्थानीय होने के बावजूद मुख्यमंत्री का गृह जिला आज भी विकास से कोसों दूर है। भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने कहा कि झामुमों ने आदिवासियों को ठगने का काम किया है, शिक्षा ,स्वास्थ्य से वंचित रखा है।जनसभा में बड़ी संख्या में झामुमों के सरायकेला नगर उपाध्यक्ष भोला महंती संग सैकड़ो युवा कार्यकर्ताओं ने भाजपा पार्टी का दामन थामा लिया, जिन्हें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने माला पहना कर व भाजपा का पट्टा पहना कर स्वागत किया। भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ साथ भाजपा के सहयोगी पार्टी आजसू ने भी इस जनसभा में अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर संगठन की मजबूती के परिचय दिया।वहीं आजसू पार्टी के प्रखंड प्रभारी दिनेश हांसदा ,प्रखंड अध्यक्ष सालखन टुडू,चुनका मार्डी,दिलीप महतो,अंगूर महतो समेत सैकड़ों आजसू कार्यकर्ता जनसभा में उपस्थित हुए।



संपादकीय

# ईवीएम का औचित्य

आम चुनाव, 2024 के लिए मतदान की शुरुआत हो चुकी है। देश के 17 राज्यों और 7 संघशासित क्षेत्रों की 102 लोकसभा सीटों पर प्रथम चरण का मतदान हो चुका है। जनादेश का एक हिस्सा उन ईवीएम में ही दर्ज हो चुका है, जिन पर अधिकतर विपक्षी दल प्रलाप कर रहे हैं। वे दल चुनावी दौड़ में शामिल हैं, उनके सांसद और विधायक चुने जाने हैं, लेकिन वे ईवीएम पर अब भी संदेह कर रहे हैं। कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने यहां तक दावा किया है कि यदि ईवीएम में गड़बड़ी नहीं की गई है, तो भाजपा को 180 से कम सीटें मिलेंगी। यानी विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' मुगालते में है कि ईवीएम के जरिए ही जो मतदान होगा, उससे जनादेश उन्हें ही मिलने वाला है। तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और पंजाब आदि राज्यों में गैर-भाजपा दलों की आज भी सरकारें हैं, जो ईवीएम के जरिए ही बनी हैं। चुनावी पराजय से पूर्व राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में भी 2018 में कांग्रेस सत्तारूढ़ हुई थी। तब भी मतदान ईवीएम के जरिए ही हुआ था। एक बार फिर यह मामला सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है। दो न्यायाधीशों की खंडपीठ ने फैसला सुरक्षित रखा है। दरअसल सवाल यह है कि विपक्ष इतना दोगला क्यों है? संवैधानिक व्यवस्थाओं के ही खिलाफ क्यों है? ईवीएम का इस्तेमाल छोड़ कर मतपत्रों वाले मतदान के पाषाणकाल की ओर लौटना क्यों चाहता है? हालांकि बूथ छापने, लूटने और फर्जी मतदान के उस दौर को सर्वोच्च अदालत खारिज कर चुकी है। ईवीएम की शुरुआत कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के ही दौरान हुई थी। 2004 के उस दौर से लेकर आज तक करीब 340 करोड़ मतदाता अपने संवैधानिक मताधिकार का इस्तेमाल कर चुके हैं और 4 लोकसभा चुनाव ईवीएम के जरिए सम्पन्न कराए जा चुके हैं। 26 विधानसभा चुनावों और एक लोकसभा चुनाव में वीवीपैट पर्ची का भी इस्तेमाल किया जा चुका है। एक आम चुनाव में 55 लाख से अधिक ईवीएम का इस्तेमाल किया जाता है और करीब 1.5 करोड़ चुनावकर्मी मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लेते हैं। सभी एक विशेष पार्टी के पक्षधर हो जाएं या ईवीएम का प्रोग्राम एक ही पार्टी के पक्ष में तय कर दिया जाए और इतने चुनावकर्मी एक साथ 'भ्रष्ट' हो जाएं, यह बिल्कुल भी संभव नहीं है। ईवीएम किसी लैपटॉप, कम्प्यूटर अथवा इंटरनेट नेटवर्क से जुड़ी हुई नहीं है, उसे हैक करना या छेड़छाड़ करना भी संभव नहीं है, अलबत्ता मशीन में तकनीकी खराबी जरूर आ सकती है। उस स्थिति में ईवीएम बदलने की पारदर्शी व्यवस्था है। चुनाव आयोग ने अदालत में अपना समूचा पक्ष रखा है। वीवीपैट पर्ची और वोटिंग के आपसी मिलान पर भी स्पष्टीकरण दिया है। पर्ची 7 सेकंड के लिए दिखती है। उसके बाद पर्ची मशीन में ही चली जाती है। न्यायिक पीठ को बताया गया कि पर्ची को मतदाता को देना जोखिम का काम है। इससे गोपनीयता भंग हो सकती है और बाहर निकालने पर पर्ची का दुरुपयोग भी किया जा सकता है। याचिकाकर्ता एडीआर ने मतदान और पर्ची की 100 फीसदी क्रॉस चेकिंग की मांग की है। अब चुनाव की निष्पक्षता, ईमानदारी बरकरार रहे, मतदाताओं के जेहन में लेशमात्र भी संदेह नहीं होना चाहिए और आयोग की संवैधानिक स्वायत्तता भी बनी रहे, उस संदर्भ में अदालत को निर्णय देना है। ईवीएम को लेकर अक्सर प्रलाप मचाया जाता रहा है और चुनाव आयोग को भी कटघरे में खड़ा किया जाता रहा है, यह प्रवृत्ति दुराग्रहपूर्ण है। आयोग ने ईवीएम को हैक करने या उसके सिस्टम से छेड़छाड़ करने के मद्देनजर सभी राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया था, कुछ दल गए भी, लेकिन कोई भी आपत्ति नहीं उठा सका या गड़बड़ी को साबित नहीं कर सका। अपने पक्ष के विजयी जनादेशों को विपक्ष शानदार हुंकार के साथ स्वीकार भी करता रहा। क्या एक संवैधानिक व्यवस्था ऐसे काम कर सकती है? न्यायिक पीठ के सामने चुनाव आयोग ने खुलासा किया कि 4 करोड़ ईवीएम वोट और वीवीपैट पर्चियों के मिलान कराए गए हैं। बहरहाल अदालती फैसले की प्रतीक्षा है।

जनादेश का एक हिस्सा उन ईवीएम में ही दर्ज हो चुका है, जिन पर अधिकतर विपक्षी दल प्रलाप कर रहे हैं। वे दल चुनावी दौड़ में शामिल हैं, उनके सांसद और विधायक चुने जाने हैं, लेकिन वे ईवीएम पर अब भी संदेह कर रहे हैं। कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने यहां तक दावा किया है कि यदि ईवीएम में गड़बड़ी नहीं की गई है, तो भाजपा को 180 से कम सीटें मिलेंगी। यानी विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' मुगालते में है कि ईवीएम के जरिए ही जो मतदान होगा, उससे जनादेश उन्हें ही मिलने वाला है। तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और पंजाब आदि राज्यों में गैर-भाजपा दलों की आज भी सरकारें हैं, जो ईवीएम के जरिए ही बनी हैं। चुनावी पराजय से पूर्व राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में भी 2018 में कांग्रेस सत्तारूढ़ हुई थी। तब भी मतदान ईवीएम के जरिए ही हुआ था। एक बार फिर यह मामला सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है। दो न्यायाधीशों की खंडपीठ ने फैसला सुरक्षित रखा है।

## नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में छत्तीसगढ़ पुलिस से भी मदद मिल रही है

# नक्सलवाद पर कब लगेगी नकेल?

योगेंद्र योगी

नक्सलियों के समूह को देखने के बाद पुलिस ने फायरिंग शुरू की थी। जब बंदूकें शांत हुईं, तो जंगल के फर्श पर सूखे पत्तों के बीच 29 माओवादी मृत पड़े थे। इनमें ललिता, शंकर और दूसरे कमांडर विनोद गावड़े के शवों की पहचान सबसे पहले की गई। मृतकों में पंद्रह महिलाएं भी थीं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलियों के खिलाफ मिली सफलता को केन्द्र और राज्य में भाजपा सरकार की उपलब्धि बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत कम समय में देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेंका जाएगा। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद से इस अभियान को गति मिली है। नक्सली इलाकों में सुरक्षा बल कैंप लगाए जा रहे हैं।

छत्तीसगढ़ के कांकेर में सुरक्षाबलों ने 29 नक्सलियों को ढेर कर दिया। इस ऑपरेशन के लिए सुरक्षाबलों को कड़ी मेहनत करनी पड़ी है। जवान नक्सलियों के अड्डे तक पहुंचने के लिए 20 घंटे तक पैदल चले हैं। नक्सलियों के समूह को देखने के बाद पुलिस ने फायरिंग शुरू की थी। जब बंदूकें शांत हुईं, तो जंगल के फर्श पर सूखे पत्तों के बीच 29 माओवादी मृत पड़े थे। इनमें ललिता, शंकर और दूसरे कमांडर विनोद गावड़े के शवों की पहचान सबसे पहले की गई। मृतकों में पंद्रह महिलाएं भी थीं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलियों के खिलाफ मिली सफलता को केन्द्र और राज्य में भाजपा सरकार की उपलब्धि बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत कम समय में देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेंका जाएगा। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद से इस अभियान को गति मिली है। नक्सली इलाकों में सुरक्षा बल कैंप लगाए जा रहे हैं। 19 के बाद इनकी संख्या 250 हो गई है। नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में छत्तीसगढ़ पुलिस से भी मदद मिल रही है। राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद तीन महीने में 80 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं। 125 गिरफ्तार हुए हैं और 150 ने आत्मसमर्पण किया है। देश के 10 राज्यों में 70 जिलों में नक्सलवाद का प्रभाव है। इनमें सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य झारखंड है, जहां 16 जिले हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित 14 जिले शामिल हैं। छत्तीसगढ़ में पिछले 14 सालों के भीतर 1582 नक्सली मुठभेड़ें हुई हैं। इन मुठभेड़ों के दौरान 1452 नक्सली मारे गए हैं। इस बीच 1002 आम नागरिकों की भी मौत हुई है। वहीं इन हमलों में 1222 जवान शहीद हो चुके हैं। छत्तीसगढ़ में नई सरकार के गठन के बाद नक्सलियों को आशंका थी कि सरकार उनके खिलाफ अभियान तेज करेगी और हुआ भी ऐसा ही। राज्य की नई सरकार ने शांति का प्रस्ताव भी सामने रखा था, लेकिन नक्सल नेताओं की तरफ से इस प्रस्ताव पर कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं आई। वहीं दूसरी तरफ पुलिस और सुरक्षाबलों को बस्तर में फ्री हैंड कर दिया गया है। ऐसे



में पिछले तीन महीनों में नक्सलियों को कई बड़े नुकसान उठाने पड़े हैं। अब तक जहां माओवादियों के बटालियन स्तर के नेता ही ढेर हुए थे, तो इस बार शंकर राव जैसे डिवीजन लेवल का नेता पुलिस की गोली का शिकार हुआ है। ऐसे में नक्सली प्रदेश में पूरी तरह से बैकफुट में हैं। अब लगातार सवाल किए जा रहे हैं कि आखिर कब तक छत्तीसगढ़ को इस नक्सल दंश से छुटकारा मिल पाएगा और बस्तर में खून की होली थमेगी? सरकार, सुरक्षा बलों एवं स्थानीय लोगों की संयुक्त कोशिशों का परिणाम है कि पिछले एक दशक में वामपंथी अतिवाद संबंधी घटनाओं, मौतों और उनके भौगोलिक प्रसार में काफी कमी आई है। जहां वर्ष 2010 में वामपंथी अतिवाद से प्रभावित जिलों की संख्या 96 थी, वहीं वर्ष 2018 में प्रभावित जिलों की संख्या 60 रह गई है। वर्ष 2009 में जहां नक्सलवाद की घटनाओं और इन घटनाओं में मरने वालों की संख्या क्रमश 2258 व 1005 थी, वहीं वर्ष 2018 में यह संख्या घटकर क्रमश 833 एवं 240 रह गई। देश के जिन 8 राज्यों के लगभग 60 जिलों में यह समस्या बनी हुई है, उनमें ओडिशा के 5, झारखंड के 14, बिहार के 5, आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 10, मध्य प्रदेश के 8, महाराष्ट्र के 2 तथा बंगाल के 8 जिले शामिल हैं। वर्ष 2015 के बाद से नक्सलियों के 90 प्रतिशत हमले लगभग चार राज्यों- छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार और ओडिशा में हुए हैं। माओवादियों के थिंक टैंक और प्रथम पंक्ति के नेता या तो मारे जा चुके हैं या इस विचारधारा को छोड़ चुके हैं। भारत में नक्सली हिंसा की शुरुआत वर्ष 1967 में पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग जिले के नक्सलबाड़ी नामक गांव से हुई और इसीलिए इस उग्रपंथी आंदोलन को नक्सलवाद के नाम से जाना जाता है। जमींदारों द्वारा छोटे किसानों के उत्पीडन पर अंकुश लगाने के लिए सत्ता के खिलाफ चारू मजूमदार, कानू सान्याल और कन्हाई चटर्जी द्वारा शुरू किए गए इस सशस्त्र आंदोलन को नक्सलवाद का नाम दिया गया। यह आंदोलन चीन के कम्युनिस्ट नेता माओ त्से तुंग की नीतियों का अनुगामी था। आंदोलनकारियों का मानना था कि भारतीय मजदूरों और किसानों की दुर्दशा के लिए सरकारी नीतियां जिम्मेदार हैं। ये लोकतंत्र एवं लोकतांत्रिक संस्थाओं के खिलाफ हैं और जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को खत्म करने के लिए हिंसा का सहारा लेते हैं। ये समूह देश के अल्प विकसित क्षेत्रों में विकासात्मक कार्यों में बाधा उत्पन्न करते हैं और लोगों को सरकार के प्रति भड़काने की कोशिश करते हैं। केंद्र और राज्य सरकारें माओवादी हिंसा को मुख्यतः कानून-व्यवस्था की समस्या मानती रही हैं, लेकिन इसके मूल में गंभीर सामाजिक-आर्थिक कारण भी रहे हैं। नक्सलियों का कहना है कि वे उन आदिवासियों और गरीबों के लिए लड़ रहे हैं, जिनकी सरकार ने दशकों से अनदेखी की है। वे जमीन के अधिकार एवं संसाधनों के वितरण के संघर्ष में स्थानीय सरोकारों का प्रतिनिधित्व करते हैं। माओवाद प्रभावित अधिकतर इलाके आदिवासी बहुल हैं और यहां जीवनयापन की बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन इन इलाकों की प्राकृतिक संपदा के दोहन में सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की कंपनियों ने कोई कमी नहीं छोड़ी है। यहां न सडकें हैं, न पीने के लिए पानी की व्यवस्था, न शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं और न ही रोजगार के अवसर। नक्सलवाद के उभार के आर्थिक कारण भी रहे हैं। नक्सली सरकार के विकास कार्यों के कार्यान्वयन में बाधा उत्पन्न करते हैं। वे आदिवासी क्षेत्रों का विकास नहीं होने देते और उन्हें सरकार के खिलाफ भडकाते हैं। वे लोगों से वसूली करते हैं एवं समांतर अदालतें लगाते हैं।

दृष्टि कोण

# आज के युग में परिवार में संतुलन जरूरी

परम पिता परमेश्वर ने जब सृष्टि की रचना की तो अपनी अलौकिक शक्ति व दिव्य दृष्टि से प्रत्येक कमी को जांचा-परखा और प्राणियों में एक ऐसा संतुलन बनाया जिससे सभी प्रकार के प्राणी एक-दूसरे के पूरक बनकर आनंदमय जीवन व्यतीत कर सकें। मनुष्य समाज की इकाई बना। मानव से परिवार और परिवार से समाज की स्थापना हुई। मानव समाज के लिए परिवार न केवल आवश्यक है, अपितु एक सुरक्षित एवं आदर्श संस्था भी है। पर विगत कुछ वर्षों में इस संस्था की जड़ें कुछ हिलने लगी हैं। रचयिता ने जब अविकसित बचपन, पूर्ण विकसित युवावस्था और जीर्ण-शीर्ण वृद्धावस्था की तस्वीर बनाई तो उन्हें लगा कि बच्चे तो नन्हे-मुन्ने से प्यारे-प्यारे कोमल खिलौने उनके मां-बाप और अन्य सभी के आकर्षण का केंद्र बने रहेंगे। उनके अविकसित तन और नादान मन को विकसित होने में सभी प्यार से सहयोग करेंगे। पर जब बचपन के बाद जवानी और बुढ़ापा आया तो उन्हें लगा कि जवानी तो स्वयं ही फौलाद होगी जो सबको संभालेगी पर बुढ़ापा कुरूप, निर्बल, मृत्यु की कगार पर डगमगाता सा एक पेड़ जिसके सभी पत्ते और शाखाएं थक कर और सूख कर गिरने वाले होंगे, उसे भी सहारा चाहिए। तो वृद्धावस्था को सुरक्षित रखने के लिए बचपन और बुढ़ापे में एक संतुलन बनाया गया। अंत में वैसे भी वृद्धों के मन बच्चों की तरह हो जाते हैं और वे घर में रहकर बच्चों को संभाल सकते हैं, क्योंकि बच्चे कोमल और वृद्ध निर्बल होते हैं। परिवार में बुजुर्गों को सम्मान दिया गया। बच्चों के माता-पिता बुजुर्गों का सम्मान करते और बुजुर्ग अपने अनुभवों और ज्ञान को साझा कर अगली पीढ़ी को जीना और कार्य करना सिखाते थे। नई पीढ़ी भी उनकी सेवा और आज्ञापालन करना अपना कर्त्तव्य समझती थी और बच्चों को भी यह सिखाया जाता था। मां-बाप अपने बच्चों को बुजुर्गों के पास सौंप कर निश्चिंत होकर घर अंदर-बाहर के कार्य करने निकल पड़ते थे। पहाड़ी भाषा में एक कहावत है कि मूल से प्यारा ब्याज होता है क्योंकि बुजुर्गों को नाती-पोते अपने बच्चों से अधिक प्यारे होते हैं। जब मां-बाप बच्चों की शरारतों पर पिटाई करने लगते तो बच्चे दादी-नाना की गोद में छिप जाते हैं और दादा-दादी बच्चों को मारने वाले मां-बाप को पिटाई करने से रोकते और डांटते। इस प्रकार बच्चे बुजुर्गों के साथ मिलकर खूब आनंद और मस्ती करते तथा बुजुर्ग भी बच्चों के साथ बच्चे ही बन जाते और अपनी मनपसंद खानपान की चीजें चोरी-छुपे बच्चों के साथ खूब चटकारे भरकर खाते। बच्चे अपनी दादी-नानी से रामायण, महाभारत, परियों की कहानियां, पहेलियां बड़े शौक-प्यार से सुनते थे। बच्चों में बचपन से ही संयुक्त परिवार में रहकर बड़ों का सम्मान और छोटे से प्यार करने की भावना का विकास होता था। उनमें मिल-जुलकर बांट कर खाने की भावना और सहनशीलता होती। इस प्रकार आयु की रेल पर जीवन रूपी यात्रा वृद्ध रूपी गार्ड के संचालन में बचपन, किशोरावस्था, यौवनावस्था और वृद्धावस्था रूपी स्टेशनों को पार करती हुई मृत्यु रूपी निश्चित स्टेशन पर बड़े आराम से पहुंच जाती थी। पर आज के इस भौतिकवादी युग में बच्चों का बचपन वीडियो गेम में खो गया है और उन्हें सिखाया जाता है कि मिट्टी से हाथ-पैर गंदे हो जाते हैं। आज पढ़े-लिखे बुजुर्गों को भी दरकिनार कर दिया जाता है, क्योंकि वे नए जमाने का ज्ञान नहीं रखते। बच्चे एक ऐसे परिवार में रहते हैं जहां न दादा-दादी हैं, न चाचा-ताया या परिवार के अन्य सदस्य। अगर किसी परिवार में बुजुर्ग हैं भी तो किसी के भी पास उनके साथ बैठने के लिए समय नहीं है। बच्चों को उनके पास बैठने से मां-बाप मना करते हैं कि वृद्ध उन्हें आधुनिक बातें नहीं सीखा पाएंगे और हमारे बच्चे पिछड़ जाएंगे। उनके मां-बाप भी वृद्धों को यही कहकर चुप करा देते हैं कि आपको आधुनिक ज्ञान नहीं है। हमें आपसे ज्यादा ज्ञान है। जैसे घर में पड़े पुराने सामान को कबाड़ी को बेच दिया जाता है, ऐसे ही वृद्धों को वृद्धाश्रमों में छोड़ा जा रहा है, जहां वे अपने परिवार के लिए खून के आंसू रोते हैं। यहां तक कि उनके क्रिया-कर्म को भी उनकी संतान के पास समय नहीं है। यौवन के नशे में चूर उनकी संतानें यह क्यों नहीं समझती कि ये वृद्ध भी कभी उनकी तरह बलशाली जवान थे, पर जवानी में फौलाद सा शरीर एक दिन बुढ़ापे की जंग लगकर जर्जर हो जाएगा, तब उन्हें भी सहारे की आवश्यकता होगी। इस बात को भी क्यों नहीं सोच पाते कि हम भी कभी बुजुर्ग होंगे, तब हमारे बच्चे भी हमारा अनुकरण करते हुए हमारे साथ भी वही व्यवहार करेंगे जो हमने अपने बुजुर्गों के साथ किया है। हर बुजुर्ग के पास अपने कुछ ऐसे अनुभव और सीख होती है जो कि गूगल में भी नहीं मिलती। एकल परिवार में अकेलेपन के शिकार बच्चे कई प्रकार की मानसिक विकृतियों का शिकार हो रहे हैं। बुजुर्ग अपने संघर्ष के बारे में जो बताते थे तो बच्चे प्रोत्साहित होते थे और विषम से विषम परिस्थितियों को संभालने की क्षमता रखते थे। पर आज छोटी-छोटी बातों पर आत्महत्या या दूसरों की हत्या एक आम बात हो चुकी है। बच्चे कई प्रकार के नशे के जाल में फंस कर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। जैसे कि बूढ़े से बूढ़े पुराने तरु भी छाया और फल देते हैं, वैसे ही बुजुर्गों के पास भी प्यार, आशीर्वाद, जीवन के अनुभवों का अमूल्य खजाना होता है। तो क्यों न आधुनिकता और सोशल मीडिया के भीड़ भरे बाजार में बिखरती बचपन की कोमल शाखाओं को वृद्धों की छत्रछाया में रखकर, उनके प्यार के सागर से सींचकर उनके सर्वांगीण विकास के साथ एक बलशाली तन-मन, मस्तिष्क के साथ राम, लक्ष्मण, अर्जुन, युधिष्ठिर जैसी बहादुर पीढ़ी का अवतरण किया जाए, जिनके संस्कारों की छत्रछाया में न जाने कितने लोगों को आश्रय देने की क्षमता हो।

कुछ अलग

# जागरूकता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास जरूरी

वर्तमान समय में विज्ञापन बाजार की दुनिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में वैश्विक विज्ञापन बाजार का आकार 615.2 अरब अमेरिकी डॉलर था, जिसके आगामी कुछ वर्षों में 800 अरब डॉलर होने का अनुमान है। आंकड़ों के अनुसार, औसत व्यक्ति प्रतिदिन 200 से 300 विज्ञापन तक देखता है। विज्ञापन लोगों को सूचना देने और उत्पादों आदि के बारे में जागरूक करने का एक प्रभावी माध्यम है। लेकिन वर्तमान समय में जिस प्रकार से भ्रामक विज्ञापनों की बाढ़-सी आई है, यह समाज के लिए समाधान कम, समस्या ज्यादा बनते जा रहे हैं। विज्ञापनदाता का इरादा मनोवैज्ञानिक रूप से आपको प्रभावित करते हुए आपके विचारों और निर्णयों को प्रभावित करना होता है। सिर्फ पांच दिनों में काले से गोरा करने, या मात्र एक खुशबू वाले डियोड्रेंट के स्प्रे मात्र से महिलाओं को आपके प्रति आकर्षित करने का दावा करने वाले विज्ञापन आपने खूब देखे होंगे। अभी कुछ दिन पहले साइंस जर्नल 'मेडिसिन' ने भारत में बेचे जाने वाले और उपभोग किए जाने वाले सबसे लोकप्रिय प्रोटीन पाउडर के 36 विभिन्न ब्रांडों पर किए गए विश्लेषण के निष्कर्ष प्रकाशित किए थे। विश्लेषण से पता चला कि 36 पूरकों में से लगभग 70 प्रतिशत में प्रोटीन की गलत जानकारी थी, कुछ ब्रांड अपने दावे का केवल आधा हिस्सा ही पेश कर रहे थे। इसके अलावा, लगभग 14 प्रतिशत नमूनों में हानिकारक फंगस थे, जबकि 8 प्रतिशत में कीटनाशकों के अवशेष दिखाई दिए। ये नतीजे भ्रामक जानकारी, पारदर्शिता की कमी और ऐसे उत्पादों से उत्पन्न संभावित स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में बढ़ती चिंता को दर्शाते हैं। पर्यावरणीय स्थिरता और सचेत उपभोग के बारे में चिंतित दुनिया में ग्रीनवाशिंग एक बढ़ती हुई चिंता बन गई है। ग्रीनवॉशिंग, जिसे उत्पादों या सेवाओं के बारे में भ्रामक पर्यावरणीय दावे के रूप में परिभाषित किया गया है, ने नियामकों, उपभोक्ताओं और वकालत समूहों का समान रूप से ध्यान आकर्षित किया है। हाल ही में, यूरोपीय संसद और भारतीय न्यायपालिका, दोनों ने इस मुद्दे को संबोधित करने के लिए निर्णायक कदम उठाए, जो सख्त नियमों और विपणन प्रथाओं में अधिक जवाबदेही की ओर वैश्विक बदलाव का संकेत है। इसी तरह, भारतीय न्यायपालिका द्वारा उत्पादों की प्रभावकारिता के बारे में भ्रामक और निराधार दावे करने के लिए पतंजलि समूह की निंदा करना कंपनियों को उनकी मार्केटिंग के प्रति जवाबदेह बनाने के महत्व को रेखांकित करता है। न्यायपालिका का निर्णय उपभोक्ताओं को गलत जानकारी के आधार पर विकल्प चुनने से बचाता है और यह सुनिश्चित करता है कि कंपनियां अपने विपणन संचार में नैतिक मानकों का पालन करें। ग्रीनवाशिंग या भ्रामक विज्ञापन न केवल उपभोक्ताओं को गुमराह करते हैं, बल्कि टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देने और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के प्रयासों को भी कमजोर करते हैं। भ्रामक विज्ञापनों पर नकेल कस कर नियामक कंपनियों को अधिक जिम्मेदार और पारदर्शी विपणन रणनीति अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। भ्रामक विज्ञापनों को संबोधित करने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसमें नियामकों, उद्योग हितधारकों, उपभोक्ता वकालत समूहों और जनता के बीच सहयोग शामिल होता है।

देश दुनीया से

# अस्मिता का सवाल उठाने से नहीं चूकते दक्षिण के क्षेत्रीय दल

चुनावी अभियान ही नहीं, सामान्य दिनों में भी दक्षिण के क्षेत्रीय दल अपनी भाषायी अस्मिता का सवाल उठाने से नहीं चूकते। तमिलनाडु इस मामले में अगुआ रहा है। अक्सर ऐसे अभियानों में केंद्र सरकार और भाजपा जैसी पार्टियां ही निशाने पर रहती हैं। लेकिन भाषायी अस्मिता को चुनावी मुद्दा बनाने में उस कांग्रेस का नाम भी जुड़ गया है, जिसने स्वाधीनता आंदोलन के दौरान हिंदी को देश की प्रमुख भाषा बनाने का अभियान चलाया था। कोयंबटूर की चुनावी सभा में राहुल गांधी ने तमिल लोगों को समझाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश में एक ही भाषा चाहते हैं। यानी प्रधानमंत्री मोदी और उनकी पार्टी तमिल के खिलाफ हैं। इस पर विवाद खड़ा होना स्वाभाविक है।

चुनावी अभियान के बीच आरोप-प्रत्यारोप कोई नई बात नहीं है। जब प्रचार तमिलनाडु जैसे राज्य में हो, तो भाषा अपने आप मुद्दा बन जाती है। चुनावी अभियान ही नहीं, सामान्य दिनों में भी दक्षिण के क्षेत्रीय दल अपनी भाषायी अस्मिता का सवाल उठाने से नहीं चूकते। तमिलनाडु इस मामले में अगुआ रहा है। अक्सर ऐसे अभियानों में केंद्र सरकार और भाजपा जैसी पार्टियां ही निशाने पर रहती हैं। लेकिन भाषायी अस्मिता को चुनावी मुद्दा बनाने में उस कांग्रेस का नाम भी जुड़ गया है, जिसने स्वाधीनता आंदोलन के दौरान हिंदी को देश की प्रमुख भाषा बनाने का अभियान चलाया था। कोयंबटूर की चुनावी सभा में राहुल गांधी ने तमिल लोगों को समझाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश में एक ही भाषा चाहते हैं। यानी प्रधानमंत्री मोदी और उनकी पार्टी तमिल के खिलाफ हैं। इस पर विवाद खड़ा होना स्वाभाविक है। भाजपा ने राहुल गांधी के इस बयान की शिकायत चुनाव आयोग से की है। वैसे राहुल गांधी कांग्रेस के पहले नेता नहीं हैं, जिन्होंने भाषा को लेकर ऐसा बयान दिया है। केरल के तिरूवनंतपुरम सीट से चुनाव लड़ रहे शशि थरूर भी चुनाव प्रचार में भाजपा पर ऐसे आरोप लगा चुके हैं। हालांकि उनके बयान को उतनी तवज्जो नहीं मिली, क्योंकि केरल में हिंदी को लेकर तमिलनाडु जैसा माहौल नहीं रहा है। तमिलनाडु में तो हिंदी विरोध में पिछली सदी के साठ के दशक के आखिरी दिनों में आंदोलन तक हो चुका है, लेकिन केरल में ऐसा नहीं है। चाहे राहुल हों या शशि थरूर, दोनों के बयानों का एकमात्र मकसद यही है कि वे अपने वोटरों को इस आधार पर अपने समर्थन में खड़ा करें और उनका मत हासिल करें। लेकिन सवाल यह है कि क्या ऐसे विभाजनकारी बयानों की चुनाव में जरूरत है? भारत की राजभाषा या राष्ट्रभाषा हिंदी हो, इसके खिलाफ पहला सवाल तमिलनाडु से ही उठा। तमिल विरोध के चलते संविधान के प्रावधान में हिंदी को जो हैसियत 26 जनवरी, 1965 को मिलनी चाहिए थी, नहीं मिल पाई। तमिलनाडु में हुए हिंदी विरोधी आंदोलन की वजह से हिंदी देश की आधिकारिक रूप से संपर्क भाषा भी नहीं बन पाई। लेकिन तब से लेकर अब तक कावेरी और कृष्णा नदियों में काफी पानी बह चुका है। राजनीतिक बुनियाद पर भले ही दक्षिणी राज्यों में सीमित हिंदी विरोधी मानसिकता बची हुई हो, लेकिन इससे इन्कार नहीं किया जा सकता कि अब दक्षिणी राज्यों की सोच भी बदल रही है। अगर ऐसा नहीं होता, तो टूटी-फूटी ही सही, दक्षिणी राज्यों में भी हिंदी लिखने-बोलने की कोशिश नहीं होती। हिंदी सिनेमा के गाने दक्षिणी राज्यों में पसंद नहीं किए जाते। हिंदी की राह में सबसे बड़ी बाधा राजनीति रही है। अपने फायदे-नुकसान को ध्यान में रखते हुए वही स्थानीय लोकभावनाओं को कभी पक्ष, तो कभी विपक्ष में भड़काती है। महात्मा गांधी का सपना था कि आजाद भारत की अपनी भाषा हो, वह केंद्रीय भाषा बने। गुजरातीभाषी होते हुए भी उन्हें हिंदी में ही यह ताकत और संभावना नजर आई। लेकिन स्वाधीन भारत के राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते हिंदी आधिकारिक रूप से केंद्रीय भाषा नहीं बन पाई। राजनीति ने हिंदी विरोध के लिए अब नया बहाना ढूंढ़ लिया है। बहुभाषिकता और भाषायी लोकतंत्र को बनाए रखने के नाम पर उसका विरोध किया जाता है। दिलचस्प है कि केंद्रीय भाषा के तौर पर विदेशी भाषा तो स्वीकार्य हो सकती है, लेकिन अपनी हिंदी नहीं। तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी द्रमुक हिंदी की घोषित विरोधी है। जब भी उसे मौका मिलता है, हिंदी विरोध में अपनी आवाज मुखर करने से वह नहीं हिचकती। जब नई शिक्षा नीति लागू हो रही थी, तब भी उसने आरोप लगाया था कि हिंदी को थोपने की कोशिश की जा रही है। द्रमुक इंडिया गठबंधन का प्रमुख हिस्सा है। लेकिन गौर किया जाना चाहिए कि तमिलनाडु में जब प्रधानमंत्री मोदी या अमित शाह या फिर योगी आदित्यनाथ प्रचार में उतरते हैं, तो हिंदी में बोलते हैं। उनके भाषणों का तमिल में अनुवाद होता है। अगर तमिल जनता हिंदी विरोधी होती, तो वह धैर्य से इन नेताओं का भाषण नहीं सुनती। लेकिन कभी ऐसा नहीं लगा कि तमिल लोगों ने इन नेताओं के हिंदी भाषणों में अरुचि दिखाई हो। साफ है कि हिंदी को लेकर दक्षिण का लोकमानस बदल रहा है, अगर नहीं बदल रही है, तो वह है राजनीति। हालांकि कांग्रेस तर्क दे सकती है कि एक भाषा थोपने की उसके नेताओं की बात के पीछे हिंदी विरोध नहीं है। लेकिन केंद्रीय भाषा के रूप में एक भाषा का मतलब स्वतंत्र भारत में हिंदी ही है। ऐसे बयानों से



आप का नजरीया

# सियासी आस्था से परे

बेशक मुकेश अग्निहोत्री की बेटी आस्था ने चुनाव लडने में अनिच्छा जाहिर की, लेकिन कुछ तो ऐसा रहा कि कांग्रेस के सियासी तराजू में उसका वजन देखा गया। जिस सौम्यता, सादगी और तहजीब का इजहार करती हुई आस्था ने राजनीतिक परंपराओं में खुद को अंकित कर लिया, वहां नई संभावनाओं के अक्स खुलते हैं। राजनीतिक शास्त्र में हिमाचल का अध्ययन फिलहाल इस स्तर का नहीं है कि पूरी तरह मूल्यांकन किया जाए, लेकिन कुछ तो ऐसे चेहरे आ रहे हैं जिनके कारण परिपाटी निश्चित रूप से बदलेगी। यहां आस्था बनाम कंगना के बीच बंटी हुई राजनीति का मूल्यांकन जरूर एक दिन होगा। आक्रामकता के मायनों में सियासत जिस चरित्र को खोज रही है, उसके विपरीत एक श्रृंखला आस्था अग्निहोत्री से शुरू होती है। जाहिर है डिप्टी सीएम ने राजनीतिक परिवार होने से पहले सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठ भूमि का पालन पोषण किया है। इस बेटी के उद्गार एक दिन राजनीतिक क्षेत्र के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं, लेकिन तात्कालिक अवसर से दूर रह कर अग्निहोत्री परिवार ने कांग्रेस का शिखर जरूर पैदा किया है। बतौर नेता प्रतिपक्ष मुकेश अग्निहोत्री की पिछली पारी से एकदम भिन्न वर्तमान सत्ता में उनका अंदाज व एहसास अपराजेय साबित होता है। भले ही उप मुख्यमंत्री के रूप में उनकी प्रशासनिक क्षमता के अनुपात में सरकार के विभाग न बंटे हों, लेकिन राजनीति का बड़ा इतिहास वह जीत चुके हैं। एक पिता के रूप में, बेटी में उसकी मां की विरासत पुनः जीवंत और मर्यादित दिखाई देती है, तो इस तरह वह राजनीति की वर्तमान स्थिति से कहीं मीलों आगे हो जाते हैं। तमाम सियासी पंडितों और कांग्रेस प्रेमियों के लिए हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की तारणहार अगर आस्था को माना गया, तो यह दर्जा मुकेश अग्निहोत्री की सियासत को परिपक्व, संतुलित और सहज स्वीकार्य बनाता है। यह केवल कांग्रेस के लिए ही नहीं, बल्कि तमाम राजनीतिक दलों के लिए भी एक प्रेरक प्रसंग की तरह याद किया जाना चाहिए, लेकिन इसी कांग्रेस के दूसरे पक्ष में तमाम घमासान व टिकट के इंतजार में इंतकाम के सबब सामने आ रहे हैं। अब कांग्रेस के बीच पार्टी के कार्यकर्ता नहीं, कोई राजपूत, कोई ब्राह्मण, कोई ओबीसी, कोई गद्दी, तो कोई दलित बना बैठा है। सोशल मीडिया पर राजनीतिक चरित्र के फटेहाल न देखे जा सकते और न ही समझे जा सकते। इन तमाम बुराइयों के बावजूद कुछ चेहरे सिद्धांत और मर्यादा की बात करने और कहने सियासत में आए हैं। विलुप्त होती परंपराओं के बीच जब कभी शांता कुमार सरीखा सियासी दिग्गज अपनी ही पार्टी और केंद्र सरकार पर प्रश्न उठाता है, तो लोकतंत्र की आत्मा जी उठती है। वह कांग्रेस सरकार के मुखिया वर्तमान मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू की कुछ योजनाओं व संकल्पों की तारीफ करते हैं, तो हिमाचल के संदर्भ सकारात्मक हो जाते हैं, लेकिन जिस तरह के आदान-प्रदान के बीच वर्तमान चुनाव के बोल सामने आ रहे हैं, उससे सामाजिक मूल्यों की न जाने कितनी अर्थियां उठ रही हैं।

**संक्षिप्त खबरें**

## सड़क दुर्घटना में हुई शिक्षक की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** सोमवार की सुबह एक शिक्षक की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतापपुर प्रखंड के अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय एघारा में शिक्षक के पद पर सत्यनारायण यादव नियुक्त थे। 2016 में शिक्षक के पद पर उनकी नियुक्ति हुई थी सतनारायण यादव कोडरमा जयनगर के रहने वाले थे और अपनी ड्यूटी पर अटेंडेंस बनाने उपस्थित होने के लिए चले आ रहे थे तभी पितीज के समीप सड़क दुर्घटना में इनकी बड़ी ही दर्दनाक मौत हो गई। उनकी मौत की खबर सुनकर पूरा शिक्षक परिवार मर्माहत है।

# बिरहु चौपे जंगल के बीहड़ से एसडीपीओ ने 150 किलो कत्था किया बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया थाना के शिला ओपी थाना क्षेत्र बिरहु चौपे के पारडाड़ी महनैया नदी किनारे 1 क्विंटल 50 किलो गीला कत्था एवं कत्था बनाने वाला देशी उपकरण सिमरिया एसडीपीओ अजय कुमार केशरी ने बरामद किया है। बरामद गीला कत्था का अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य 10 लाख बताया जा रहा है। हालांकि कत्था से जुड़े तस्करों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। एसडीपीओ अजय कुमार केशरी ने बताया कि बहुत दिनों से आरक्षी अधीक्षक चतरा को कत्था बनाने की जानकारी प्राप्त हो रही थी। जिसकी सत्यापन को लेकर एसडीपीओ अजय केशरी के अगुवाई में एक टीम गठित किया गया। जहां टीम ने सूचना के आलोक में बीहड़ घने जंगलों का खाक छानते हुए उक्त स्थल पर पहुंचा। जहां अधरनिर्मित 150 किलो कत्था बरामद किया गया। साथ हीं कत्था बनाने वाला देश उपकरण और एक जक एवं एक तराजू बरामद किया गया साथ हीं



खेर का लकड़ी जिससे कत्था का रस निकाला जाता है बड़ी संख्या में बरामद किया गया। मामले को लेकर सिमरिया, शिला थाना काण्ड संख्या 80/24 धारा 414/447 भादवी एवं 33/42 भारतीय वन अधिनियम के तहत 6 नामजद अभियुक्त के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। साथ हीं सभी नामजद अभियुक्तों के खिलाफ छपेमारी जारी है। बता दें कि जिस जगह से कत्था बरामद किया गया है उस जगह माओवादियों का डेरा हुआ करता था। किंतु एसडीपीओ अजय कुमार केशरी का साहस का क्या कहना उन्होंने ने चौपे जंगल के बीहड़ में घुस कर अपने कार्य दायित्व का अंजाम दिया है। जिसे यूं कहा जाय कि मौत के मुँह से कुछ निकाल लेना। आपको बता दें कि यह कत्था का खेल छठ पर्व से हीं चला आ रहा था। पुलिस कई बार छापेमारी में गयी थी किन्तु सफलता हाथ नहीं लगा था। तस्करों ने छापेमारी के पूर्व लाखों का कत्था बिस्किट मंडियों में बेच चुका था। वहीं कत्था बनाने को लेकर पूर्व में भी उसी जंगल से ढेर सारा कत्था बरामद किया गया था। मौके पर शिला ओपी थाना प्रभारी बिष्णु चरण भोगता, रामानुज सिंह के अलावे सशत्र बल शामिल थे।

# शत प्रतिशत मतदान को लेकर मतदाताओं को किया गया जागरुक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत प्रखंड कर्मी और जनप्रतिनिधियों ने रैली निकाली। जिसमें लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। कहा कि पहले मतदान फिर जलपान। सोमवार को ब्लॉक परिसर से स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।जिसमे सभी लोग शामिल हुए। रैली का शुभारंभ बीडीओ विवेक कुमार ने किया। वही स्वीप कार्यक्रम में सीओ शंभु राम मतदाताओं को मतदान करने की अपील की। यह रैली ब्लॉक परिसर से शुरू होकर, दुर्गा मंडप, बाजार टाँड़, थाना परिसर, अम्बेडकर चौक, बरवाडीह होते हुए पुनः ब्लॉक परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। रैली के दौरान सभी लोगो ने नारे, स्लोगन आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। साथ ही उनसे मतदान करने और 18 वर्ष की आयु पूरी करने पर मतदाता बनने की जानकारी भी दी। इस मौके पर बीपीओ अजय सिन्हा, विनय कुमार, मुखिया मनोज कुमार साहू, प्रदीप साहू, एवं समूह के लोग शामिल थे।

## रड से किया हमला, युवक घायल, बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत लुब्धिया गांव के दो युवक में आपसी विवाद को लेकर मारपीट हो गई।जिसमें प्रकाश यादव घायल हो गया। जिसे लेकर प्रकाश यादव के पिता हेमराज यादव ने स्थानीय थाना में आवेदन दिया है।वहीं घायल प्रकाश यादव को स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर में इलाज कराया गया।और बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। हेमराज यादव के द्वारा दिए गए आवेदन में कहा गया है कि आपसी विवाद को लेकर गांव के ही तुलो यादव के पुत्र प्रमोद यादव के साथ प्रकाश यादव का झगड़ा हुआ जिसमें प्रमोद यादव ने प्रकाश यादव के माथे पर रड से हमला कर दिया जिससे प्रकाश यादव गंभीर रूप से घायल हो गया।यह घटना बीते शनिवार की है।वही प्रमोद यादव ने भी अपने बचाव के लिए थाना में आवेदन दिया है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि इस मामले में दोनों पक्ष से आवेदन प्राप्त हुआ है मामले की छान बिन की जा रही है।

## घर में घुसकर पति-पत्नी को पीटा



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना अंतर्गत मंझगावा पंचायत के इचाक गांव में पति पत्नी की पिटाई घर में घुसकर कर दिया गया। इस बाबत सिकंदर सिंह की पत्नी सरिता सिंह ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिक की दर्ज करते हुए कार्रवाई की मांग किया है। बताया गया कि रविवार को गांव के सुचित कुमार व किरण देवी के द्वारा घर में घुस कर किसी बात को ले गाली गलौज करने लगी। जबकि सरिता सिंह एवं सिकंदर सिंह की पिटाई कर दिया। जिससे दोनों पति-पत्नी घायल हो गए। दोनों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। इधर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# लंबित आवास को पुरा करने को लेकर बीडीओ की अध्यक्षता में की गई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** प्रखण्ड कार्यालय सभागार परिसर मे प्रखण्ड के सभी पंचायत में लंबित आवास को लेकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी के अध्यक्षता मे बैठक की गई। बैठक मे अध्यक्षता कर रहे प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नन्द कुमार राम ने एक महीने के अंदर लंबित पीएम आवास व अम्बेडकर आवास को पूरा करने का निर्देश दिया है. इस सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए आवास कोडिनेटर शशिपूनम कुजूर ने कहा की बारियातु प्रखण्ड में कुल 204 पीएम आवास व 15 अम्बेडकर आवास लंबित हैं। जिसमे पंचायत अमरवाडिह में 36 बालुभांग मे 14 बारियातु में 13 डाढा में 10 गोनिया में 33 फुलसु में 44 साल्वे में 08 सिबला में 31 तथा टोटी पंचायत मे 15 लाभुकों का पीएम आवास लंबित है, इसके साथ सी 15 अंबेडकर आवास भी लंबित पडा हुआ है. जिसे जल्द सें जल्द पूरा करना है। इसके लिए एक महिना का समय सीमा तय किया गया है। इस बैठक मे पंचायत सहायक शैलेश उरांव, कृष्णा प्रसाद, मनोज ठाकुर, अजय कुमार, कुलेश्वर यादव, आरिफ अंसारी, ओमप्रकाश, राजेंद्र यादव, महावीर उरांव, राजकिशोर, मुकेश यादव, सहित सभी आवास मित्र शामिल थे।

# पत्थलगड़ा पुलिस आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर लगातार कर रहे हैं बुथों का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण तरीके से करवाने हेतु पथलगड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न बूथों का निरीक्षण एवं विधि व्यवस्था संधारण के लिये थाना प्रभारी आलोक रंजन पथलगड्डा के नेतृत्व में केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स की एक कंपनी तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी महोदय पत्थलगड्डा श्री राहुल देव के द्वारा लगातार विभिन्न विभिन्न बुथों का निरीक्षण किया जा रहा है व बिजली, पानी सोचालय संसाधन हेतु निरक्षण एवं फ्लैग मार्च किया गया।

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति प्रमुख जयराम महतो पहुंचें गिद्धौर, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय मैन चौक में सोमवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के प्रमुख टाइगर जयराम महतो पहुंचे। जहां कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनकर भव्य स्वागत किया। जयराम महतो ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने की बात कही। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जयराम महतो जिंदाबाद, भारत माता की जय सहित कई नारे लगा रहे थे।मौके पर दर्शन दांगी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नदी के चुवाड़ी से बुझती है 15 घर आदिम जनजाति परिवार की प्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गारु :** सरकार देश को डिजिटल इंडिया बनाने पर जोर दे रही है लेकिन गारु प्रखंड के बारेसांढ़ पंचायत के मंगरा ग्राम के ग्रामीण आज भी मुलभुत सुविधा से वंचित है आजादी के 75 वर्षों के बाद भी गारु प्रखंड के कुछ गाँव विकास योजना से दूर है। बारेसांढ़ पंचायत अंतर्गत मंगरा ग्राम का हालत कुछ ऐसा ही है आज भी यहाँ के आदिम जनजाति नदी के चुवां का गन्दा पानी पी कर अपना प्यास बुझा रहे हैं इस गाँव में ना ही पीने के लिए शुद्ध पानी की बेवस्था है और ना ही बिजली की, ग्रामीण जोसफ ब्रीजया, राजेश ब्रीजया, मईकल ब्रीजया, आदि ने बताया की एक चपाकल है पर ख़राब है स्कूल के पास एक जमीनार है वह भी ख़राब है उसका बोरिंग धस गया है। नतीजतन स्कूल का भोजन नदी के पानी से बन रहा है यही कारण है की हमलोगों को चुवां का गन्दा पानी पीना पड़ रहा है गाँव मे तीन साल पहले बिजली का तार,पोल खुटा, ट्रांसफार्मर सब लगा हुआ है इसके बावजूद आज तक बिजली नहीं आई। ग्रामीणों ने बताया की हम आदिम जनजातियों का सुधी लेने वाला कोई नहीं है।

# झारखंड वोटर अवेयरनेस कांटेसस्ट में लातेहार लोक गायक रविकांत भगत ने जीता तीसरा पुरस्कार

## मुख्य निवार्चन पदाधिकारी के. रवि ने पुरस्कार प्रदान किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड निर्वाचन आयोग के द्वारा झारखंड वोटर अवेयरनस कांटेस्ट का आयोजन 29 अप्रैल को निर्वाचन भवन में किया गया।इस प्रतियोगिता में झारखंड के सभी जिलों से 20 म्यूजिक वीडिओ एलबम अलबम शामिल थे। प्रतियोगिता में लातेहार जिले के लोक कलाकार रवि कांत भगत को तीसरा पुरस्कार प्राप्त हुआ। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीइओ) के रवि ने रविकांत भगत को नकद पुरस्कार सहित ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया. शुभम संदेश से बातचीत करते हुए रविकांत भगत ने बताया कि उसने वोटर अवेर्नेस को ले कर एक नागपुरी गीत तैयार किया था। गीत के बोल थे हमीन हेकि भारत वासी, हमीन हेकि जिम्मेदार नागरिक, चला सभे करब मतदान, ई है संविधान के वरदान, देश के बेहतरी चुनब सरकार. उन्होने बताया कि इस गीत को खुद उन्होने लिखा और गाया है. जबकि संगीत सुकुल उरांव ने दिया है। एलबम में दिनेश देवा, विजय प्रभाकर, रिंकु उरांव, लवकेश उरांव, अंकिता बेक, बालकरण उरांव व सबिता उरांव ने अभिनय किया है. जबकि कैमरा एवं एडीटिंग रांची के रवि मुंडा ने किया है. रविकांत ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है और लोगों को अपने घरों से निकल कर मतदान अवश्य करना चाहिए. एक सशक्त लोकतंत्र के लिए शत प्रतिशत मतदान आवश्यक है। बता दें कि झारखंड रत्न से सम्मानित रविकांत भगत ने कुड़ुख व नागपुरी भाषा में एक वीडिओ एलबम का निर्माण किया है और कई कई पुरस्कार जीते हैं।

## गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी के द्वारा आरजेडी को मान सम्मान नहीं मिलने पर आरजेडी कार्यकर्ताओं में रोष



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** युवा राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष दिलेश्वर यादव ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि पूर्व में भी राष्ट्रीय जनता दल चतरा लोकसभा सीट से प्रत्याशी उतारा था और आरजेडी गठबंधन को मजबूती देने का काम किया है परन्तु आज चतरा लोकसभा में गठबंधन के द्वारा कांग्रेस को सीट मिलने पर युवा राष्ट्रीय जनता दल को विधानसभा में भी एवं अन्य कार्यक्रमों में विधायक को जीतने के बाद मान सामान नहीं दिया गया।लगातार युवा कार्यकर्ता अपमानित हो रहे हैं इसका बदला सभी युवा कमेटी द्वारा 15 मई 2024 को बैठक करके निर्णय लिया जाएगा।या समय रहते कार्यकर्ताओं को मान सम्मान दिया जाए और विपक्षी के सामने गठबंधन को मजबूती से लड़ाई लड़ने में सफल हो। राष्ट्रीय जनता दल को बचाने के लिए अब कार्यकर्ताओं को मान सम्मान दिलाने के लिए अंतिम दम तक संघर्ष जारी रहेगा।

# अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, दो की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ-पाँकी मुख्य पथ पर मेराल ग्राम के पास सोमवार की अहले सुबह एक अनियंत्रित कार पेड़ से जा टकराई। जिससे उसमें सवार दो लोगो की मौत हो गयी। घटना के सबंध में मिली जानकारी के अनुसार लवनाथ सिंह 56 वर्ष पिता केदार सिंह ग्राम बरकट्टा हजारीबाग निवासी एवं ऋतिक कुमार 21 वर्ष बीजेंद्र सिंह ग्राम होलंगगढ़ा ऊटा जिला चतरा निवासी दोनों मध्य प्रदेश में रहकर काम करते है। जहां से वे लोग कार जेएच 02 बीएफ 3101 से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान मेराल मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर एक पेड़ में टक्कर मार दिया। घटना के बाद हेरहंज पुलिस की मदद दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर धुर्व कुमार ने जांचोपरांत के बाद दोनो को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। वही घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार लवनाथ सिंह मध्यप्रदेश के सिंगरौली में रहकर कोलियरी में सीसीएल में काम करते थे। वही ऋतिक कुमार लवनाथ सिंह के दामाद जो एलाआईसी डेबलपमेंट ऑफ़िसर है उसके साथ काम करता था।

# बरवाडीह प्रखंड कार्यालय परिसर के नव निर्मित शौचालय वर्षो से पड़े हैं बेकार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** आसन्न लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण और सुविधायुक्त तरीके से कराने को लेकर जिला प्रशासन तैयारी में लगी हुई है। जहां बूथ स्तर पर पेयजल आपूर्ति, बिजली, शौच की व्यवस्था देने में जिला प्रशासन कमर कस ली है वहीं प्रखंड कार्यालय परिसर में 15 वें वित्त आयोग मनरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन के अभिसरण से निर्मित दो यूनिट शौचालय निर्माण जिसकी प्राक्कलित राशि लगभग तीन लाख रुपए हैं और जिसका वित्तीय वर्ष 2021- 22 में ही निर्माण कार्य पूर्ण हुआ जो अबतक प्रखंड प्रशासन की उदासीनता से बेकार पड़े हैं । आश्चर्य की बात यह है कि वहां शौच के लिए जल की व्यवस्था नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों के द्वारा सरकारी राशि का दुरुपयोग और बंदरबांट करने को यूं ही शौचालय निर्माण करा



दिया गया है। वहीं परिसर के दुसरे शौचालय की बात करें तो नव निर्मित शौचालय जर्जर हालत में पड़ी हुई है। वहीं परिसर में लगे वाटर एटीएम जो डीएमएफटी फंड से बना हुआ है बताया जा रहा है जिसकी चाबी गुम हो गई है जिस वाटर एटीएम का स्वादिष्ट जल का मजा अबतक सुदूरवर्ती व दूरदराज से आए ग्रामीण व जरूरतमंद लोगों ने नहीं चखा जो दुर्भाग्यपूर्ण है वही बात है सरकार जनता के प्रति संवेदनशील होते मूलभूत सुविधाएं देने में कोई कसर नहीं छोड़ती पर सरकारी नुमाइंदे व संवेदक सरकारी राशि का कमीशनखोरी और बंदरबांट में लगा रहता है। वहीं इस संबंध में जागरूक लोगों ने जिला प्रशासन से तपती धूप व गर्मी के मद्देनजर दूरदराज से आए ग्रामीणों के लिए उक्त सुविधाएं बहाल करने की गुजारिश रखी है।

## सहायक निर्वाचन निबंध पदाधिकारी की अध्यक्षता मे सभी बीएलओ पर्यवेक्षक के साथ की गई बैठक




**बारियातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय सभागार परिसर मे सोमवार को सहायक निर्वाचन निबंध पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के अध्यक्षता मे सभी बीएलओ व पर्यवेक्षक के साथ बैठक की गई. इस बैठक मे उपस्थित सभी बीएलाओ को मतदाता सुचना रजिस्टर, मतदाता पर्ची एवं अन्य सामग्री उपलब्ध कराया गया, एवं 13 मई तक निश्चित रूप सें हस्तगत कराते हुए ऐएसओ सूची तैयार करने तथा मतदान दिवस के दिन किये जाने वाले कार्यो के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मौके पर प्रशिक्षक अलोक कुमार दुबे, पर्यवेक्षक प्रकाश कुमार, चन्दन कुमार, बीएलओ विमला कुमारी, मधुमबला देवी, बविता देवी, सकलमनी देवी, पूजा कुमारी, सविता देवी आदि सभी बीएलओ पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

# इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जेपी पटेल पहुंचे बरही



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल चुनावी दौरा के दरम्यान बरही पहुंचे। इस दौरान इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जेपी भाई पटेल के साथ बरही विधायक उमाशंकर अकेला भी मौजूद थे। प्रत्याशी जेपी भाई पटेल व विधायक उमाशंकर अकेला का कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ माला पहनाकर स्वागत किया। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी परिचर्चा करते हुए उन्होंने जीत का मूल मंत्र दिया। बैठक धनबाद रोड स्थित युवा कांग्रेस नेता अमित जायसवाल के आवास पर हुई। इस दौरान जेपी पटेल ने कांग्रेसी कार्यकर्ताओ से कहा कि आप लोगों ने मुझे बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है, इस ज़िम्मेदारी को हम सब ने मिलकर निभाना है। कहा कि आज देश के हालात बहुत खराब है, हमारे देश का लोकतंत्र बहुत ख़तरे में है हमसबों की जिम्मेदारी है कि लोकतन्त्र कैसे बचें। इसके अलावा जेपी पटेल ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि भाजपा द्वारा संविधान पर किये जा रहे हमलों और आरक्षण को समाप्त करने के षड्यंत्र को लोगों के सामने रखा। देश को बचाने के लिए कांग्रेस को वोट देने की अपील की। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा चार सौ पार का नारा इसलिए दे रही है ताकि संविधान को बदला जा सके। उन्होंने बताया कि भाजपा के नीति और सिद्धांतों से उनका विचार नहीं मिल रहा था, जिसके कारण वह कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए है और पार्टी के सिद्धांतों को जनजन तक पहुंचाने का काम उनके द्वारा किया जा रहा है। वहीं विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि चुनाव जेपी पटेल के साथ साथ इंडिया गठबंधन के तमाम दल के कार्यकर्ता लड़ रहे है। पार्टी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर वह हर स्तर से प्रयास कर रहे है। मौके पर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, पदमा 20 सूत्री अध्यक्ष संजय यादव, अमित जायसवाल, राजद नेता राजेन्द्र स्वर्णकार, शशि जयसवाल, हरि गुप्ता,

# झापा हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार ने चलाया जनसंपर्क अभियान, मांगा समर्थन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र से झारखंड पार्टी (झापा) के उम्मीदवार राजकुमार कुशवाहा ने शहरी क्षेत्र के बाबुगांव, मटवारी, कोर्रा आदि वार्डो में जनसंपर्क अभियान चलाते हुए अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि सभी के आशीर्वाद और सहयोग से लोकसभा चुनाव जीत कर क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करेंगे। नारी सशक्तिकरण को लेकर उन्होंने विशेष तौर पर जोर देते हुए कहा कि नारी सशक्तिकरण के बिना राष्ट्र का विकास अधूरा है नारी सशक्तिकरण को लेकर उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से कार्य योजना बनाकर विकास की बात कही। इस मौके पर मटवारी के कुम्हाटोली मोहल्ले में महिलाओं ने उनका जोरदार स्वागत करते हुए अपार मतों से जीत दिलाने की बात कही। कहा कि हम लोग भी राष्ट्रीय पार्टियों से उब चुके हैं और इस बार झारखंड पार्टी जो झारखंड की क्षेत्रीय पार्टी है उसी को जीत दिलाने का मन बना चुके हैं। सभी ने एक स्वर में संकल्पित होकर कहा कि क्योंकि राजकुमार कुशवाहा हमारे स्थानीय समाजसेवी के तौर पर काफी समय से सेवा दे रहे हैं और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर लगातार हिस्सा लेते रहे हैं।

## समाजसेवी बाबर ने की उपायुक्त से स्कूलों में छुट्टी करने की अपील

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाबर कुरैशी समाजसेवी ने उपायुक्त से अपील की है की गर्मी बहुत ज्यादा है 38, 39 डिग्री सेल्सियस तापमान चल रहा है छोटे-छोटे मासूम बच्चे इस गर्मी में स्कूल जा रहे हैं, जिससे लू लगने का बहुत ज्यादा खतरा है।इसलिए इस भीषण गर्मी को देखते हुए जल्द से जल्द स्कूल की छुट्टी दे दी जाए ताकि बच्चों को राहत मिल सके।

## जिले में तापमान का चढ़ा पारा,गर्म हवाओं से बचने की उपायुक्त ने की आमलोगो से अपील

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक हीट वेव चलने की चेतावनी जारी की है । इस मौसम में बच्चों से लेकर वृद्धजन को बेहोशी, मांसपेशियों में जकड़न, मिर्गी का दौरा, चिड़चिड़ापन, सिरदर्द, अधिक पसीना आना, कमजोरी, चक्कर आना, सांस व दिल की धड़कन तेज होना समेत उल्टी आना जैसी परेशानी हो सकती है । आमजनों को लू से बचने के लिए, खानपान से लेकर आवाजाही में विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। उपायुक्त नैंसी सहाय ने तापमान में बढ़ोत्तरी और गर्म हवा को लेकर जिलावासियों से अपने स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति सावधान रहने की अपील की है। उन्होने कहा है कि लू और अत्यधिक गर्मी में घर से बाहर निकलना आपके स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह हो सकता है । जरा सी लापरवाही लू की चपेट में आने का कारण हो सकता है, इसके गंभीर परिणाम भी हो सकते हैं। स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर तत्काल अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध चिकित्सकों से संपर्क करें। सभी केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में ओआरएस पाउडर व अन्य जरूरी दवाएं उपलब्ध है । लू से बचाव के लिए पर्याप्त पानी पीयें, भले ही प्यास न लगी हो। मिर्गी या हृदय, गुर्दे या यकृत की बीमारी से पीड़ित व्यक्ति जो तरल पदार्थ-प्रतिबंधित आहार पर हैं या जिन्हें द्रव प्रतिधारण की समस्या है, उन्हें तरल पदार्थ का सेवन बढ़ाने से पहले डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए। खुद को हाइड्रेटेड रखने के लिए ओआरएस, घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी चावल का पानी, नींबू पानी, छाछ, नारियल पानी आदि का उपयोग करें।साथ हीं हल्के, हल्के रंग के, ढीले, सूती कपड़े पहने।यदि बाहर हैं तो अपना सिर ढकें,कपड़े, टोपी या छाते का उपयोग करें। अपनी आंखों की सुरक्षा के लिए धूप का चश्मा और अपनी त्वचा की सुरक्षा के लिए सनस्क्रीन का प्रयोग करें। बुजुर्गों, बच्चों, बीमार लोगों का विशेष ध्यान रखें क्योंकि वे अत्यधिक गर्मी के शिकार होते हैं। सभी नियोक्ता,कंपनी या संस्थान अपने श्रमिकों को आराम करने के लिए छायादार स्थल, साफ पानी, छाछ, आइस-पैक,प्राथमिक चिकित्सा किट प्रदान करें।कठिन कामों को दिन के ठंडे समय में शेड्यूल करें।उच्च ताप वाले क्षेत्र में नए श्रमिकों को हल्का काम और कम घंटे दें।गर्भवती महिलाओं और चिकित्सीय स्थिति वाले श्रमिकों पर अतिरिक्त ध्यान दिया जाना चाहिए। पालतू पशुओं से सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे के बीच काम न कराएं । उनके शेड,छत को पुआल से ढकें, सफेद रंग से रंगें या गोबर-मिट्टी से प्लास्टर करें। शेड में पंखे, पानी के स्प्रे और फॉगर्स का उपयोग करें। अत्यधिक गर्मी के दौरान, पानी का छिड़काव करें और मवेशियों को ठंडक के लिए जलाशय में ले जाएं।साथ हीं पोल्ट्री हाउस में पर्दे और उचित वेंटिलेशन प्रदान करें।दोपहर के समय मवेशियों को चराने,बाहर निकालने से बचें।.

# गुलमोहर पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ वाटरमेलन डेका प्रोग्राम




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हर साल की तरह गुलमोहर पब्लिक स्कूल में वाटरमेलन डेका कार्यक्रम स्कूल प्रबंधन के द्वारा आयोजित किया गया।कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से 2 तक के बच्चों ने भाग लिया।जीएम बच्चों को तरबूज की विशेषता बताई गई, उनसे ड्राइंग करवाया गया ,डांस प्रोग्राम करवाए गए तथा उन्हे तरबूज भी खिलाया गया।कार्यक्रम में बच्चों को गर्मी में तरबूज क्यों खाना चाहिए तथा इसकी उपयोगिता के बारे में बताया गया।इस पूरे कार्यक्रम में सहयोग करने के लिए शिक्षिका अंकिता,फूल कुमारी कंचन सृष्टि जैन, नमिता सिंहा,इलियास,रिजवाना सिमौन समेत अन्य शिक्षकों ने भाग लिया।विद्यालय की प्राचार्य ने भी बच्चों के साथ खूब मस्ती कर कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को उत्साहित करते हैं और बच्चों को एक साथ मिलजुल करके कार्यक्रम में भाग लेने की ऊर्जा भी प्रदान करते हैं। स्कूल की कोशिश रहती है कि वह हर महीने बच्चों के लिए ऐसे कार्यक्रम का आयोजन करें ताकि बच्चों को पढ़ाई के साथ और भी प्रैक्टिकल जानकारी मिले।


# समाचार संकलन करने गए पत्रकार पर डॉक्टर ने किया हमला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज स्थित नेत्र विभाग के हेड केके लाल ने एक दैनिक अखबार के वरिष्ठ पत्रकार तब हमला कर दिया जब पत्रकार नेत्र विभाग न्यूज संकलन करने गए थे। पत्रकार सुबोध मिश्रा ने बताया की मैं सोमवार दोपहर एक बजे के आसपास नेत्र विभाग गया था। मुझे जानकारी मिली थी की विभाग में कई खामियां हैं, जब विभाग के अंदर गया तो विभाग के हेड डॉ केके लाल ने मुझ पर अचानक हमला कर दिया। इस दौरान कहा की तुम यहां के खामियां को दिखाने का कोशिश करते हो, मैं तुम्हे छोडूंगा नही। साथ ही कहा की मेरा वेतन डीसी से भी ज्यादा है तुम मेरा कुछ नही बिगाड़ सकते। इतना कहते हुए मुझे विभाग के बाहर रेलिंग में पटक दिया, जिससे मैं घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही जिले के दर्जनों पत्रकार घटना स्थल पहुंच गए और धरने पर बैठ गए। सभी पत्रकार डॉक्टर पर कारवाई की मांग करने लगे। इस दौरान पत्रकार भी डॉक्टर के व्यवहार से काफी आक्रोशित थे। घटना की जानकारी पाकर सीओ मयंक भूषण और मेडिकल कॉलेज के सुप्रीटेंडेंट बिनोद कुमार पहुंच पत्रकारों से मामले की जानकारी ली और धरना समाप्त करने का आग्रह किया, मगर पत्रकार उक्त डॉक्टर पर कारवाई की मांग पर अड़े रहे। सुप्रीटेंडेंट के द्वारा उक्त डॉक्टर पर कारवाई के लिए विभाग को लिखने और घटना में शामिल एक अन्य पर करवाई करने का आश्वासन दिया। उसके बाद पत्रकारों ने धरना समाप्त किया। इस दौरान भाजपा नेता बटेश्वर मेहता और सदर विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौर, समाजसेवी गणेश कुमार सीटू, मनोज गुप्ता समेत कई अन्य भी मौके पर मौजूद रहे। खबर लिखे जाने तक एफआईआर की

# डॉ के लाल के द्वारा वरिष्ठ पत्रकार के साथ मारपीट कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं : सुरजीत नागवाला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कोऑर्डिनेटर सुजीत नागवाला ने हजारीबाग के वरिष्ठ पत्रकार के साथ मारपीट की घटना को लेकर सूबे के मुख्यमंत्री ,स्वास्थ्य मंत्री , डीजीपी ,डीआईजी, डीडीसी और डीसी को ट्वीट कर पूरे मामले की जानकारी दी है और कार्रवाई करने का आग्रह किया है, विदित हो की शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में सुविधा के नाम पर जीरो है लेकिन अगर कोई पत्रकार इस नाकामी को उजागर करने का प्रयास करता है तो डॉक्टर का व्यवहार काफी अपमानजनक होता रहा है और इसी क्रम में आज हजारीबाग के वरिष्ठ पत्रकार के साथ डॉक्टर के के लाल के द्वारा मारपीट की घटना की गई है जो किसी भी रूप से बर्दाश्त के योग्य नहीं है, पूर्व में भी डॉक्टर के के लाल हजारीबाग मेडिकल कॉलेज के सुपरिंटेंडेंट रहे हैं और इनके कारनामे जग जाहिर रहे हैं, जहां एक और डॉक्टर का व्यवहार संयमित होना चाहिए और सुविधा क्या अनुरूप अपनी ड्यूटी करनी चाहिए वहीं दूसरी ओर हजारीबाग से भिखारी मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर ड्यूटी तो ढंग से निभा नहीं पाते हैं गरीबों को तो लाभ दे नहीं पाते हैं और उसके बावजूद अगर कोई पत्रकार लोगों को इस नाकामी को बताने का काम अगर करते हैं तो उनके साथ इस तरह की घटना घटित की जाती है।

# अर्श पब्लिक स्कूल करियातपुर के दो छात्रों ने झारखंड पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा में पाई सफलता



आयुष कुमार सीएमएल -740, कैटोगरी रैंक -150

विशाल कुमार सीएमएल रैंक -223, कैटोगरी रैंक -47

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपूर में संचालित अर्श पब्लिक स्कूल के दो छात्र विशाल कुमार एवं आयुष कुमार ने झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता द्वारा अयोतजीत पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त किया है। इस सफलता से विद्यालय के साथ साथ अपने क्षेत्र का नाम रौशन किया है। विशाल कुमार ने सीएमएल रैंक 223 और कैटोग्री रैंक 47 प्राप्त किया है।वहीं आयुष कुमार सीएमएल रैंक 740 एवं कैटोग्रि रैंक 150 प्राप्त किया। विद्यालय के संचालक सह प्राचार्य शत्रुधन कुमार ने बताया के हमारे विद्यालय में एकेडमिक के साथ साथ बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की भी जानकारी तथा तैयारी करवाई जाती है। बच्चों की सफलता उनके मेहनत और विद्यालय की बेहतर पठन - पाठन के द्वारा हुवा है। हमारे विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं काफी लगन और मेहनत से बच्चों को पढ़ाने का काम करते हैं। आगे उन्हों ने सफल छात्रों की उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। बता दें की विशाल कुमार इस विद्यालय के संचालक सह प्राचार्य के पुत्र है। पूर्व में विशाल ने सैनिक स्कूल की परवेश परीक्षा में भी पास किया था लेकिन लॉक डाउन के कारण नामांकन नहीं करवा पाया था।

## जेपी भाई पटेल ने कोलियरी मजदूर संघ एवं झामुमो के पदाधिकारियों संग बैठक किया




**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने सोमवार को दो महत्वपूर्ण बैठकों में हिस्सा लिया। सर्वप्रथम उन्होंने बड़कागांव के उरीमारी में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के सदस्यों एवं पदाधिकारियों संग बैठक की। मजदूर संघ के इस बैठक में उन्होंने मजदूरों के साथ संवाद स्थापित किया। मजदूरों ने केंद्र सरकार की नीतियों पर रोष जताते हुए कहा कि सरकार मजदूरों की अब एक नहीं सुन रही है। जय प्रकाश पटेल ने कहा कि कांग्रेस के सरकार में आने के बाद मजदूरों को सबसे पहले उनका हक दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि न्यायपत्र में कांग्रेस ने मजदूरों के साथ न्याय करने की बात कही है जो हमारी प्राथमिकता होगी। बैठक में मौजूद सभी लोगों ने एक स्वर इंडिया गठबंधन को जिताने का संकल्प लिया। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हम झारखण्ड के शहीदों की कुर्बानी को व्यर्थ नहीं जाने देंगे। उनलोगों ने जल, जंगल और जमीन को बचाने के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। अब हम इस लड़ाई को जारी रखेंगे। दोपहर में उन्होंने झामुमो द्वारा आयोजित बैठक में हिस्सा लिया। इस बैठक में चुनाव की रणनीतियों पर चर्चा हुई। झामुमो के जिला प्रभारी संजीव बेदिया ने यहां उनका फूल माला पहना कर स्वागत किया। साथ ही कई अन्य पदाधिकारियों ने उनका अभिवादन माला पहना कर किया। बैठक के दौरान जेपी भाई पटेल ने आरक्षण खत्म करने वाली बात पर भाजपा को जम कर लताड़ा। उन्होंने कहा कि अमित शाह भूल जाएं कि आरक्षण अभी खत्म कर सकते हैं। आरक्षण पर हमला देश के संविधान पर हमला है। जनता इसे बिल्कुल माफ नहीं करेगी। इस चुनाव में जनता हज़ारीबाग़ लोकसभा से कांग्रेस को जीता कर इतिहास लिखने का काम करेगी।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय में वाद-विवाद व निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में सोमवार को युवा और राजनीति- नेताओं के समर्थन और आलोचना के बीच संघर्ष पर वाद-विवाद एवं शिक्षा और समाज - विद्यार्थियों के अधिकारों की सुरक्षा और प्रयोजन्मूलक शिक्षा के बीच संबंध विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बता दें कि आगामी 16 मई को विश्वविद्यालय का 9वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा, जिसके उपलक्ष्य में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां व खेलकूद सहित कई अन्य प्रतियोगिताएं करायी जा रही है। ?इसी के तहत सोमवार को वाद-विवाद एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में युवाओं और राजनीति को लेकर खुलकर अपने विचार रखे। वाद-विवाद प्रतियोगिता में निर्णायक मंडली की भूमिका में डॉ रोजीकांत, डॉ पूनम चंद्रा व प्रभात किरण जबकि निबंध प्रतियोगिता में अजीत कुमार, संजय दांगी व पंकज प्रज्ञा ने निर्णायक मंडली की भूमिका निभाई। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि दरअसल वाद-विवाद, निबंध या अन्य प्रतियोगिताओं से ना केवल विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है बल्कि उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा भी जागृत होती है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के समावेशी विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। यही वजह है कि पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियां व अन्य प्रतियोगिताओं के लिए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। बताते चलें कि 30 अप्रैल को मेंहदी, चित्रकला, 01 मई को गायन, 02 मई को नृत्य, 03 मई को फैशन शो और 04 मई को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सभी विजेता प्रतिभागियों को आगामी 16 मई के स्थापना दिवस कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा। वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में सेक आबिद, सर्वजीत कुमार, मनीष कुमार, सार्थक कुमार, समर्थ कुमार, अनुज कुमार पाण्डेय, राज सौरभ, सुरभी नायक, श्रुति सिंह, कुंदन कुमार यादव, प्रेमचंद कुमार, राहुल कुमार यादव, हेरा फातिमा, तनिष्का कुमारी, रौशन कुमार, सूरज कुमार, अंकित कुमार सहित अन्य के नाम शामिल हैं।

# लोकसभा चुनाव के लिए वाहनों में जप्ती पर्ची चिपकाये जा रहे हैं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग के द्वारा तैयारियां जोरों पर की जा रही है। हजारीबाग लोकसभा चुनाव का मतदान 20 मई होना है। तमाम बूथों का सत्यापन के पश्चात मतदाताओं एवं चुनाव कर्मियों के लिए मूलभूत सुविधाओं का कार्य तेजी से किया जा रहा है। सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी बालेश्वर राम ने बताया कि बड़कागांव प्रखंड के सभी 127 बुथों में पानी बिजली शौचालय के अलावा अन्य सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। आवागमन के लिए वाहनों की जब्ती पर्ची वाहनों में चिपकाई जा रही है । प्रखंड में डेढ़ सौ वाहन चुनाव कार्य के लिए लेना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें 100 वाहन रामगढ़ और 50 वाहन बड़का गांव प्रखंड में चुनाव हेतु कार्यों में लगाए जाएंगे। दंडाधिकारी के द्वारा वाहनों में जप्ती पर्ची चिपकाने का भी कार्य जोरों पर की जा रही है। जप्ती पर्ची चिपकाए गए सभी वाहन को 15 मई तक प्रशासन के समक्ष जमा कर देना है।

# दिवंगत पत्रकार टीपी सिंह और शाद्वल कुमार की पुण्यतिथि पर हजारीबाग प्रेस क्लब में दी गई श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग प्रेस क्लब में दिवंगत पत्रकार टीपी सिंह और शाद्वल कुमार की पुण्यतिथि पर दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। उपस्थित पत्रकारों ने टीपी सिंह और शाद्वल कुमार के द्वारा पत्रकारिता जगत में किए गए कार्यों को विस्तार से बताया गया। बारी बारी से सबों ने दोनो के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। अध्यक्ष मुरारी सिंह ने कहा की टीपी सिंह और शाद्वल कुमार ने हजारीबाग में पत्रकारिता को नया आयाम दिया था। दोनो निर्भीक होकर जनसमस्याओं को उठाते थे। सचिव विस्मय अलंकार ने कहा की मेरे पास शब्द नहीं है ऐसे निर्भीक पत्रकार के बारे में बोलने के लिए। उन दोनो ने कई ऐसे मौकों पर पत्रकारिता का लोहा मनवाया है। वरिष्ठ पत्रकार कृष्णा गुप्ता ने कहा हम पत्रकारों ने अपना मार्ग दर्शक और साथी खोया है जिसका भरपाई संभव नहीं। मौके पर भाजपा नेता बटेश्वर मेहता, अनूप कुमार वर्मा, अर्जुन सोनी, सुबोध मिश्रा, दीपक सिंह, उमेश पांडे, राजकुमार गिरी शानू, सागर कुमार, सुनिल श्रीवास्तव, आशीष कृष्णन,गौरव प्रकाश, अनुज सिन्हा, सचिन खंडेलवाल, आशीष सिन्हा, भास्कर उपाध्याय, शशांक शेकर सिंह, अभिसेक पांडे, रवि शर्मा, कुणाल सिंह, विवेक सिंह, रवि सिंह, फैज अनवर, उमेश चौबे, संजय विश्वकर्मा, सुशांत सोनी, प्रदीप सिन्हा, अर्जुन टुड्डु, एबी लाल, सीतेश कुमार, रुपांशु चौधरी, सोनू केशरी, राजेश दुबे, सुमन सिन्हा समेत कई पत्रकार उपस्थित थे।

# दिव्यांगजनो द्वारा निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा निर्वाचन 2024 मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में सभी मतदाताओं का मतदान सुनिश्चित कराने के ध्येय को लेकर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत दिव्यांगजनों को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। एम्फी थियेटर (झील परिसर से) जागरूकता रैली सुबह 9 बजे प्रारंभ हुई एवं त्रिमूर्ति चौक में समाप्त हुई। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में दिव्यांगजन मौजूद रहें। रैली के दौरान सभी मतदाताओं को 20 मई के दिन हजारीबाग लोकसभा चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सशक्त लोकतंत्र का निर्माण करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा रैली में मौजूद सभी दिव्यांजनों को मतदाता शपथ भी दिलाई गई। साथ ही आम मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने एवं लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान के दिन अपने अपने मत का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील किया। इस दौरान स्वीप पंपलेट, हैंडबील आदि वितरित किए गए।

## भाजपा प्रत्याशी मनीष व पूर्व विधायक का तूफानी जनसम्पर्क अभियान, भाजपा के पक्ष में माँगा जनसमर्थन



**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के साथ दर्जनों गाँवों में जनसम्पर्क अभियान चलाकर भाजपा के पक्ष में जनसमर्थन माँगा। जनसम्पर्क अभियान को सम्बोधित करते हुए भाजपा के सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कहा मोदी की गारंटी को दोहराते हुए कहा कि देश आज सुरक्षित हाथो में है। मोदी ज के जनहित व कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। आज दुनिया भारत को सम्मान की नजरों से देखता है। तीसरी बार मोदी ज पीएम बनेंगे तो कई योजनाएं है जो भारत का तस्विर बदल देगा। वही पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि भाजपा उम्मीदवार के प्रति लोगों में उत्साह का माहौल है। प्रचंड गर्मी में आपका घरों से बाहर निकलना मनीष जी के जीत की गारंटी बन रहा है। एक सवाल के जवाब में श्री यादव में कहा कि देश में आरक्षण को लेकर विपक्ष भ्रम फैला रही है। मैं दावे के साथ कह सकता हूँ कि किसी में दम नही है जो आरक्षण को समाप्त कर दे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


## बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने प्रिवे लॉन्च किया



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की अग्रणी निजी सामान्य बीमा कंपनियों में से एक बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने आज प्रिवे को लॉन्च कर दिया। यह एक एक्सक्लूसिव कस्टमर इक्सपीरीयंस प्रोग्राम है जो बेजोड़ क्वालिटी के साथ साथ ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवा तक अपनी पहुंच प्रदान करता है। परंपरागत रूप से, भारत में पिछले कुछ सालों में बीमा का विस्तार करने का प्रयास ज्यादातर टियर 2/टियर 3 स्थानों और ग्रामीण बाजारो में केंद्रित रहा है, जिसमे मुख्य रूप से मध्यम, उच्च मध्यम वर्ग और ग्रामीण ग्राहक शामिल हैं। उपरोक्त सभी ग्राहक खंडों (customer segments) में बीमा पैठ बढ़ाने पर अपने मजबूत फोकस के अलावा, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस अब ग्राहकों के एक विशेष क्लास को अपनी सेवाएं देगा, जिन्हें आमतौर पर बढ़ी हुई कवरेज सीमा के साथ बीमा सोल्युशंस की आवश्यकता होती है। ऐसे समझदार ग्राहकों की वित्तीय और लाइफस्टाइल से जुड़ी प्राथमिकताओं के अनुरूप उनकी जरूरतों और सुरक्षा को पहचानते हुए, प्रिवे ट्रडिशनल बीमा प्रोडक्टस से कहीं आगे निकल जाता है। प्रिवे का हिस्सा बनकर, ग्राहकों को उनकी विशिष्ट और प्राथमिकता वाली बीमा सेवाओं की एक रेंज मिल जाती है, जिससे उनकी आवश्यकताओं को आसानी से पूरा किया जाता है।प्रिवे का हिस्सा बनने के लिए, ग्राहकों के पास उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार स्वास्थ्य, घर, मोटर, व्यक्तिगत दुर्घटना और साइबर, बीमा जैसे उत्पादों की एक श्रृंखला से चयन करने की सुविधा है।

## 24 घंटे से टुंगरी टोला के ग्रामीणों कर रहे हैं विरोध



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरका सयाल सीसीएल के सयाल डी के आउट सोर्सिंग कम्पनी आर ए मायनिंग के द्वारा हैवी ब्लास्टिंग को लेकर टुंगरी टोला के ग्रामीणों के द्वारा 24 घंटे से लगातर किया जा रहा है विरोध प्रदर्शन। सैकड़ो की संख्या में महीला पुरुष आर ए माइनिंग के खिलाफ मोर्चा खोला कर रहे है नारे बाजी। महिलाओं का रो-रो कर बुरा हाल है उनका कहना है कि जब ब्लास्टिंग होती है तो घर में उड़कर पत्थर आते हैं जिससे घर में रह रहे बच्चे बुजुर्ग दहशत में है अगर किसी तरह की अप्रिय घटना घटिति है तो हम लोग कहां जाएंगे अगर किसी की मौत होती है तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी।।महिलाओं का साफ कहना है कि मुआवजा देकर हम लोगों को पुनर्वास दिया जाए।

## टोंगी में मण्डा पूजा व मेला का आयोजन को लेकर बैठक की गई



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को ग्राम टोंगी महादेव मण्डा घर में ग्रामीणों व समाजसेवि व्यक्तियों की बैठक अरूण कुमार बेदिया के अध्यक्षता व कुलदीप बेदिया के संचालन में हुई। इस बैठक में सर्व सहमति यह निर्णय लिया गया कि कि दिनांक 9/6/2024 दिन रविवार को बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मण्डा पूजा व मेला का आयोजन किया जाएगा । इस कार्यक्रम के लिए अपने गांव में चंदा करने की तैयारी किया जायेगा । इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित समाजसेवी राजेश बेदिया गजेन्द्र बेदिया जागेश्वर बेदिया हीरालाल संजय आशिक राजेन्द्र महेश पाहन शनिनाथ गोपाल दिलीप रवि मुन्ना करमाली बजिया जगदीश असमा आदि उपस्थित थे।

## पंचायत सचिव नरेश प्रसाद हुए सेवा निवृत, विदाई समारोह का हुआ आयोजन



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पतरातू ब्लॉक पंचायत सचिव नरेश प्रसाद के सेवानिवृत होने पर प्रखंड परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।और नरेश प्रसाद को भावभीनी विदाई दी गई विदाई समारोह में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता अंचल अधिकारी अमित भगत के साथ सभी पंचायत सेवक एवं अंचल व प्रखंड के सभी कर्मी उपस्थित थे। बताते चले की नरेश प्रसाद तीन पंचायत का कार्य भाग संभाल रहे थे नरेश प्रसाद पतरातू ब्लॉक के कर्मठ एवं संघर्षील पंचायत सचिव के श्रेणी में आते थे प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि पतरातू ब्लॉक में एक पुराने अनुभव एवं संघर्षील पंचायत सेवक सेवा निवृत हो रहे हैं जिसकी कमी को पूरा करना अब काफी कठिन होगा। मंच का संचालन बीसीओ राजेश एक्का ने किया। मौके पर प्रधान सहायक चितरंजन कुमार,पंचायत सेवक साक्षी बाला,ममता कुमारी चंद्रपाल महतो,सागर कुमार,शहजाद आलम,झमन महतो,सविता कुमारी प्रियंका कुमारी,सबिया कुमारी, फिलामिनो टोप्पो,प्रिया कुमारी, पायल शर्मा,रवि रंजन कमलेश कांत रंजन आदि के साथ प्रखंड व अंचल के सभी कर्मी उपस्थित थे।

## इनरव्हील क्लब ने लगवाया वाटर कूलर



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इनर व्हील क्लब रामगढ़ ने शहर के विश्वकर्मा मंदिर के प्रांगण में एक वाटर कूलर लगवाया है। भीषण गर्मी में आम लोगों को राहत पहुंचाने के लिए इनर व्हील क्लब में वाटर कूलर लगवाया है। श्री विश्वकर्मा मंदिर में इनर व्हील क्लब द्वारा लगवाए गए वाटर कूलर का विधिवत रूप से पूजा अर्चना के बाद उद्घाटन किया गया। इस मौके पर इनर व्हील क्लब रामगढ़ की अध्यक्ष मेघा बगड़िया, सचिव नीरू साहनी, पीडीसी शर्मिष्ठा दत्त,अनुराधा सराफ,जसविंदर होरा, नम्रता जैन, रंजू अरोड़ा, मनवीर कौर, दीपा बडेरा, जसमीत सोनी, पिंकी बंसल, बलविंदर कौर,पिंकी पोद्दार, जसप्रीत कौर, ममता बंसल, नीतू अग्रवाल,मीणा वडेरा,नवलजीत कोर, ममता अग्रवाल आदि मौजूद थी।

### लोकसभा प्रत्याशी जेपी भाई पटेल ने झामुमो कार्यकर्ताओ को किया संबोधित, कहा

# केंद्र की मोदी सरकार को इस बार जड़ से उखाड़ फेंकने का काम करेगी इंडिया गठबंधन : जेपी भाई पटेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** झारखंड में बढ़ती गर्मी के बीच चुनावी सरगर्मी भी बढ़ती जा रही है। वहीं इस भीषण गर्मी में लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतर कर लोगों से मुखातिब हो रहे हैं। इसी आलोक में सोमवार को हजारीबाग लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जेपी पटेल अपनी जीत सुनिश्चित करने को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी कार्यालय उरीमारी चेकपोस्ट में बड़कागांव विधनसभा स्तरीय कार्यक्रम के दौरान झामुमो कार्यकर्ताओ को संबोधित किए। सर्वप्रथम झामुमो के सभी पदाधिकारीगण ने प्रत्याशी जेपी भाई पटेल को माला पहनाकर स्वागत किया।वहीं इस कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार संयुक्त सदस्य सह हजारीबाग संयोजक मंडली के संयोजक संजीव कुमार बेदिया एवं संचालन झामुमो बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह ने किया।वही हजारीबाग लोकसभा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा भाजपा को हजारीबाग जिला से ही नहीं पूरे भारत देश से उखाड़ फेंकना है। तभी यहां के आदिवासी मूल निवासी का विकास हो सकता है। जब तक केन्द्र में भाजपा सरकार रहेगी तब तक आदिवासी मूलनिवासी गरीब तपते लोगों से शोषण करते रहेगा।भाजपा सरकार केवल पूंजीपतियों की सरकार है गरीब जनता के लिए यह सरकार सांप है। वहीं झामुमो के केन्द्रीय सचिव सह संयोजक संजीव बेदिया ने अपने संबोधित में कहा कि इस बार हजारीबाग लोकसभा के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को झारखंड मुक्ति मोर्चा का पूरा समर्थन मिलेगा। इसके लिए, जितना भी प्रयास हमको करना पड़ेगा मैं प्रयास करूंगा। हजारीबाग लोकसभा सीट में जितने भी विधानसभा आते हैं प्रत्येक विधानसभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा का कार्यक्रम करूंगा और इंडिया गठबंधन के प्रति वोट देने का आग्रह करूंगा। झामुमो केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी ने कहा कि केंद्र सरकार ने हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केंद्र एजेंसियों का दुरुपयोग कर गलत तरीके से उन्हें जेल भेज दिया। वहीं इस मौके पर पूर्व जिला सचिव नीलकंठ महतो, उदय अग्रवाल ,संजय करमाली, सरोज मेहता, चंद्रेद्र बेदिया, शैलेंद्र यादव ,संजय वर्मा, हरिलाल बेदिया, मुखिया प्रतिनिधि सतेन्द्र यादव, मुखिया जगदीश साव, रमेश प्रसाद, राजू साव, लव कुमार महतो, अजिमा खातून, आसिया खातून, रोहन राम बेदिया, मुकेश रावत, मोहन सोरेन, जावेद खान, कृष्णा साव, शंकर साव, उदय मेहता, बिनोद हेम्ब्रोम आदि सैकड़ो झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 14 वर्षो से फरार अभियुक्त को बासल पुलिस ने भेजा जेल

**भुरकुंडा :** 14 वर्षों से फरार अभियुक्त जराद (केन्दुडिपा) निवासी सोमर मुंडा उर्फ सोमर पाहन को गिरफ्तार कर बासल पुलिस ने न्यायिक हिरासत भेज दिया। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ. बिमल कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि सोमर मुंडा उर्फ सोमर पाहन क्षेत्र में देखा गया है। इसके बाद बासल पुलिस ने जीओभीटी (एफ) केस नंबर 373/2010 में 14 वर्षो से फरार चल रहे अभियुक्त सोमर मुंडा उर्फ सोमर पाहन उम्र करीब 60 वर्ष, पिता स्व. दुखन पाहन उर्फ दुखन मुंडा, ग्राम जराद (केन्दुडिपा), थाना बासल, जिला रामगढ़ को विधिवत गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

## लोकसभा आम निर्वाचन में मतदान करने को लेकर बच्चों ने अपने अभिभावकों को लिखा पत्र




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर रचनात्मक तरीके से विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को उनके मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में विशेष पहल के तहत रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा अपने अभिभावकों को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करने को लेकर पत्र लिखा जा रहा है वहीं जिला प्रशासन द्वारा जिन बच्चों द्वारा प्रभावी तरीके से अपने अभिभावकों को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने को लेकर पत्र लिखा जा रहा है उनके पत्र को जिला प्रशासन रामगढ़ के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स से पोस्ट किया जा रहा है, ताकि ज्यादा से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार के महत्व को समझ कर आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में बिना किसी भय, लोभ अथवा किसी भी चीज के प्रभाव में आए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक हो। पब्लिक उच्च विद्यालय कुज्जु की सुनैना कुमारी ने अपने अभिवावक को लिखा है कि, मैं सकुशल हैं। मैं आशा करती हूँ की आप सब सकुशल होगें आपको जान कर बहुत खशी होगी कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान प्रातः 07=00 बजे से संध्या 05=00 बजे तक 20 मई को होगा, मुझे बहुत खुशी होगी कि आप सब वोट देंगे पिताजी माताजी, भईया भी जाऐंगें इससे हमारे देश मे विकास होगा और हमें अच्छी सरकार मिलेगी इसलिए आप जरूर से जरूर जाएं और वोट दें।

## इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जेपी भाई पटेल का इंटक कार्यकर्ताओ ने किया स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी के शनिवार बाजार स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक कार्यालय में सोमवार को क्षेत्रीय सचिव राजू यादव कि अध्यक्षता में बैठक कि गई। वहीं इस बैठक में झारखंड आंदोलनकारी की अग्रणी भूमिका निभाने वाले झारखंड के धरती पर जन्मे बीर शहीद स्वर्गीय टेकलाल महतो के पुत्र सह हजारीबाग लोकसभा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल का मुख्य अतिथि के तौर पर आगमन हुआ। वही उरीमारी पहुंचते ही सर्वप्रथम जेपी भाई पटेल ने उरीमारी चेकपोस्ट स्थित भगवान सिद्धो कान्हो पर माल्यार्पण किया। इसके बाद ही व इंटक कार्यालय पहुंचे। वहीं उन्होंने इंटक कार्यालय में स्वर्गीय निर्मल यादव व स्वर्गीय दिलीप यादव के प्रतिमा पर माल्यार्पण श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसदौरान इंटक कार्यकर्ताओ ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जेपी भाई पटेल को माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं लोकसभा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जेपी भाई पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि पूरे हजारीबाग में जनता ने इस बार मन बना लिया है की कांग्रेस को वोट देना है। और यहां तक हजारीबाग सदर में भी लोगो का मन कांग्रेस के समर्थन में है, वहीं श्री पटेल ने यह भी कहा कि अगर में सभी पंचायत गांव,मोहला तक नही पहुंच पाता हु तो सभी को अपने आप को खुद जय प्रकाश भाई पटेल समझ कर कांग्रेस के पक्ष में वोट मांगे। वहीं उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा आज पलटी मार चुकी है। भ्रष्टाचार और महंगाई का मुद्दा बनाकर सत्ता में आई थी। परंतु आज देश में अनेको मुद्दों ने जन्म ले लिया है।वहीं कांग्रेस पार्टी के हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष राजू यादव ने जय प्रकाश भाई पटेल को आश्वस्त करते हुए कहा कि चारो पंचायत उरीमारी, पोटंगा,गरसुल्ला,अंगो से भारी बहुमत से वोट दिलाने का काम करेंगे हमारे कार्यकर्ता। वहीं इस मौके पर पोटंगा मुखिया चरका करमाली, सीताराम किस्कू, लालू माहतो,डा जी आर भगत, गणेश राम,सतेंद्र सिंह,जयंत तुरी,धर्मदेव करमाली, ओम प्रकाश कुमार, हसन राजा ,नरेश बेदिया,राजेंद्र यादव,अली हसन ख़ान,दीपक विश्व कर्मा,टहल गोप,बाल्मिकी यादव,नाथू प्रसाद ,राम नारायण प्रसाद,दशारम मांझी,सुरेश गिरी,नरेश करमाली,दिनेश करमाली,लखन प्रजापति,चंदू जयसवाल, उदय सिंह, कजरू उरांव रवि पवरिया, सिगू मांझी,दीपक यादव,अजय कुमार मिश्रा, संजय यादव आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे

## पीरी में चुनावी बैठक संपन्न, इंडिया गठबंधन के कई नेता हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बरकाकाना क्षेत्र के ग्राम पीरी में चुनावी बैठक संपन्न हुई।जिसमें इंडिया गठबंधन के कई नेता शामिल हुए और अपनी अपनी बातें रखी। बैठक के अंत में संकल्प लिया गया कि हजारीबाग लोकसभा के इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जेपी भाई पटेल को ज्यादा से ज्यादा मत देकर विजय बनाया जाएगा। क्षेत्र में भाकपा माले नेता कार्यकर्ता द्वारा लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में होने वाले मतदान में अपने गठबंधन के उम्मीदवार को जीताने के लिए गांव-गांव प्रचार की जा रही है और मत मांगा जा रहा। विशेष रूप में प्रभाव के सभी गांव टोलों में बैठकें की जा रही है। आज की बैठक की अध्यक्षता माले नेता कामरेड देवकी बेदिया ने किया और संचालन तृतीयाल बेदिया ने किया। बैठक को माले नेता कामरेड हीरा गोप, देवकीनंदन बेदिया, प्रदीपजी, डॉ शाहनवाज खान, झा मु मो नेता सुशील कुमार, भागीरथ महतो, कांग्रेस नेता शंभू सिंह, मदन दांगी और मुजफ्फर हुसैन ने संबोधित किया। नेताओं ने अपने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार हर मोर्चे में विफल रही है साथ ही महिलाओं के लिए काम करने का हव्वा खड़ा कर रही है जबकि महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने में नाकाम साबित हुई है। केंद्र की भाजपा सरकार झुटी विकास और प्रगति के नाम पर वाहवाही लूट रही है जबकि 2014 के मुकाबले में 2024 में देश का कर्ज 177 फीसद बढ़ते हुए 190 लाख कड़ोड पार कर गई है। ये कैसी प्रगति है। बैठक में मुख्य रूप से शीतल बेदिया, गोपी बेदीया, कयामुद्दीन अंसारी, इनायत हुसैन, नुरल्लाह अंसारी, आजाद अंसारी, एनामुल अंसारी, परमेश्वर बेदिया, शिव शंकर बेदिया, रितुलाल बेदिया, राजु बेदिया, मनीर अंसारी, श्यामलाल करमाली, सेवधर बेदिया, जुगेश्वर बेदिया, सोहराय बेदिया, रतन लाल बेदिया, मो इशरत अंसारी ताजुद्दीन अंसारी आदि उपस्थित थे।

## पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी जोन सदस्यो की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** प्रखंड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में विधायक आवासीय कार्यालय में जोन अध्यक्ष संतोष साव की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक रखी गयी है जिसमें सभी जोन सदस्य भी उपस्थित हुए। बैठक में पतरातु जोन के सभी पंचायतों व बुथो में महागठबंन के सभी पंचायत व बुथ अध्यक्षों के साथ समन्वय बनाकर बैठक करने का निर्णय लिया गया। महागठबंन के प्रत्याशी के पतरातु दौरा की भी रणनीति बनाई गयी। दिनांक 1/5/2024 को प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के नामांकन में भारी से भारी संख्या में महागठबंन के नेता व कार्यकर्तागण की जाने पर भी रणनीति बनाई गई। मौके पर मुख्य रूप वरीय कांग्रेसी नेता जय प्रकाश सिंह ननकी, कार्यकारी अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह खरवार, अंजन प्रसाद, रमेश बेदिया, खुशबु देवी, उर्मिला देवी, दीपक उरांव, रफीक अंसारी, अशोक प्रसाद, रामकुमार राम, अमरनाथ राम, सपन दास, गोविंद कुमार, तुषार मिश्रा, सोहेल अंसारी, सकरुल्लाह अंसारी, बबलु राम, जय मेहता, राजेश कुमार, प्रेम मुर्मू, राजेन्द्र कुमार, सनी कुमार, रामकुमार आदि उपस्थित हुए।

### प्री सुब्रतो फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय रामगढ़ के जूनियर बच्चे कोलकाता रवाना हुए



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ में सोमवार को संध्या 5 बजे रामगढ़ पटेल चौक से कोलकाता में आयोजित प्री सुब्रतो फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय रामगढ़ के जूनियर बच्चे एवं खेल शिक्षक रवाना हुवे द्य रवाना होने के समय अभिभावक भी सम्मिलित हुवे। इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले जो बच्चे एवं टीम का खेल शिक्षक रवाना हुए हैं मुख्य रूप से भाग लेने वाले में खेल शिक्षक ( कोच) में सुनीता कुजूर एवं खिलाड़ियों में सावन कुमार शुभम आदर्श अमन प्रेम निखिल कुंदन शिवम ऋतिक शशि बसंत लक्ष्मण लोकेश राहुल सुमित मुख्य रूप से तीन के सदस्य के रूप में कोलकाता रवाना हुए।

### रामगढ़ आरइओ विभाग के कनीय अभियंता दुलमी निवासी अक्षय विक्रम का निधन

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला के आरइओ विभाग के कनीय अभियंता अक्षय विक्रम 40 वर्षीय का रांची स्थित इरबा कैंसर अस्पताल में सोमवार सुबह 11=00 निधन हो गया, बताया गया कि पिछले 6 महीना से बीमार चल रहे थे तथा कैंसर बीमारी से पीड़ित थे, अभियंता का इलाज मुंबई स्थित कैंसर अस्पताल से कराया गया था तथा वे लंबी समय बीमारी से पीड़ित थे पुनः बाद में दयनीय स्थिति को देखते हुए रांची इरबा कैंसर हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था और इलाज के दौरान निधन हो गया वे अपने पीछे दो अंश 6 वर्षीय अंश कुमार एवं 3 वर्षीय वंश कुमार नन्हे मुन्ने व पत्नी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए पिता के एकलौता पुत्र थे, वही पत्नी राखी दहाड़ मार मार कर और छाती फिट कर अचेत हो जा रही थी, अंतिम संस्कार में विभाग डिप्लोमा अभियंता संघ झारखंड के महामंत्री बृजेश कुमार सहायक अभियंता प्रीतम मोदी सहायक अभियंता रामगढ़ वरुण कुमार अभियंता अब्दुल कुदुस अंसारी अभियंता रामगढ़ कुमार अभियंता कुमार गौतम अभियंता राहुल तमसोय, सहायक अभियंता रामकृष्ण कमलेश कुमारश्र राजेश महतो शैलेंद्र महतो शंकर लाल महतो मिनेश्वर महतो,सोनू महतो चितरंजन महतो पंचायत के मुखिया रविंद्र महतो अधिवक्ता मिथिलेश महतो कृष्णा महतो श्यामदेव महतो धनेश्वर महतो जागो महतो सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए।

## ओलिंपियाड के सफल प्रतिभागी हुए सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** ब्लूमकैप एडु वेंचर के द्वारा आयोजित ब्लूम ओलिंपियाड में कोयलांचल के प्रतिष्ठित विद्यालय एला एंग्लाइज सीनियर सेकंडरी विद्यालय के दर्जनों बच्चों ने सफलता का परचम लहराया। ब्लूम ओलिंपियाड के विभिन्न विषयों गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान ,कंप्यूटर ,अर्थशास्त्र, अकाउंटेंसी और इंग्लिश विषयों में विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं से बच्चों ने गोल्ड, ब्रांज और सिल्वर मेडल प्राप्त किए,साथ ही साथ नेशनल रैंकिंग भी हासिल किया। वैभव कुमार गुप्ता को नेशनल रैंक 2,शैलेश कुमार को नेशनल बैंक 11 और अनीश कुमार दास को नेशनल रैंक 6 प्राप्त हुआ। प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में प्राचार्य महोदय के द्वारा सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र ,प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया7 उक्त अवसर पर प्रधानाचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि विभिन्न प्रकार के ओलंपियाड से बच्चों के कंपटीशन लेवल में सुधार आता है उनमें आत्मविश्वास की बढ़ोतरी होती है और विभिन्न प्रकार के समसायिक घटनाओं के बारे में अवगत होते हैं तथा शैक्षणिक स्तर बढ़ता है। प्रतियोगिता में सफल होने वाले बच्चों के नाम इस प्रकार से हैं शैलेश कुमार , साहिन फातिमा, पम्मी कुमारी, पियूष करमाली, जतिन कुमार कुशवाहा, अनिल कुमार दास, शिवांशु शेखर, माही कुमारी, जरा हयात , रिचा कुशवाहा ,वैभव कुमार गुप्ता इत्यादि बच्चों की सफलता पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षकाओं द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

## अर्थशास्त्र विभाग ने पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय, रामगढ़ के अर्थशास्त्र विभाग ने मतदान जागरूकता फैलाने के संबंध मे पोस्टर प्रतियोगिता आयोजन किया जिसमे स्नातक एवम स्नाकोत्तर के छात्र- छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने कहा की इस तरह की प्रतियोगिता होते रहनी चाहिए ताकि नागरिको को अपने मुलभूत अधिकारों की जानकारी होते रहे और अपनी उजवल भविष्य कि ओर अग्रेषित होते रहे। विभाग के विभागाध्यक्ष नवीन कुमार ने कहा किसी भी लोक तांत्रिक देश के लिए मतदान बहुत ही जरूरी है। देश मे देश के नागरिक के द्वारा शाशक का चयन करना मतदान कि प्रक्रिया के वजह से ही होता है। मतदान कि वजह से ही आम आदमी अपने इच्छा अनुसार ईमानदार और नेक प्रतिनिधि को चुन सकता है और देश को अच्छी सरकार मिल सकती है। इस मौके पर विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी, कुलसचिव डॉ.निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार ,परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि, प्रबंध समिति के सदस्य श्री अजय कुमार , विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्यातागण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## पतरातू में दर्दनाक हादसा, एक बच्चे की मौत, तीन घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पतरातू थाना क्षेत्र के अंतर्गत पतरातु-रांची मुख्य मार्ग वीणा टॉकीज के समीप सोमवार लगभग 10=30 बजे एक टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें सवार चार वर्षीय आयुष कुमार पिता राजू महतो की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं टेंपो में सवार खलारी निवासी जगमोहन महतो 55 वर्ष,अर्जुन महतो 30 वर्ष और पीटीपीएस निवासी अशोक कुमार 40 वर्ष गम्भीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि अशोक कुमार पैदल चल रहे थे। जिसे अनियंत्रित टेंपो ने अपनी चपेट में ले लिया। तीनों घायलो को चेहरे और शरीर अन्य हिस्सों में गम्भीर चोटे आई है। इधर,घटना कि सूचना मिलते ही पतरातू पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलो को पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलो को बेहतर इलाज के रिम्स रांची रेफर कर दिया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार बुढ़मु रांची के लोग सिरका रामगढ़ से शादी समारोह में शामिल होने के बाद टेंपो संख्या जेएच-01टी-1568 से अपने घर वापस लौट रहे थे। उक्त टेंपो में तीन महिला,पांच पुरुष और पांच बच्चे समेत कुल 13 लोग सवार थे। जो वापसी के क्रम में पतरातू वीणा टॉकीज के निकट टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गई।

## आजसू युवा नेता को मिली जान से मारने की धमकी

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दो पक्षो के बीच चल रहे जमीन विवाद में झलकडीहा पंचायत के उप मुखिया ममता मंडल के पति सह आजसु युवा नेता सहोदर मंडल ने भाजपा नेता जेपी मंडल पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है । वहीं सहोदर मंडल ने बेंगाबाद थाना में आवेदन देकर मामले की जांच कर कारवाई करने की मांग की है । आवेदन में कहा है कि मौजा संरगोडीह में दो प्लाट में खतियानी जमीन है । जबकि एक हिस्सेदार से स्थानीय अनूप हजाम आदि ने जमीन खरीदी । दोनों प्लाट में उसका आधा हिस्सा है। इधर सहोदर मंडन का कहना है की न्याय नहीं मिला तो गिरिडीह एसपी को आवेदन देकर कारवाई की मांग करेगें ।

## लोकसभा चुनाव के लिए 18 लोगों ने खरीदे नामांकन पत्र



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद 18 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे। इस संबंध में अपर नगर आयुक्त प्रकाश कुमार ने बताया कि सामान्य वर्ग के लिए प्रति नामांकन पत्र का मूल्य 25 हजार रुपए तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लिए 12500 रुपए निर्धारित है। सामान्य वर्ग में 14, अनुसूचित जाति में 3 तथा अनुसूचित जनजाति में 1 व्यक्ति ने नामांकन पत्र खरीदा। नामांकन पत्रों की बिक्री कार्यालय अवधि के दौरान कलेक्ट्रेट में की जा रही है। बिक्री काउंटर पर जिला पंचायती राज विभाग के प्रधान सहायक रमेश कुमार तिवारी, शंभु महतो, नंदलाल चौहान मौजूद थे।

## महिला मतदान पदाधिकारियों को मॉक पोल का दिया प्रशिक्षण



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट महिला महाविद्यालय एवं पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज में महिला मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, राजकुमार वर्मा, संजय कुमार ने मॉक पोल, 17 ए रजिस्टर का संधारण, एएसडी वोटर, बाएं हाथ की तर्जनी अंगुली में अमिट स्याही लगाने आदि के संबंध में बताया। प्रशिक्षण के दौरान सेन्टर प्रभारी सह जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी व जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार ने निरीक्षण किया। मौके पर मास्टर ट्रेनर कुमार वंदन, प्रवीण लाला, केके तिवारी, सुभाष, रामलखन कुमार, नीरज मिश्रा सहित अन्य प्रशिक्षक उपस्थित थे।

## निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में सुनैना सिंह किन्नर ने लिया नामांकन पत्र



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में सुनैना सिंह किन्नर ने सोमवार को नामांकन पत्र ले लिया है।उन्होंने दावा किया कि उनका नामांकन ऐतिहासिक होगा क्योंकि पूरे झारखंड राज्य में ही वह इकलौती किन्नर है जो लोकसभा चुनाव में अपने किस्मत आजमा रही है। उन्होंने बताया कि हमारा नामांकन 3 तारीख को पूरे गाजे बाजे के साथ किया जाएगा। हमने जो वादा धनबाद लोकसभा के अपने जजमानों से किया है उसे पूरा करने के लिए पूरी तरह से तत्पर रहूंगी और यह लोकसभा चुनाव हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होगी।

## ढुल्लू महतो के नामांकन व जनसभा को बनायें एतिहासिक : राज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** भारतीय जनता पार्टी धनबाद सदर के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की एक बैठक धनबाद के एक निजी होटल में संपन्न हुआ। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष निर्मल प्रधान ने की। धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा की 30 अप्रैल को धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो नामांकन करेंगे। इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी उपस्थित रहेंगे। उस दिन गोल्फ ग्राउंड में एक जनसभा भी होगी। दोनों महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। प्रत्येक बूथ से अधिक से अधिक उपस्थिती दर्ज कर इसे एतिहासिक बनायें। शक्ति केंद्र के प्रभारी, संयोजक और सहसंयोजक, बूथ अध्यक्ष और पन्ना प्रमुख की उपस्थिति के लिए आप सभी संकल्पित होकर लगे। लोकसभा प्रभारी सुरेश साहू, लोकसभा संयोजक सत्येंद्र कुमार ने कहा की ढुल्लू महतो को भारी मतों से जीत दिला कर संसद में भेजने का काम करें। वहीं जिला अध्यक्ष श्रवण राय ने नामांकन और जनसभा कार्यक्रम मे अधिक से अधिक उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री मिल्टन पार्थसारथी और उमेश सिंह, सदर महामंत्री राजाराम दता ने किया। मौके पर कार्य समिति सदस्य रमेश राही, राजकुमार अग्रवाल, जिला महामंत्री नितिन भट्ट, जिला उपाध्यक्ष संजय झा, मानस प्रसून, विकास सिन्हा, आला पाल, दीपक सिंह, सत्येंद्र मिश्र सहित अन्य उपस्थित थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की लोकसभा आम निर्वाचन की अधिसूचना जारी

# धनबाद संसदीय क्षेत्र में 22 लाख 78 हजार 221 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग




63 एसएसटी, 21 एफएसटी, 21 वीएसटी रहेगी अलर्ट मोड में।
27 आर्म्स लाइसेंस रद्द, 59 के विरुद्ध सीसीए की अनुशंसा।

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने लोकसभा चुनाव 2024 की अधिसूचना जारी करते हुए प्रेस वार्ता का आयोजन कर पत्रकारों से कहा कि जिला प्रशासन स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। जिले में 63 स्टैटिक सर्विलांस टीम, 21 फ्लाइंग स्क्वायड टीम व 21 विडियो सर्विलांस टीम कार्यरत है। 2 एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर भी धनबाद पधार चुके हैं। उन्होंने बताया कि अधिसूचना जारी होते ही उम्मीदवार नामांकन पत्र खरीद कर जमा कर सकेंगे। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 मई 2024 को दोपहर 3:00 बजे तक है। नामांकन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। 7 मई को सुबह 11:00 बजे से नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी। वहीं 9 मई 2024 को दोपहर 3:00 बजे तक नाम वापस लेने की अंतिम तिथि रहेगी। साथ ही बताया कि धनबाद में 25 मई को सुबह 7 बजे से संध्या 5 बजे तक मतदान निर्धारित है। वहीं 4 जून 2024 को मतगणना तथा 6 जून को चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि धनबाद संसदीय क्षेत्र में बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद एवं झरिया को मिलाकर 22 लाख 78 हजार 221 मतदाता है। धनबाद संसदीय क्षेत्र में 1270 भवन में 2539 मतदान केंद्र है। इसमें शहरी क्षेत्र में 1177 और ग्रामीण क्षेत्र में 1362 मतदान केंद्र है। पुरुष मतदाताओं की संख्या 11 लाख 92 हजार 976, महिला 10 लाख 85 हजार 165 व 80 थर्ड जेंडर मतदाता है। उन्होंने बताया कि एसएसआर 24 में 27 अक्टूबर 2023 से 27 अप्रैल 2024 तक 82628 नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा गया है। वहीं 40949 का नाम डिलीट किया गया है। साथ ही बताया कि धनबाद जिले के सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी एवं बाघमारा विधानसभा में 1313 भवन में 2378 मतदान केंद्र है। इसमें शहरी क्षेत्र में 918 व ग्रामीण क्षेत्र में 1183 मतदान केंद्र है। कुल मतदाताओं की संख्या 2046473 है। इसमें पुरुष ... मतदाताओं की संख्या 10 लाख 72 ... हजार 318, ... महिला 9 ... लाख 74 ... हजार 106 व 49 थर्ड जेंडर ... वोटर्स है। धनबाद ... जिले में 172 पर्दानशीन ... व महिला मतदान कर्मियों द्वारा संचालित 19 बूथ है। जबकि पीडब्ल्यूडी मतदान कर्मियों द्वारा संचालित सिंदरी विधानसभा में एक और युवा मतदान कर्मियों द्वारा संचालित धनबाद विधानसभा में एक बूथ है। वहीं टुंडी एवं बाघमारा में एक-एक यूनिक बूथ बनाए गए हैं। इस बार लोकसभा चुनाव में धनबाद जिले में 18 से 19 वर्ष के 24192 पुरुष, 29483 महिला तथा 2 थर्ड जेंडर को लेकर 53677 फर्स्ट टाइम वोटर्स है। 15178 ... तथा 12675 महिलाओं को लेकर 27853 पीडब्ल्यूडी वोटर्स, 3412 पुरुष व 3372 महिलाओं सहित 6784 मतदाता 85 वर्ष अधिक उम्र के है। नामांकन की प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि नामांकन करने के लिए रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष में उम्मीदवार सहित 5 व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे। वहीं कलेक्ट्रेट मेन गेट तक तीन वाहनों को आने की अनुमति रहेगी। वहीं स्वतंत्र उम्मीदवार के लिए अधिकतम 10 प्रस्तावक की अनुमति रहेगी। आदर्श आचार संहिता का पालन करने तथा सुरक्षा के लिए पूरे कलेक्ट्रेट परिसर में सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के सथ ही जिले में अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई जारी है। उत्पाद विभाग ने अब तक 7 लाख 76 हजार 797 रुपए की 3113 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है। जबकि 6 लाख 63 हजार रुपए से अधिक का महुआ जावा जब्त किया है। पत्रकार वार्ता के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने बताया कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न करने के लिए 12 इंटर स्टेट चेक पोस्ट तथा जामताड़ा, गिरिडीह व बोकारो जिले की सीमा पर पांच चेक पोस्ट बनाए गए हैं। अब तक 75 लाख 48 हजार 850 रुपए की अवैध शराब, गांजा सहित अन्य मादक पदार्थ की रिकवरी की गई है। जबकि एक करोड़ 18 लाख से अधिक रुपए का अवैध सामान पकड़ा गया है। एसएसपी ने बताया कि 1241 लाइसेंसी आर्म्स धारकों में 906 ने अपने हथियार जमा कराए हैं। 251 हथियार को जमा कराने से विमुक्ति प्रदान की है। वहीं 27 के आर्म्स लाइसेंस रद्द किए हैं। उन्होंने बताया कि जिनका 10 साल में आपराधिक इतिहास रहा है वैसे 4886 लोगों को चिह्नित कर 3192 का सत्यापन किया गया है। 1445 पर प्रीवेंटिव एक्शन लिया है। 336 लोगों का नाम गुंडा पंजी में दर्ज किया है।

## नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि तक कलेक्ट्रेट के पास रहेगी नो एंट्री



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** लोकसभा चुनाव के लिए 29 अप्रैल से नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि, 6 मई तक, मेमको मोड़ और निरंकारी चौक से कलेक्ट्रेट तक सुबह 10:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक नो एंट्री रहेगी। जिन व्यक्तियों का आवासन स्थल मेमको मोड़ से निरंकारी चौक के मध्य स्थित है उनका आवागमन मेमको मोड होकर नहीं बल्कि निरंकारी चौक होकर ही होगा। वहीं नामांकन करने आये उम्मीदवार के साथ आये वाहनों में से मात्र 03 वाहन ही मेमको मोड़ से समाहरणालय गेट तक जाएंगे। शेष वाहन मेमको मोड़ से गोल बिल्डिंग के तरफ जाने वाले 8 लेन (सर्विस लेन) में पार्किंग करेंगे। किसान चौक से मेमको मोड़ के तरफ आने वाले वाहन को निरंकारी चौक से कुर्मीडीह चौक होते हुए मेमको मोड़ आ सकेंगे। उम्मीदवार के साथ आने वाले वाहनों को मेमको मोड़ से गोल बिल्डिंग के तरफ सर्विस लेन में, मेमको मोड से कुर्मीडीह की तरफ सर्विस लेन में एवं निरंकारी चौंक से कुर्मीडीह चौंक के किनारे खाली जगह पर पार्क करेंगे।

# आतंक का खात्मा कर कोयलांचल को बनायेंगे विकसित : अनुपमा सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद लोकसभा इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह झरिया विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में सघन दौरा कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील लोगों से की है। सर्व प्रथम कतरास मोड़ में मजदूर नेता स्व सूर्यदेव सिंह व स्व नीरज सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उसके बाद लक्ष्मीनिया मोड़ से इंदिरा चौक तक रोड शो किया गया। अनुपमा ने कहा कि कोयलांचल सहित पूरे धनबाद लोकसभा क्षेत्र में भय और आतंक को खत्म करने के साथ धनबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए कल्याणकारी कार्यों को धरातल पर उतारना एवं विकास संबंधित कार्यों को करना पहली प्राथमिकता होगी। कहा की चुनाव प्रचार के क्रम में लोगों का अपार स्नेह देख कर हमें विश्वास है कि कांग्रेस पार्टी धनबाद लोकसभा से ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष विक्रम यादव, नवीन सिंह, गणेश बहादुर, पार्षद हुलासो देवी, इरफान खान चौधरी, पिंटू तुरी, बाबू अंसारी, सूरज वर्मा, महेंद्र पासवान, वीरेंद्र बहादुर, आनंद मोदक, टीपू साव, संतोष लाल, दीपक सिंह, आरिफ खान, मो फैज, गौतम पासवान, मुनमुन सिंह, राजेश सिंह समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## निवर्तमान पार्षदों के साथ ढुल्लू महतो ने की बैठक, सभी ने दिया समर्थन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** नगर निगम धनबाद के निवर्तमान पार्षदों द्वारा पार्षद अशोक गुप्ता के नेतृत्व में एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो को समर्थन देने के साथ उन्हें सम्मानित किया गया। समर्थन में सभी 35 पार्षदों ने प्रत्याशी ढुल्लू महतो को अत्यधिक वोटों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। ढुलू महतो ने सभी पार्षदों का धन्यवाद दिया और सभी से भाजपा को वोट करने की अपील की। पार्षद मनोरंजन सिंह ने कहा कि धनबाद लोकसभा प्रत्याशी जो सदैव गरीब गुरबों, मजदूरों और आम नागरिकों की सेवा और मदद करने का काम किये हैं। धनबाद का तब ही विकास होगा जब हम सभी जनतागण ढुल्लू महतो को भारी मतों से विजयी बनायेंगे। अंकेश राज उर्फ पप्पू साव ने कहा कि भाजपा ने इस बार एक युवा नेतृत्व को मौका दिया हैं जो सभी वर्गो का विकास करने के लिए वचनबद्ध हैं।

पार्षद अंदिला देवी, पार्षद सुमन अग्रवाल ने महिलाओं के लिए नरेंद्र मोदी के द्वारा किये गए कार्यो की प्रशंसा करते हुए ढुल्लू महतो के पक्ष में सभी को वोट दिलाने का वादा किया। सभी पार्षदों के संबोधन और समर्थन के बाद ढुल्लू महतो ने धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

## रांची-आरा और राउरकेला-जयनगर एक्सप्रेस में स्लीपर क्लास में लगेगा 01-01 अतिक्ति कोच

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पूर्णिया कोर्ट-अमृतसर जनसेवा एक्सप्रेस में साधारण श्रेणी का 01 कोच एवं रांची-आरा एक्सप्रेस तथा राउरकेला-जयनगर एक्सप्रेस में स्लीपर क्लास का 01-01 अतिरिक्त कोच का संयोजन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1.दिनांक 06.05.2024 से अमृतसर से खुलने वाली गाड़ी सं. 14618 अमृतसर-पूर्णिया कोर्ट जनसेवा एक्सप्रेस में तथा दिनांक 08.05.2024 से पूर्णिया कोर्ट से खुलने वाली गाड़ी सं. 14617 पूर्णिया कोर्ट-अमृतसर जनसेवा एक्सप्रेस में साधारण श्रेणी का 01 अतिरिक्त कोच का स्थायी रूप से संयोजन किया जायेगा ।

2.दिनांक 02.05.2024 से 01.07.2024 तक रांची से खुलने वाली गाड़ी सं. 18640 रांची-आरा एक्सप्रेस में तथा दिनांक 03.05.2024 से 02.07.2024 तक आरा से खुलने वाली गाड़ी सं. 18639 आरा-रांची एक्सप्रेस में स्लीपर क्लास का 01 अतिरिक्त कोच का अस्थायी संयोजन किया जायेगा ।

3.दिनांक 02.05.2024 से 29.06.2024 तक राउरकेला से खुलने वाली गाड़ी सं. 18105 राउरकेला-जयनगर एक्सप्रेस में तथा दिनांक 03.05.2024 से 30.06.2024 तक जयनगर से खुलने वाली गाड़ी सं. 18106 जयनगर-राउरकेला एक्सप्रेस में स्लीपर क्लास का 01 अतिरिक्त कोच का अस्थायी संयोजन किया जायेगा ।

## अनुमंडल पदाधिकारी ने लिया विधि व्यवस्था का जायजा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद कलेक्ट्रेट में नामांकन पत्रों की बिक्री व नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस संदर्भ में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर नामांकन प्रक्रिया के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि नामांकन की प्रक्रिया कलेक्ट्रेट में जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में की जाएगी। नामांकन के दौरान निरंकारी चौक से मेमको मोड़ तक (नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 मई 2024 तक) सुबह 10 बजे से संध्या 4 बजे तक नो एंट्री लागू है। साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू है। इस दृष्टिकोण से कलेक्ट्रेट, निरंकारी चौक तथा मेमको मोड़ का निरीक्षण कर वहां प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों को आदर्श आचार संहिता एवं विधि व्यवस्था संधारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने देर शाम कोहिनूर मैदान स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इलेक्शन कमीशन ऑफ़ इंडिया के निर्देशानुसार ईवीएम के प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद वेयरहाउस में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को धनबाद, झरिया, बाघमारा, निरसा, टुंडी व सिंदरी विधानसभा के अनुसार अलग-अलग किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विधानसभावार रखे ईवीएम का निरीक्षण किया। ईवीएम को संबंधित वज्रगृह में सुरक्षित तरीके से पहुंचाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज़ अहमद, नियोजन पदाधिकारी आनंद कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## अंजुमन तरक्की उर्दू कांफ्रेंस का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** 28 अप्रैल को मदर हलीमा स्कूल, भूली रोड, धनबाद में अंजुमन तरक़्क़ी उर्दू (हिंद) धनबाद का जिला सम्मेलन का आयोजन वरिष्ठ शायर एवं लेखक उल्फ़त मुजफ्फरपुरी की अध्यक्षता एवं इम्तियाज़ बिन अज़ीज़ के सफल संचालन में सम्पन हुआ, जिसके मुख्य अतिथि एम ज़ेड खान (केंद्रीय प्रतिनिधि,रांची) थे। इस सम्मेलन में अफ़ज़ल अनीस (बोकारो के संयोजक), अहमद निसार (आलमी फलक के संपादक), गुलाम वारिस, मंज़र खान, इम्तियाज़ ग़दर, मो. अनवर, नसीम अख्तर, मो. मुस्तकीम, गुलाम ग़ौस आसवी, यूनुस फ़िरदौसी आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विशिष्ट अतिथि को बुके देकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन में इम्तियाज़ ग़दर पर लेखक मो. अनवर (गोमो) द्वारा लिखित पुस्तक इम्तियाज़ ग़दर- फ़न और शख़्सियत का विमोचन उल्फ़त मुजफ्फरपुरी, हसन निज़ामी, एमजेड खान, एसएम रिज़वी ने किया।


श्रम अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा
Email-ID-bocgarhwa@gmail.com

प्रेस विज्ञप्ति

**Heat wave** से बचाव के लिए औद्योगिक क्षेत्रों/प्रतिष्ठानों/खनन क्षेत्रो/शहरी क्षेत्रो/पुल निर्माण/सड़क निर्माण/भवन निर्माण/नहर निर्माण/ईट भट्टा/क्रसर एवं मनरेगा अंतर्गत कार्यरत श्रमिको को कार्य स्थलो पर नियोजको द्वारा निम्न सुविधाएं उपलब्ध कराया जाना है:–

1. कार्य स्थलो पर शीतल पेयजल के लिए प्याउ की सुविधा उपलब्ध कराना।
2. औद्योगिक क्षेत्र/खनन क्षेत्र/नगरीय क्षेत्र के श्रमिको के लिए आश्रय स्थलों पर शुद्ध पेयलज, छॉछ, **First Aid Kit with Ice Pack** के साथ पर्यापत मात्रा में **ORS** की व्यवस्था कराना।
3. **Peack Hour** में कठिन कार्य के समय को सुविधानुसार परिवर्तित कराने के संबंध में दिशा निर्देश निर्गत करना।
4. बाहरी गतिविधियों में आराम के समय एवं उनकी आवृत्ति में अभिवृद्धि कराना।
5. उच्च ताप वाले क्षेत्रों में हल्के कार्यों को कम समय के लिए दिया जाना।
6. गर्भवती महिलाओं एवं **Medical Condition** वाले श्रमिको को अत्यधिक ध्यान दिये जाने के संबंध में दिशा–निदेश निर्गत करना।
7. श्रमिकों को **Heat Wave Alert** की सूचना समय–समय मर महैया कराना।
8. उद्योग/वाणिज्यिक संस्थानों में **Heat Wave** से संबंधित बीमारियों के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाना।
9. स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर स्वास्थय कैंप लगवाना।

श्रम अधीक्षक,
गढ़वा।

PR.NO.324192 Labour Employment and Traning(24-25):D

# कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह में एक्स-रे मशीन का किया गया लोकार्पण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कल्याण विभाग झारखंड सरकार के द्वारा वित्त पोषित एवं विकास भारती बिशनपुर के द्वारा संचालित कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह लोहरदगा में मेडिकेयर एनवायरमेंटल प्राइवेट लिमिटेड के सामाजिक दायित्व कार्यक्रम सी एस आर के तहत एक एक्स-रे मशीन का लोकार्पण कार्यक्रम किया गया। मौके पर उपस्थित विकास भारती बिशुनपुर के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने मेडिकेयर संस्था का आभार प्रकट करते हुए कहा कि कुछ तकनीक गुणवत्ता युक्त एक्स-रे मशीन के अस्पताल में आ जाने से इस पिछड़े जनजातीय बहुल इलाके के गरीब वृद्ध आम जनों को काफी लाभ मिल सकेगा। साथ ही अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकों को भी एक्स-रे के लिए मरीज को रेफर करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। मौके पर उपस्थित मेडिकेयर संस्था के यूनिट हेड अनिल कुमार ने कहा कि उपायुक्त लोहरदगा एवं जिला प्रशासन के दिशा निर्देश के आलोक में यह पुनीत कार्य का अवसर मेडिकेयर संस्था को मिला जिसके तहत सामाजिक दायित्व के निर्वहन करते हुए मेडिकेयर के द्वारा आज एक्सरे मशीन अस्पताल को सौपा जा रहा है। जिससे आम जनों को लाभ मिलेगा और पीड़ित मानवता की भलाई का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर अस्पताल के प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक ने जिला प्रशासन कल्याण विभाग एवं मेडिकेयर संस्थान के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा पहल करते हुए एक्स-रे मशीन मिला इसके लिए संस्थान आभार प्रकट करती है और इस मशीन के द्वारा असंख्य मरीजों का कल्याण किया जाएगा। इस अवसर पर संस्थान के डॉक्टर एस के सिन्हा, डॉक्टर भगवान मांझी, डॉक्टर अजीत कुमार अग्रवाल, डॉक्टर नेहा ज्योति मधुर,डॉक्टर आस्था सिन्हा, मेडिकेयर संस्थान के यूनिट हेड अनिल कुमार, रोहित सिंह देव, नरेंद्र कुमार सहित अन्य टीम के साथ एवं कल्याण अस्पताल के राजीव रंजन सिन्हा मुकेश साहू राम स्वार्थ महतो जन्म जय महतो दिलीप नायक रॉबिन सहदेव सहित विकास भारती के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कांग्रेसियों ने इंडिया प्रत्याशी सुखदेव भगत के पक्ष में चलाया जन सम्पर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** कांग्रेसियों ने युवा कांग्रेस बिशुनपुर विधानसभा अध्यक्ष इमरान आज़ाद के नेतृत्व में सेन्हा प्रखंड बस्ती में जन सम्पर्क अभियान चलाया गया। जनसम्पर्क अभियान के दौरान कांग्रेस का गारंटी कार्ड घर घर जा कर लोगो को दिया गया। जिससे लोगो मे काफ़ी उत्साह देखने को मिला तथा लोगो से इस बार केंद्र में सरकार बनाने के लिये लोहरदगा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्यासी को जिताने का आग्रह किया गया। साथ ही कहा कि केंद्र की तानासाही भाजपा सरकार को उखाड़ फेखना है। नरेंद्र मोदी की सरकार जो भारत के गिने चुने 20-25 लोगो को करोड़पति बना रही है। और बाकि लोगो को बेरोजगार बना कर रखी है। इसलिए इस बार हाथ बदलेगा देश के जनताओं और युवाओं का हालात को जो 20-25 लोगो को नहीं करोड़ो लोगो को लखपती बनाएगा। इसलिए इस बार लोहरदगा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्यासी को जीता कर लोकसभा भेजना है। और राहुल गांधी का हाथ को मजबूत करना है। मौके पर जवाहर बाल मंच के अध्यक्ष इम्तियाज़ अहमद, ओबीसी प्रकोष्ठ से संतोष महतो, युवा विधानसभा महासचीव जाहिद अंसारी, कोषाध्यक्ष मोदसिर अंसारी के अलावे सुखदेव उराँव, राजु उराँव, मीडिया प्रभारी सफीक अंसारी, अल्पसंख्यक जिला सचिव रुस्तम अंसारी, सेन्हा पंचायत अध्यक्ष राजेश राम सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नवोदय विद्यालय में प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार लोहरदगा जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित प्रेरणा उत्सव का शुरुवात विद्यालय के प्रचार्य अवनीश चंद्र झा तथा शिक्षकों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम में जिले भर के 25 विद्यालय के 9 वी और 12 वी कक्षा के 67 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें निबंध लेखन,कविता, पेंटिंग, नारा, म्यूजिक के द्वारा प्रतिभागियों का चयन किया जा जाना है.जिसमें 30 विद्यार्थियों 15 छात्र व 15 छात्राओं का चयन कर जिला भैजा जाएगा। जिला द्वारा साक्षात्कार कर दो छात्र छात्रा का चयन कर गुजरात राज्य अन्तर्गत बाड़नगर गुजरात भैजा जाएगा। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षा प्राप्त की थी। प्रधानाचार्य अवनीश चंद्र झा ने बताया कि प्रेरणा उत्सव का आयोजन विद्यार्थियों के लिए अनुभवजन्य शिक्षा प्राप्त करने का एक स्वर्णिम अवसर प्रदान करता है। इसका मुख्य उद्देश्य है की बच्चों में जागृति पैदा करना, भारतीय संस्कृति और इतिहास के बारे में जानकारी रखना और अपने को पहचानने को लेकर यह आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य है शौर्य,साहस और परिश्रम तथा समर्पण, करुणा एवं सेवा विविधता एवं एकता, सत्य, निष्ठा सुचिता, नवाचार और जिज्ञासा श्रद्धा और विश्वास स्वतंत्रता और कर्तव्य इसी थीम पर बच्चों को जानकारी दी जा रही है। मौके पर प्रचार्य अवनीश चंद्र झा के अलावे शिक्षक डी कुमार, के ऐ प्रसाद, प्रेरणा प्रभारी ऐ ई केरकेट्टा, एन एन किशोर, सुजीत कुमार, सीमा कुमारी जायसवाल, सुनील कुमार, लोहरदगा के शिक्षक अभिजीत अरविंद तिग्गा, डीएबी के शिक्षक सतीश कुमार पाठक,संत अन्ना के पंकज कुमार पाठक, उर्सलाइन स्कूल के शिक्षक हेमलता एक्का, राजेश कुमार भगत सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षकए उपस्थित थे।

## दिवंगत बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा के अंतिम संस्कार में पहुंचे विधायक भूषण बाड़ा, न्याय दिलाने का दिया आश्वासन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विशुनपुरा के दिवंगत बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा का अंतिम संस्कार देर शाम सिमडेगा प्रखंड के भवरपानी में किया गया। उनके दफन क्रिया में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा भी देर शाम शामिल हुए। मौके पर दिवंगत बीडीओ के परिजनों से मिलते हुए इस दुःख की घड़ी में परिजनों का ढांढ़स बंधाते हुए परिजनों के साथ खड़ा रहने का भरोसा जताया। वहीं दिवंगत बीडीओ के आत्मा की शांति के लिए भी ईश्वर से प्रार्थना की। विधायक ने परिजनों से दिवंगत बीडीओ के मौत के कारणों की भी जानकारी लेते हुए परिजनों को न्याय दिलाने का अस्वाशन दिया। विधायक ने दिवंगत बीडीओ के निधन पर गहरी शोक संवेदना भी ब्यक्त की। विधायक ने कहा कि वे मामले कि जानकारी मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को देते हुए निष्पक्ष जांच की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि दिवंगत बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा जिंदादिल इंसान थे। उनके दिल में सिमडेगा बसता था। उनके निधन से सिमडेगा जिला को गहरा आघात पहुंचा है। उनकी कमी न सिर्फ हमेशा सिमडेगा जिलेवासियों को बल्कि राज्य को भी खलेगी। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में जिप सदस्य जोसिमा खाखा,नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, नगर प्रभारी शशि गुड़िया, विधायक प्रतिनिधि अरविंद लुगुन, इम्तियाज हुसैन, उर्मिला केरकेट्टा, इंदुरानी, अनूप मिंज, रवि सुरीन, रवि मिंज भी शामिल हुए।

## एमबी डीएवी विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शितेश कुमार पाठक व आरती कुमारी ने नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया। नृत्य एक मंत्रमुग्ध कर देने वाली कला है जो सदियों से मानव संस्कृति का हिस्सा रही है। यह सिर्फ संगीत की ओर बढ़ने के बारे में नहीं है; यह भावनात्मक अभिव्यक्ति, शारीरिक फिटनेस, आत्मविश्वास बढ़ाने, सांस्कृतिक महत्व,कहानियाँ सुनाने और दूसरों से जुड़ने का एक तरीका है। विद्यार्थियों को नृत्य के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कक्षा नौवीं व दसवीं के विद्यार्थियों के मध्य नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम में शिक्षिका ज्योति पांडे ने मंच संचालन किया। जिसमें सोनम कुमारी व आदि वैष्णवी ने प्रथम, अस्मिता गौतम व आद्या कुमारी ने द्वितीय तथा तृषा कुमारी ने तृतीय स्थान अर्जित किया। शिक्षक श्रवण कुमार पाठक व शिक्षिका प्रतिमा साहू ने निर्णायक की भूमिका निभाई। मौके पर माननीय प्राचार्य महोदय श्री जी पी झा ने विद्यार्थियों को नृत्य से संबंधित महत्वपूर्ण बातों को बताते हुए विद्यार्थियों में नृत्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास करने का प्रयास किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में परमित कुमार, कैलाश प्रसाद, रुचिर मृगेंद्र व पूनम सिंह ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सड़क दुर्घटना में चार युवक घायल, अस्पताल ले जाने के दौरान दो की हुई मौत



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र अन्तर्गत लोहरदगा घाघरा मुख्य पथ पर सेन्हा वन विभाग का लकड़ी डीपू के समीप लोहरदगा तरफ से आ रहा अल्टो कार संख्या जेएच 01 एन 5734 ने अनियंत्रित होकर पेड़ में टक्कर मार दिया जिससे कार छतीग्रस्त हो गया। और कार में सवार बक्सीडीपा लोहरदगा के चार युवक घायल हो गए है। घटना की सूचना मिलते ही सेन्हा थाना पुलिस पँहुच सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस के सहारे और ग्रामीणों की मदत से लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया गया। वही घायलो में दो युवकों की स्थिति नाजुक बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि लोहरदगा तरफ से ऑल्टो वाहन काफी तेज रफ्तार से सेन्हा की जा रहा था तभी अनियंत्रित हो पेड़ से टकरा गया। जिसमें सवार चारो युवक बुरी तरह घायल हो गए। जिसे सभी घायलों का इलाज लोहरदगा सदर अस्पताल में हो रहा है। घायलों की पहचान किस्को थाना क्षेत्र के अनीश उराँव, सूरज उराँव तथा सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा ढोंढा टोली निवासी अनु उराँव, चंदू उराँव, अनुज उराँव है। जिसमे अस्पताल ले जाने के क्रम में अनीश उराँव और अनु उराँव की मृत्यु हो गई।

## अगलगी से किसान का फसल बाल बाल बचा अलान जल कर हुआ राख



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र के प्रखंड मुख्यालय के समीप राजकीय उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय प्रांगण में सोमवार को सफाई के उपरान्त बच्चो ने कचड़े में आग लगा दिया था। जिसे उतपन हुई आग का चिंगारी बागान में जा पहुंचा और पते में आग लग गई। धीरे धीरे आग की लपटें फैलता चला गया और स्थानीय किसान अमित कुमार महतो का बारी में बगान के समीप रखा अलान में आग पकड़ लिया। जिससे किसान अमित कुमार महतो का अलान जल गया। जबकि समय से किसान को जानकारी होने के कारण पानी मोटर चालू कर आग पर काबू पाया गया। वही किसान ने विद्यालय के शिक्षक की लापरवाही बताते हुए कहा कि शिक्षकों का ध्यान नही होने तथा बच्चो को सही मार्गदर्शन नही देने के कारण बगान में आगजनी हुआ है। जिसे लापरवाही के कारण रखा हुआ अलान जल गया। वही बताते हुए किसान ने विद्यालय के शिक्षकों पर आरोप लगाते हुए हुई नुकसान की मुआवजा का मांग किया जा रहा है। इस संदर्भ में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाधियापिका रेणु मिश्रा ने कहा कि विद्यालय में साफ सफाई कार्य के बाद बच्चो ने जमा हुआ गंदगी में आग लगा दिया और गर्मी के मौसम होने तथा हवा का रुख बदलने के कारण आग की चिंगारी बगान में उड़ कर चला गया। जिसपर किसी का ध्यान नही होने के कारण आग का रूप विकराल हो गया और रखे हुए किसान का अलान में आग पकड़ लिया जिससे किसान को काफी नुकसान हुआ है।

## मतदाता जागरूकता को लेकर मानव श्रृंखला कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदाता जागरूकता हेतु आज सोमवार को स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मानव श्रृंखला बनायी गई। यह मानव श्रृंखला उर्सुलाइन कॉन्वेंट बालिका विद्यालय से बरवाटोली तक दोनों ओर बनायी गई थी। कार्यक्रम में क्रिकेट खिलाड़ी व डिस्ट्रिक्ट आइकॉन आशीष कुमार शामिल हुए। उन्होंने आगामी 13 मई 2024 को लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत लोहरदगा जिला में होनेवाले मतदान को लेकर अपील की। कहा कि इस बार दिन भर यानी सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होना है। ऐसे में चूके नहीं, अपना मतदान अवश्य करें। सीता पुष्पा,वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निदेश पर स्वीप के कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। लोहरदगा जिला में स्वीप अंतर्गत कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित हुई हैं। मतदाताओं तक मतदान की तिथि का आमंत्रण विभिन्न माध्यम से भेजा जा रहा है। ऐसे में आप सभी इस पहल को सफल बनाएं। नगर परिषद प्रशासक जयपाल ने क्षेत्रीय भाषा में गाना गा कर लोगों से 13 मई को मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में स्वीप कोषांग, नगर परिषद और मीडिया कोषांग के कर्मी शामिल हुए।

## गांव का सर्वांगीण विकास करना ही मोदी जी का मुख्य लक्ष्य : नागेंद्र त्रिपाठी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल अंतर्गत निगनी शक्ति केंद्र की बैठक मंडल अध्यक्ष सूरज दसोंधी के नेतृत्व में बाजार टाड़ के समीप आयोजित की गई जिसमें मुख्य रूप से क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र त्रिपाठी एवं जिला अध्यक्ष मनीर उराँव, सूरज मोहन साहू उपस्थित रहे। बैठक में शक्ति केंद्र अंतर्गत आने वाले सभी बूथों के अध्यक्ष एवं बूथ समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक को मुख्य रूप से संबोधित करते हुए नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा हम सभी भारतीय जनता पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं अन्य पदों से सुशोभित बाद में होते हैं। पहले हम एक कार्यकर्ता है जो की बूथ पर संघर्ष करते है बूथ जितना ही हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इस बार की लोकसभा चुनाव में हमारी जीत से बाहरी षड्यंत्रकारियों के ऊपर बहुत बड़ा प्रहार होगा जो हमारे राष्ट्र के प्रति कई प्रकार के सढयंत्र कर रहे हैं। जिससे हमारा देश आपस में उलझ जाएं परंतु आज हमसभी लोग जानते हैं कि मोदी जी के कार्यो ने सर्वांगिक विकास गरीब, गांव का विकास को प्राथमिकता में रखा है और जब गांव,गरीब का विकास होगा तभी देश का विकास होगा ऐसा मोदी जी एवं भारतीय जनता पार्टी कहती आ रही है और इसीलिए सारी योजनाएं आम गरीब पिछड़े लोगों के लिए बनाई गई है।

## एस.के. बागे महाविद्यालय में जीवन कौशल पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** एसके बागे महाविद्यालय कोलेबिरा में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं पिरामल फाऊंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में बच्चों को जीवन कौशल पर आधारित कार्यशाला आयोजित किया गया। यह कार्यशाला युवाओं को स्वयं के बारे में जानने, अपने डर को दूर करने, अपने सपनों को पहचानने, अपने गांव की समस्याओं पर बात करने पर जोर दिया गया। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. अनूप गुप्ता ने बताया कि वर्तमान युग को युवा युग कहा जाता है जिसमें हमारे समाज के युवाओं को नए नए कौशल विकास पर ध्यान देना चाहिए और समाज में सहयोग देना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरचित कुमार सिन्हा ने बताया की युवाओं के विकास करने के लिए ऐसे कार्यक्रम होते रहना चाहिए और समाज से जुड़कर ही युवाओं का विकास संभव है। यह कार्यक्रम बच्चों के जीवन कौशल में सुधार और समाज में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए अच्छी पहल है। इसमें उपस्थित सभी व्यक्तियों ने युवाओं के विकास के लिए अपना योगदान दिया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाचार्य अनूप कुमार गुप्ता एवम आरके शास्त्री, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो.सुरजीत सिन्हा, डॉ. रीना जया, डॉ.स्नेहलता सिन्हा, संजय प्रसाद, गांधीफेलो तनुश्री सरकार, रितेश मिश्रा एवं सभी छात्र छात्राए उपस्थित थे।

## क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने चुनावी कार्यालय का किया उद्घाटन

### कहा, मोदी जी के नेतृत्व में लगातार पूरे विश्व में मिले भारत की पहचान से विपक्ष बौखला गई है



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन स्थानीय चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के समीप भारतीय जनता पार्टी क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र त्रिपाठी के द्वारा की गई। इस मौके पर पूर्व विधायक सधनु भगत,पूर्व विधायक सह विधानसभा प्रभारी कमलेश उराँव,जिला प्रभारी सह प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव,पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रज बिहारी प्रसाद,राजकिशोर महतो,मदन मोहन पाठक,राकेश प्रसाद उपस्थित थे। क्षेत्रीय संगठन मंत्री चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए कई प्रकार की बातों को उपस्थित कार्यकर्ताओं के बीच में बताया। साथ ही कहा की मोदी जी के अभिवादन को घर-घर तक हम सभी कार्यकर्ताओं के माध्यम से पहुंचाना है। यह 2024 के चुनाव हमारे देश के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है बहुत सारी विदेशी ताकते भी हम भारतवासी को अलग-अलग वर्गों में बांटने के लिए विभिन्न तरह के षडयंत्रिक तंत्र को लगा रखा है जिसमें ऐसे दलों का भी साथ मिल रहा है जो नहीं चाहते कि भारत का एक गौरवशाली पहचान हो जिस प्रकार से वर्तमान में मोदी जी के नेतृत्व में लगातार पूरे विश्व में भारत की पहचान बनी है विकास हुआ है उसे विपक्ष घबरा गया है वह ऐसे विचारधाराओं का भी सहारा लेना उचित समझा रहे जो कि भारत को खोखला करना चाहते हैं भारत में लगातार प्रहार करने की कोशिश की जारी है परंतु भारत की वर्तमान आंतरिक एवं सीमा सुरक्षा एवं पारदर्शी व शक्तिशाली नीतियों के कारण वह सारे मनसूबे ध्वस्त हो जा रहे है। मोदी जी के विचार अंतर्गत भारत का हर मतदाता उनका परिवार है । इसलिए हम सभी एक आम जागरुक व्यक्ति एवं जिम्मेवार व्यक्ति होने के नाते हम अपने मत का सदुपयोग राष्ट्र हित की उन्नति मैं करें यदि राष्ट्र सुरक्षित रहेगी तभी हम राष्ट्र के रहने वाले लोग सुरक्षित रह पाएंगे जिससे हमारे सामाजिक, आर्थिक, व्यावसायिक बगैर बाधा के लगातार विकसित करेंगे। पिछले 10 वर्षो में मोदी जी के नेतृत्व में देश के अंदर कहीं भी कोई बम ब्लास्ट आंतरिक झगड़ा नहीं दिखाई दिए परंतु वही विगत कांग्रेस के शासनकाल में आए दिन बम ब्लास्ट दंगे देखने को मिलते थे । और वही झारखंड की बात करें तो झारखंड एवं झारखंडियों का सम्मान केवल और केवल बीजेपी करती है इसका सबसे बड़ा उदाहरण झारखंड राज्य का स्थापना भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी के द्वारा भाजपा सरकार में हुई। कार्यालय उद्घाटन के दौरान चंद्रशेखर अग्रवाल सूरज मोहन साहू,नीरज कुमार नलिन, सामेला भगत, राजकुमार वर्मा, मीणा बाखला, मीना देवी, मीना देवी, अनिल उरांव, छेदी राम, राजेश महतोअमरेश भारती, लाल निरंजन नाथ शाहदेव, अवधेश सत्यकेतु प्रजापति, पहलवान सिंह, दीपक सराफ, ब्रजेश प्रसाद, धनंजय अग्रवाल, दीपक साहू, संजय महतो, प्रदीप अग्रवाल, बजरंग करूवा, सरोज कुमार, संजय बर्मन, अरविंद अग्रवाल, विजय कुमार साहू, मिर आरिफ, नासिर अंसारी, सहित अन्य उपस्थित थे।

## प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर उरांव ने अनुसूचित जनजाति मोर्चा के साथ की बैठक

### कहा, पूरा आदिवासी समाज भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में डालेंगे वोट, होगा सर्वांगीण विकास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा की कामकाजी बैठक जिला अध्यक्ष अमित लोहरा के अध्यक्षता में बख्शिडिपा स्थित जिला कार्यालय में की गई। बैठक में मुख्य रूप से अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर उरांव एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा के लोहरदगा विधानसभा प्रभारी बजरंग उरांव उपस्थित रहे।मौके पर मोर्चा अध्यक्ष शिव शंकर उरांव ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो एवं राजद की नीति शुरू से ही एक सौदागर की नीति रही है। और झारखंड को बिचौलिए एवं दलालों के हाथों में बेचने का कार्य किया है। कांग्रेस एवं झामुमो के लोगों के पास केवल एकमात्र कार्य रह गया है भोले भाले आदिवासी जनजाति लोगों को गुमराह करना जबकि सारे उनके तथ्य बिना प्रमाणिकता का होता है। कांग्रेस के लोग सफल समृद्ध हो सकता है ऐसी कल्पना भी नहीं की थी आज मोदी जी के नेतृत्व में देश की राष्ट्रपति हमारे आदिवासी समाज से हैं परंतु कांग्रेस के लोगों को यह भी पचाना मुश्किल हो गया और उनके नेताओं द्वारा अभद्र टिप्पणियां करना ही रह गया है। कांग्रेस झामुमो के नेताओ ने अनुसूचित जनजाति के मूल अस्तित्व को आज तक बेचने का ही काम किया है। वर्तमान झारखंड की स्थिति कांग्रेस और जमीन अपनी तुष्टीकरण नीतियों से ऐसे लोगों को संरक्षण दे रहे हैं जो की आने वाले दिनों में हम झारखंड के लोगों के लिए आर्थिक सामाजिक एवं क्षेत्रफल की दृष्टिकोण से बहुत ही हानि पहुंचाने वाली है आज भर भर कर बांग्लादेशी घुसपैठिए गांव-गांव में घूम रहे हैं और कांग्रेस जैसी पार्टियों उन्हें संरक्षण दे रही है उनके आधार कार्ड एवं कागज बनाने में उनका सहयोग कर रही है क्योंकि वैसे लोगों को कांग्रेस अपना वोट बैंक मानती है। परंतु बीजेपी के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है वह राष्ट्र के संबंध में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं कर सकती इसलिए हमें बीजेपी जरूरी है और हम जनजातियों का विकास भाजपा सरकार में ही संभव है। आज बहुत सारी ऐसी सुविधा प्राप्त हो रही है जो विगत आजादी के बाद ही प्राप्त हो जाना चाहिए था स्वास्थ्य बीमा आवासीय शिक्षा, आवास, शौचालय, राशन, वनधन योजना, ग्रामीण सड़कें, भगवान बिरसा मुंडा सम्मान सहित अन्य इसलिए हम सभी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ता घर-घर जाकर भाजपा के पक्ष में वोट करने की मांग लोहरदगा लोकसभा प्रत्याशी श्री समीर उरांव के लिए करना और 400 लक्ष्यों को पूरा करना है। बैठक में मुख्य रूप से विशेष जिम्मेवारी प्रभारी के रूप में प्रखंड बार घोषित किया गया जिसमें कैरो प्रखंड रासो तिर्की, लोहरदगा गोसाई भगत, कुडु बेंजामिन लकड़ा, किस्को अमित लोहरा, पेशरार भगवान दास उराँव, भंडरा बिखराम उरांव, सेन्हा दिलीप लकड़ा बनाया गया। बैठक में सुधीर उरांव, संजय महली, लाखो उरांव, जीवन उरांव, विशु उरांव, बालकरण उरांव, बंधन भगत, पंखराज उरांव सहित अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## कई दिग्गजों ने दाखिल किया नामांकन

# पीएम मोदी के नेतृत्व में तेजी से हो रहा है देश का विकास : राजनाथ सिंह





एजेंसी

**लखनऊ** : लखनऊ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह ने सोमवार को नामांकन दाखिल कर दिया। इस सीट पर वह 2014 और 2019 में भारी जीत हासिल कर चुके हैं। उन्हें लगातार तीसरी बार लखनऊ लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। नामांकन के मौके पर उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित कई नेता मौजूद रहे।नामांकन के लिए राजनाथ सिंह का रोड शो लखनऊ के भाजपा कार्यालय से शुरू हुआ और वह सैकड़ों की संख्या में अपने कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता बेहद उत्साहित रहे और तीसरी बार उनकी जीत के प्रति आश्वस्त नजर आए। नामांकन के लिए निकलने से पहले राजनाथ सिंह ने लखनऊ के हनुमान सेतु मंदिर में पूजा की। उन्होंने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और हनुमान मंदिर में दर्शन किए। लखनऊ में सोमवार सुबह से ही पार्टी कार्यालय के बाहर समर्थकों का हुजूम देखने को मिला। ढोल नगाड़े के साथ लोग जुलूस में शामिल होने के लिए उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत का विकास तेजी से हो रहा है।

### मेरा सेवा भाव हनुमान जैसा हो : स्मृति ईरानी

अमेठी - केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने आज अमेठी से अपना नामांकन दाखिल कर दिया है. स्मृति ईरानी ने कांग्रेस का गढ़ माने जाने वाली अमेठी से 2019 में राहुल गांधी को हरा दिया था. बीती रात को स्मृति ईरानी हेलमेट लगा कर उत्तर प्रदेश के अपने लोकसभा क्षेत्र अमेठी में स्कूटी पर राइड करते हुए और लोगों से मिलते हुए नजर आई थीं. 48 वर्षीय स्मृति ईरानी लोगों के साथ सेल्फी और तस्वीरें लेते हुए दिखाई दीं. साथ ही उन्होंने बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ भी बातचीत की और अपने क्षेत्र का जायजा लिया.भगवान राम की पूजा-अर्चना करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में ईरानी ने कहा,आज मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि मेरा जन्म ऐसे युग में हुआ, जिसमें हमारे रामलला को एक भव्य समारोह के माध्यम से एक तंबू से भव्य मंदिर में स्थापित किया गया.अमेठी से भाजपा सांसद ईरानी ने कहा,मैंने राष्ट्र की प्रगति, प्रधान सेवक (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी) के अच्छे स्वास्थ्य और भारत के गौरव के लिए रामलला के चरणों में आशीर्वाद मांगा। साथ ही भगवान हनुमान से आशीर्वाद मांगा कि मेरा सेवा भाव उनके जैसा ही हो.भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनाव में ईरानी को एक बार फिर अमेठी सीट से पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया है.

### यहां मैं सब सुख छोड़कर आई हूं रोहिणी आचार्य

**सारण** : लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने बिहार की सारण लोकसभा सीट से नामांकन पर्चा भर दिया है. इस मौके पर लालू यादव, तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव, रबि देवी और मीसा भारती भी मौजूद रहें. नामांकन भरने के बाद रोहिणी ने कहा कि मैं आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति करने नही आई हूं, यहां मैं सब सुख छोड़कर आई हूं. मैं कोई राजनेता नहीं बल्कि आप ही की बेटी बहन हूं और मैं आपके सुख दुख में हमेशा मैं साथ खड़े होने को तैयार हूं.रोहिणी ने कहा कि हमारा लक्ष्य किसी को हराना नही बल्कि जनता को जिताना है. 15 अगस्त से सभी को रोजगार देना है. रक्षा बंधन में सभी बहनों के खाते में 1 लाख रूपए भेजना है. मैं कसम खाती हूं कि मैं हमेशा आपके साथ खड़ी रहूंगी. डबल इंजन की सरकार में लोगों को क्या फायदा पहुंचा है? पिछले 10 वर्षो में बिहार में क्या कोई निवेश आया है? पिछले 10 वर्षो में लोगो के सुविधाओं में कोई बदलाव नहीं आया.इसी के साथ रोहिणी ने कहा कि छपरा में जो भी विकास हुआ वो लालू जी ने और तेजस्वी ने किया. इस बार आप अपनी बेटी पर विश्वास करे और पूरा सहयोग करिए. यकीनन जीतने के बाद आपको गर्व होगा कि आपने मुझे जिताया और सारण उदाहरण बनेगा. रोहिणी आचार्य इन दिनों सारण लोकसभा सीट पर जमकर चुनाव प्रचार कर रही हैं, वो जनता से बेशुमार वादे कर रही हैं. उन्होंने कहा कि अगर प्रदेश की जनता उन्हें जीत का ताज पहनाती है, तो वो हमेशा जनता की सेवा में तत्पर रहेंगी.

## छत्रपति के वंशज और शरद पवार के सिपहसालार के बीच सतारा में जबरदस्त लड़ाई



एजेंसी

**मुंबई** : छत्रपति शिवाजी महाराज की धरती सतारा में इस समय चुनावी लड़ाई अपने चरम पर है। भाजपा ने शिवाजी के वंशज उदयनराजे भोंसले को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। उन्हें शिवाजी महाराज के परिवार का सदस्य होने का लाभ मिल रहा है। जनता के लिए किए गए उनके कामकाज के कारण उनके प्रति लोगों में विशेष सम्मान है। उन्हें इसका चुनावी लाभ भी मिल सकता है। लेकिन सतारा शरद पवार की राजनीतिक जमीन रही है। आज भी सतारा की बाजार मंडियों, व्यापारी संगठनों, कर्मचारियों के यूनियन पर उनका जबरदस्त असर है और एनसीपी (शरद पवार गुट) के लोग इन संगठनों पर काबिज हैं। 1999 से लेकर आज तक यहां पर दूसरी किसी पार्टी का कोई उम्मीदवार जीत नहीं हासिल कर पाया है। इन्हीं संगठनों पर मजबूत पकड़ और शरद पवार के नाम के असर के कारण राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के उम्मीदवार शशिकांत शिंदे सतारा में उदयनराजे को कड़ी चुनौती दे रहे हैं।पवार की इसी पावर का नतीजा था कि बड़ा नाम और बड़ा काम होने के बाद भी उदयनराजे को पिछले चुनाव में यहां से हार मिल चुकी है। हालांकि इस बार मोदी फैक्टर के असर में हो रहे चुनाव में जीत की बाजी किसके हाथ लगेगी, अभी कुछ भी कह पाना मुश्किल है। दोनों पक्षों की अपनी-अपनी मजबूती और अपनी-अपनी खामियां हैं।

### काम पर वोट मांग रही भाजपा

उदयनराजे भोंसले के सहपाठी रहे मनोज कान्हेरे ने बताया कि सतारा में भी पीने के पानी की बड़ी समस्या रही है। उदयनराजे भोसले ने इस समस्या का समाधान करवा कर यहां के लोगों के लिए बड़ा काम किया है। इससे जनता के बीच उनकी छवि एक नायक जैसी हो गई है। उन्होंने यहां के स्टेडियम में 24 करोड़ रुपये की लागत से नई सुविधाओं को लाकर भी युवाओं के दिल में जगह बनाई है। सतारा से अमरावती की तरफ जाने वाले राजमार्ग का निर्माण करा कर भी भाजपा सरकार ने यहां के लोगों के दिल में जगह बनाने में बड़ी सफलता पाई है। भाजपा कार्यकर्ता सुजाता बताती हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छवि, देश में लगातार हो रहे विकास के काम भी यहां पर लोगों को भोंसले के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे।

### अजित पवार की बगावत का ज्यादा असर नहीं

कभी शरद पवार के राजनीतिक उत्तराधिकारी माने जाने वाले अजित पवार इस समय भाजपा के गुट में शामिल हैं। उन्हें पार्टी का चुनाव चिह्न घड़ी भी मिल गया है। माना यही जा रहा था कि अजित पवार की बगावत के कारण शरद पवार को बड़ा नुकसान हो सकता है। लेकिन सतारा में अजित फैक्टर बहुत ज्यादा प्रभावी होता नहीं दिखाई पड़ रहा है। शशिकांत शिंदे पूरी तरह शरद पवार के कामों को याद करते हुए जनता के बीच लोगों से वोट मांग रहे हैं। लोगों का एक वर्ग अभी भी पूरी मजबूती के साथ शरद पवार के साथ खड़ा है।

### शरद पवार हैं शशिकांत शिंदे की ताकत

स्थानीय मंडियों, डेयरी संगठनों, कोऑपरेटिव सोसाइटी, बाजारों और कर्मचारियों के यूनियन में अभी भी शरद पवार के गुट के लोग प्रभावी भूमिका में हैं। वोट डलवाने में इनकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। स्थानीय विधायकों में भी शरद पवार गुट प्रभावी है। जमीनी कार्यकर्ताओं की यह मजबूती शरद पवार गुट के उम्मीदवार शशिकांत शिंदे के पक्ष में जाती है।

शिंदे समर्थकों का कहना है कि उदयनराजे की पकड़ केवल शहरी इलाकों में सीमित है, जबकि शशिकांत शिंदे ने अपने कामकाज से ग्रामीण इलाकों के मतदाताओं पर अच्छी पकड़ बनाई है। इस बल पर वे जीत हासिल करने में सफल रहेंगे।

## दलों के दावे हवाहवाई : दो चरणों में सिर्फ 8 प्रतिशत महिला प्रत्याशियों ने लड़ा चुनाव




एजेंसी

**नई दिल्ली।** राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने को लेकर दलों द्वारा किए जा रहे तमाम दावे खोखले नजर आ रहे हैं। लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों में इसका उदाहरण देखने को मिला। दोनों चरणों में 2,823 उम्मीदवारों में से केवल 235 (आठ प्रतिशत) महिला उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा। राजनीतिक विश्लेषक इस पर गहरी चिंता जता रहे हैं।

### तमिलनाडु, केरल की हिस्सेदारी अधिक

पहले चरण में 135 महिला उम्मीदवारों में से, तमिलनाडु की हिस्सेदारी सबसे अधिक 76 थी। हालांकि यह आंकड़ा राज्य के कुल उम्मीदवारों का सिर्फ आठ प्रतिशत था। दूसरे चरण में केरल में महिला उम्मीदवारों की संख्या सबसे अधिक 24 थी।

### भाजपा ने उतारे ज्यादा महिला उम्मीदवार

दोनों चरणों में भाजपा की तरफ से महिला उम्मीदवारों का प्रतिनिधित्व ज्यादा देखने को मिला। भाजपा ने जहां 69 महिलाओं को मैदान में उतारा, वहीं कांग्रेस ने दोनों चरणों में 44 महिलाओं को मौके दिए।

### ठोस कदम उठाने की जरूरत

राजनीति में इस लैंगिक असंतुलन पर राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि दलों को महिला आरक्षण अधिनियम के लागू होने का इंतजार न कर सक्रिय रूप से महिलाओं को मैदान में उतारना चाहिए। दिल्ली विश्वविद्यालय की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुशीला रामास्वामी ने कहा कि राजनीतिक दलों को महिलाओं की उम्मीदवारी को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. इफ्तिखार अहमद अंसारी ने कहा कि भारत के मतदाताओं में लगभग आधी महिलाएं हैं, लेकिन राजनीति में उनका कम प्रतिनिधित्व कई सवाल खड़े करता है।

## आरक्षण को समाप्त कर देने के फिराक में थे तेजस्वी : नीतीश



एजेंसी

**अररिया** : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अररिया में राजग गठबंधन के भाजपा उम्मीदवार प्रदीप सिंह के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि तेजस्वी प्रसाद के नेतृत्व में महागठबंधन के साथ जब सरकार बनाई थी तो ये लोग सब कुछ खत्म कर देना चाहते थे। पिछड़ा और अति पिछड़ा के आरक्षण को समाप्त कर देने के फिराक में थे।उन्होंने कहा कि महिलाओं को 50 फीसदी का आरक्षण देकर उन्हें स्वावलंबी बनाया गया।शिक्षा और स्वास्थ्य से लेकर हरेक चीजों को प्राथमिकता के तौर पर दुरुस्त किया गया। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जब इनके पिता और माता को मौका मिला तो कोई काम किया नहीं।अब लोगों को झांसा दे रहे हैं।उन्होंने कहा कि 2005 से 2020 तक राज्य सरकार ने 8 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी के साथ रोजगार देने का काम किया। 2020 के बाद 10 लाख सरकारी नौकरी और 10 लाख लोगों को रोजगार से जोड़ने को लक्षित कर रखा था।उन्होंने कहा कि चार लाख लोगों को सरकारी नौकरी दे दी गई है।एक लाख का काम पूरा होने वाला है और 3 लाख लोगों को सरकारी नौकरी और रोजगार देने का काम चल रहा है।उन्होंने कहा कि सारा काम हमलोगों ने किया और वे बोलते फिर रहे हैं कि हमने किया।उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि आखिर उनलोगों ने क्या काम किया।हमने बीजेपी के साथ मिलकर सात निश्चय योजना के तहत बिजली, नल जल,शौचालय,हर गली पक्की नाली और सड़क निर्माण जैसे महत्वपूर्ण काम किए।इससे पहले खगड़िया में लोजपा रामविलास पार्चुटी के उम्मीदवार राजेश वर्मा के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिना नाम लिए लालू परिवार पर जमकर हमला बोला। उन्होने कहा की लालू परिवार सिर्फ अपने परिवार के बारे में सोचता है। जबकि मेरे लिए पूरा बिहार ही मेरा परिवार है। न मैने अपने परिवार को आगे बढ़ाया और न ही प्रधानमंत्री जी ने अपने परिवार को आगे बढ़ाया।

चुनावी जनसभा को बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार चौधरी,एनडीए प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह आदि ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम का संचालन जेडीयू के जिलाध्यक्ष आशीष पटेल ने की।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एनडीए प्रत्याशी राजेश वर्मा के पक्ष में लोगो से वोट देने की अपील की।

## देश में चल रही मोदी लहर : पुष्कर सिंह धामी



एजेंसी

**लखनऊ** : उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लहर चल रही है। 400 पार का आंकड़ा पार होगा। उत्तर प्रदेश के साथ ही संपूर्ण भारत में विकासरूपी कमल खिलाने के लिए जनता-जनार्दन पूरी तरह से तैयार है। पुष्कर सिंह धामी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के नामांकन में शामिल होने लखनऊ आये थे।उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय तथा जब यहां पर गुण्डे बदमाश अपराधियों का शासन हुआ करता था। सपा बसपा की सरकार में वसूली गैंग सक्रिय था। आज उत्तर प्रदेश का देशभर में उदाहरण दिया जाता है। गरीब कल्याण की योजनाएं जन-जन तक पहुंची हैं। 2014 से पहले अनेक योजनाएं आयीं लेकिन वह कुछ लोगों तक ही पहुंची।उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह ने सेना को सशक्त एवं आधुनिक रूप से सुसज्जित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साथ ही जन-जन के बीच भी वे अत्यंत लोकप्रिय हैं। मुझे विश्वास है कि लखनऊ की जनता पुनः प्रचण्ड बहुमत के साथ राजनाथ सिंह को रिकार्ड वोटों से विजयी बनाते हुए नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनायेगी।इंडी गठबंधन के सवाल पर उन्होंने कहा कि सपा कांग्रेस गठबंधन सरकार में कहीं आने वाले नहीं हैं। अपने परिवार को, भ्रष्टाचार को और अपने अस्तित्व को बचाने के लिए दोनों दल साथ आये हैं।पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि लखनऊ पूरा बदला हुआ दिख रहा है। आज आसानी से कुछ ही मिनटों में गोमतीनगर, अलीगंज, निरालानगर पहुंचा जा सकता है। लखनऊ में काफी विकास के कार्य हुए हैं। अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन रहा है। भव्य दिव्य काशी बनी है। उत्तर प्रदेश में निवेश भी खूब हुआ है। यूपी की पहचान एक बीमारू राज्य की थी। आज कानून व्यवस्था की स्थिति अच्छी हुई है।प्रेसवार्ता में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, सह मीडिया प्रभारी हिमांशु दुबे और डॉ. अंकुश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

### जब बंगाल की इस सीट के सांसद बने भारत के राष्ट्रपति

## बेटे ने संभाली फिर विरासत

एजेंसी

**सिलीगुड़ी।** लोकसभा चुनाव 2024 के तृतीय चरण के तहत आगामी सात मई को बंगाल के अन्य तीन लोकसभा क्षेत्रों मालदा उत्तर, मालदा दक्षिण और मुर्शिदाबाद के साथ ही साथ मुर्शिदाबाद जिले के जंगीपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए भी मतदान होने जा रहा है।यह जंगीपुर लोकसभा क्षेत्र पश्चिम बंगाल राज्य के 42 में लोकसभा क्षेत्रों में एक इकलौता ऐसा लोकसभा क्षेत्र है, जहां के सांसद भारत के राष्टपति बने।

इस क्षेत्र से लगातार दो बार, 2004 और 2009 में सांसद निर्वाचित हुए दिग्गज कांग्रेसी नेता प्रणव मुखर्जी देश के पहले बंगाली राष्टपति हुए।

### सांसद रहते हुए चुने गए राष्ट्रपति

जंगीपुर के सांसद रहते हुए ही वह 25 जुलाई 2012 को भारत के 13वें राष्टपति चुने गए और 25 जुलाई 2027 तक भारत के राष्टपति पद पर आसीन रहे। उनके राष्टपति बन जाने के बाद 2012 में जब जंगीपुर लोकसभा सीट खाली हो गई तब उसी वर्ष 2012 में ही उपचुनाव हुआ। उसमें विजयी हो कर प्रणव मुखर्जी के ही पुत्र अभिजीत मुखर्जी जंगीपुर के सांसद बने।

### 2019 में टीएमसी ने जमाया कब्जा

फिर, 2014 में हुए लोकसभा चुनाव में भी जंगीपुर से अभिजीत मुखर्जी ही सांसद निर्वाचित हुए। मगर, 2019 में यह सीट तृणमूल कांग्रेस के खलीलुर्रहमान के हाथों में चली गई।

वही इस बार 2024 के लोसभा चुनाव में भी यहां से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। वहीं, कांग्रेस की ओर से मुर्तजा हुसैन बोकुल और भाजपा की ओर से धनंजय घोष चुनावी मैदान में हैं।

## पंजाब : कांग्रेस ने चार और उम्मीदवारों का किया एलान



एजेंसी

**नई दिल्ली** : कांग्रेस ने सोमवार को चार लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित कर दिए। कांग्रेस ने लुधियाना से अपने प्रदेश प्रधान अमरिंदर सिंह राजा विंग को चुनाव मैदान में उतार दिया है। वहीं पंथक सीट श्री आनंदपुर साहिब से हिंदू चेहरे विजय इंदर सिंगला पर दांव खेला गया है। पार्टी ने खडूर साहिब से कुलबीर सिंह जीरा और गुरदासपुर से पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा को मैदान में उतारा गया है। अब केवल फिरोजपुर से प्रत्याशी का एलान रह गया है। अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग तीन बार गिद्दड़बाहा से विधायक रह चुके हैं। 2019 में उन्होंने बठिंडा से हरसिमरत कौर बादल के खिलाफ लोकसभा का चुनाव लड़ा था और करीब बीस हजार वोट से हार गए थे। वे पंजाब कांग्रेस के सबसे युवा प्रदेश अध्यक्ष हैं। पूर्व मुख्यमंत्री चरण जीत सिंह चन्नी की सरकार में वे पंजाब के परिवहन मंत्री भी रहे। इसके अलावा युवा कांग्रेस के राष्टीय अध्यक्ष भी रहे।

वहीं सुखजिंदर रंधावा फतेहगढ़ चूड़ियां और डेरा बाबा नानक से विधायक रह चुके हैं। चरणजीत चन्नी की सरकार में वे उपमुख्यमंत्री थे। रंधावा की गिनती पंजाब कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में होती है।विजय इंदर सिंगला सिंगला मूलरुप से पटियाला के रहने वाले हैं। वे संगरूर से सांसद रह चुके हैं। सिंगला पिछली कांग्रेस सरकार में लोक निर्माण विभाग व एजूकेशन विभाग के मंत्री भी रह चुके हैं। वे पार्टी के प्रमुख हिंदू चेहरों में से हैं। इससे पहले कांग्रेस की टिकट पर श्री आनंदपुर साहिब सीट से मनीष तिवारी सांसद चुने गए थे। इस बार वे चंडीगढ़ से चुनाव लड़ रहे हैं।कुलबीर जीरा पंजाब यूथ कांग्रेस के उपाध्यक्ष हैं। वे जीरा से विधायक रह चुके हैं।